kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-264 | बुधवार, 29 अक्टूबर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



सौर ऊर्जा केवल बिजली उत्पादन ही नहीं बल्कि सशक्तिकरण और समावेशी विकास का माध्यमः मुर्मु 11

पटना में सीएम नीतीश ने दिया 'उषा अर्घ्य'

## उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ लोक आस्था का महापर्व

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। संतान प्राप्ति,जनकल्याण और सुख समृद्धि की मंगलकामना के साथ लोक आस्था का महापर्व 'छठ' उगते हुये सूर्य को अर्घ्य देकर संपन्न हो गया।

लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, जौनपुर, देवरिया,भदोही, संतकबीरनगर, बलिया, बस्ती, गोरखपुर, कानपुर और नोएडा समेत उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में चार दिवसीय छठ पर्व पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया गया। मंगलवार भोर से ही नदी,सरोवर, तालाब और नहरों के तट पर व्रतधारियों की भारी भीड़ जमा हो चुकी थी। महिला,पुरुष,वृद्ध और बच्चे तट पर उगते सूर्य का इंतजार करते दिखे और लालिमा लिये सूर्य भगवान के दर्शन करने साथ व्रतधारियों ने अर्घ्य देना शुरु किया और अर्घ्य के साथ ही उनकी 36 घंटे का व्रत भी पूरा हो गया। इस दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये गये थे। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिये पुलिस के जवान और गोताखोर घाटों और तटों पर

### भक्ति और आस्था में डूबा रहा पूरा प्रदेश



मौजूद रहे। प्रयागराज से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार चार दिवसीय छठ पूजन समारोह के अंतिम दिन मंगलवार को सूर्य देवता को अर्घ्य अर्पण करने के लिए लाखों महिलाएं प्रयागराज के विभिन्न घाटों पर पहुंची और अर्घ्य देने के बाद उन्होंने अपना व्रत तोड़ा। प्रयागराज में इस पूजा का एक विशेष महत्व इसलिए भी हो जाता है क्योंकि यहां पर दो अलग-अलग नदियों का मिलन होता है जिस वजह से इसकी पौराणिकता और इसकी धार्मिक महत्व में काफी अधिक महत्व बढ़ जाता है। वाराणसी में अर्धचंद्राकार गंगा घाटों पर आस्थावानों का अद्भुत संगम दिखाई पड़ा। रात्रि में हुई बारिश के बावजूद हजारों की संख्या में श्रद्धालु छठी मइया की आराधना को संकल्पित दिखे। जौनपुर में आदि गंगा गोमती के हनुमान घाट, प्रतिमा विसर्जन घाट गोपीघाट समेत विभिन्न घाटों पर उगते सूर्य देव को अर्घ्य दिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में तालाब व जलाशयों में भी उदय होते सूर्य देव को अर्घ्य दिया गया। जिलाधिकारी डॉ दिनेश चंद्र और पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ ने मंगलवार की अल सुबह नाव पर सवार होकर व्यवस्था का जायजा लिया।

छठ महापर्व मनाने के लिए नोएडा सेक्टर 94 स्थित यमुना नदी के कई किलोमीटर घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब एकत्रित हुआ। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए ड्रोन से निगरानी के साथ ही एनडीआरएफ की टीमें लगातार गश्त कर रही थीं। भोर में भक्तों को परेशानी न हो, इसके लिए घाटों पर उचित प्रकाश की व्यवस्था की गई थी। सुबह छह बजकर 30 मिनट पर लाखों श्रद्धालुओं एवं व्रतियों ने अपने अपने छठ पूजा स्थल से कुंड और घाट में उतर जल पर खड़े होकर हाथ में लिए सूप में रखे प्रसाद और जल एवं दुग्ध से विधि विधान पूजा अर्चना की। अयोध्या में छठ महापर्व की धार्मिक आभा चरम पर दिखी। खराब मौसम और हल्की बूंदाबूंदी के बावजूद व्रतियों के उत्साह में कोई कमी नहीं थी। सरयू तट और गुप्त हरि घाट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए, जहां उगते सूर्य को अर्घ्य देने का पावन दृश्य श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से ओत-प्रोत दिखाई दिया। नयाघाट, जानकीघाट, लछमनघाट, रामघाट और गुप्तारघाट सहित सभी प्रमुख घाटों पर श्रद्धालु सरयू स्नान कर सूर्यदेव की उपासना में लीन रहे। पारंपरिक गीतों और पूजा-सामग्री से सजे घाटों पर आस्था का ऐसा दृश्य देखने को मिला जिसने पूरे वातावरण को भक्ति से सराबोर कर दिया।

अयोध्या में छठ महापर्व की धार्मिक आभा चरम पर दिखी और आज भोर में उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही उत्सव पूर्वक मनाया जाने वाला छठ पर्व धूमधाम से सम्पन्न हो गया। खराब मौसम और हल्की बूंदाबूंदी के बाद भी छठ व्रतियों का उत्साह चरम पर है और उल्लास देखने लायक था। सरयू तट और गुप्त हरि घाट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए, जहां उगते सूर्य को अर्घ्य देने का पावन दृश्य श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से ओत-प्रोत दिखाई दिया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में निर्जला व्रत रखकर भगवान सूर्य और छठी मैया से अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। नयाघाट, जानकीघाट, लछमनघाट, रामघाट और गुप्तारघाट सहित सभी प्रमुख घाटों पर श्रद्धालु ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### भारत, रूस ने असैन्य विमान के निर्माण के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए

**नयी दिल्ली।** भारत और रूस ने अपने घनिष्ठ रणनीतिक सहयोग के अनुरूप एक असैन्य विमान के निर्माण के लिए सहमति व्यक्त की है। एयरोस्पेस क्षेत्र की प्रमुख सरकारी कंपनी हिदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने एसजे-100 विमान के निर्माण के लिए रूस की सरकार के नियंत्रण वाली यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन' के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते पर सोमवार को मॉस्को में हस्ताक्षर किए गए।

### निर्मल ने सीएम से की बांस विकास बोर्ड गठन की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति के सभापति एवं सदस्य विधान परिषद डा. लालजी प्रसाद निर्मल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उनसे आग्रह किया कि मध्य प्रदेश की तरह ही यूपी में भी बांस शिल्प विकास बोर्ड की स्थापना की जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि बांस से निर्मित वस्तुओं के प्रयोग का चलन बढ़ाने के लिए मध्य प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र, गुजरात, नागालैंड, उड़ीसा व मिजोरम सहित कई राज्यों में बांस आधारित कलस्टर / बोर्ड स्थापित किये गये हैं। डॉ. निर्मल ने यूपी में बांस के उपयोग को बढ़ाने और इससे जुड़े कामगारों का जीवन स्तर उठाने के लिए उत्तर प्रदेश में भी बांस शिल्प विकास बोर्ड गठित करने का मुख्यमंत्री से आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल से शिल्प समाज के लिए बांस उपयोगी रहा है। इससे प्रदूषण नियंत्रण भी होगा। मुख्यमंत्री ने डा. निर्मल के प्रस्ताव पर कहा कि वे जल्द ही इस दिशा में सकारात्मक निर्णय लेंगे।

### नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता को मुआवजा न देने पर हाईकोर्ट सख्त

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता को एक योजना के तहत मुआवजा न देने पर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने तीन दिन में नियमानुसार पीड़िता को तीन लाख रुपए मुआवजे का भुगतान करने के साथ देरी के लिए 15 दिन में उसे दो लाख रुपए और अतिरिक्त मुआवजा देने का आदेश अफसरों को दिया है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को छूट भी दी है कि पीड़िता को नियमानुसार मिलने वाले मुआवजे की धनराशि में देरी के जिम्मेदार लोगों से दो लाख की वसूली कर सकती है और उनके खिलाफ विभागीय कारवाई भी कर सकती है। न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश पीड़िता की ओर से पिता के जरिए दाखिल याचिका पर दिया। याचिका में पीड़िता को रानी लक्ष्मी बाई महिला सम्मान कोष के वर्ष 2015 के नियमों के तहत मुआवजा दिलाने का आग्रह किया गया था। पीड़िता के अधिवक्ता का कहना था कि पीड़िता के साथ इसी साल मई में हुई दुष्कर्म की घटना के बाद जून माह में इसकी चार्जशीट भी दाखिल हो गई थी।

## केंद्रीय कर्मियों के लिए 8वें वेतन आयोग का गठन

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन और भत्तों में संशोधन की सिफारिशों के लिए मंगलवार को आठवें वेतन आयोग के गठन के साथ-साथ उसके काम के दायरे और शर्तों को भी मंजूरी दे दी। आयोग को अठारह महीने में रिपोर्ट देनी होगी।

प्रधानमंत्री के अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संवाददाताओं को बताया कि उच्चत्तम न्यायालय की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई आयोग की अध्यक्ष होंगी। भारतीय प्रबंध संस्थान बेंगलुरु के प्रोफ़ेसर पुलक घोष को आयोग का अस्थायी सदस्य बनाया गया है और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पंकज जैन इसके सदस्य सचिव होंगे। आयोग 18 महीने में अपनी सिफारिशें देगा और जरूरी होने पर सरकार को अंतरिम रिपोर्ट भी दे सकता है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, आयोग अपनी रिपोर्ट तैयार करते समय देश की आर्थिक स्थिति और राजकोषीय सुझबूझ का ध्यान रखेगा, ताकि सरकारी खजाने में विकास और जनकल्याण के लिए संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता भी बनी रहे। आठवें वेतन आयोग की सिफारिशें पहली जनवरी 2026 से लागू किये जाने की उम्मीद है, क्योंकि हर दस साल में वेतन आयोग की सिफारिशें संशोधित की जाती हैं और पिछले वेतन आयोग की सिफारिशें एक जनवरी 2016 से लागू हुई थीं। आयोग को सरकार की ऐसी पेंशन योजना के लिए वित्त के बारे में भी सिफारिश करने को कहा गया है, जिसमें कर्मचारियों को कोई अंशदान नहीं करना पड़ता है। आयोग अपनी सिफारिश करते समय राज्यों की राजकोषीय स्थिति पर भी ध्यान देगा क्योंकि उन्हें भी केंद्रीय आयोग की सिफारिशों के आधार पर अपने कर्मचारियों और अधिकारियों के वेतनमानों में सुधार करने होते हैं। आयोग केंद्रीय उपक्रमों और निजी क्षेत्र में लागू वर्तमान वेतनमानों, अन्य लाभों और कार्य की शर्तों को भी ध्यान में रखेगा। सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन की सैद्धांतिक मंजूरी इसी वर्ष जनवरी में दी थी।

18 महीनों में देगा रिपोर्ट, 50 लाख कर्मचारियों और 69 लाख पेंशनरों को फायदा



### रबी फसलों के लिए फॉस्फ़ेटिक तथा पोटाश उर्वरक पर सब्सिडी दरों को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने किसानों के लिए रियायती दरों पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के वास्ते रबी सीजन फसल 2025-26 के लिए फॉस्फ़ेटिक और पोटाश उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को मंजूरी प्रदान कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार ने रबी सीजन 2025-26 एक अक्टूबर से 31 मार्च 2026 तक के लिए फॉस्फ़ेटिक और पोटाश उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरें तय करने के लिए उर्वरक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि रबी फसलों के वास्ते उर्वरकों के लिए बजटीय अस्थायी प्रावधान करीब 37,952.29 करोड़ रुपए का होने का अनुमान है। सरकार ने इससे पहले ख़रीफ़ फसलों के लिए जो बजटीय ● शेष पेज 11 पर

## ईपीएफओ ने सहारा को जारी की 11.80 अरब की आरसी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सहारा इंडिया द्वारा अपने कर्मचारियों के भविष्य निधि (पीएफ) के 11.80 अरब रुपए जमा न करने पर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने सहारा की लखनऊ स्थित संपत्तियों की आरसी कुर्की का आदेश जारी कर दिया है। वसूली अधिकारी कार्यालय, ईपीएफओ लखनऊ ने 15 अक्टूबर को जारी आदेश में साफ लिखा है कि अब सहारा इंडिया भवन, कपूरथला कॉम्प्लेक्स, अलीगंज समेत अन्य संपत्तियों को न तो बेचा जा सकेगा, न ही गिरवी या ट्रांसफर किया जा सकेगा। कर्मचारियों का पहला हक, किसी और को

❒ सहारा ने हजारों कर्मचारियों का पीएफ डकारा लखनऊ की संपत्तियों पर कुर्की की कार्रवाई शुरू




नहीं मिलेगा लाभ आदेश के मुताबिक ईपीएफ अधिनियम 1952 की धारा 11(2) के तहत कर्मचारियों की भविष्य निधि की राशि पर पहला अधिकार उन्हीं का होगा जिन्होंने सहारा इंडिया में सेवाएं दी हैं।

यानी किसी अन्य देनदारी से पहले यह पैसा कर्मचारियों के हक में वसूला जाएगा। ईपीएफओ ने एलडीए, नगर निगम, तहसील प्रशासन और अन्य विभागों को आदेश की प्रति भेजकर स्पष्ट किया है कि यदि कंपनी की किसी संपत्ति पर लेनदेन हो, तो पहले कर्मचारियों के बकाए की वसूली सुनिश्चित की जाए। 11.80 अरब की वसूली के लिए आरसी जारी ईपीएफओ के वसूली अधिकारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सहारा इंडिया पर 11,79,10,69,689.70 रुपए की मूल बकाया राशि और 68,050 रुपए वसूली लागत के ● शेष पेज 11 पर

### सांप्रदायिक नफरत फैलाने वालों पर हो सख्त कार्रवाई : मायावती

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले की डुमरियागंज सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह के विवादित बयान पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुयेकहा कि ''मुस्लिम लड़की लाओ, नौकरी पाओ' जैसे संकीर्ण और घृणित बयान समाज में नफरत, वैमनस्य और अराजकता फैलाने वाले हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सरकार को सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। सुश्री मायावती ने मंगलवार को एक्स पर लिखा यूपी और उत्तराखंड समेत कई राज्यों में धर्म परिवर्तन, लव जिहाद और इस तरह के भड़काऊ नारों के नाम पर कानून ● शेष पेज 11 पर

## 46 आईएएस अफसरों का तबादला 3 कमिश्नर, 10 डीएम बदले गए

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। यूपी में एक बार फिर तबादला एक्सप्रेस चली है। बड़े पैमाने पर आईएएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। 46 अधिकारियों को इधर से उधर कर दिया गया है। कुछ अधिकारियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी भी दी गई है। तीन मंडलायुक्त और दस जिलों के डीएम बदले गए हैं। मिर्ज़ापुर (विंध्याचल) सहारनपुर और मेरठ के कमिश्नर बदल दिए गए हैं। हाथरस, सीतापुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर, चित्रकूट, कौशांबी, बलरामपुर, ललितपुर, श्रावस्ती, रामपुर के जिलाधिकारियों को बदल दिया गया है। वाराणसी के तैनात चार आईएएस




अफसरों की जिम्मेदारियों को बदला गया है। मुख्य विकास अधिकारी, विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, नगर आयुक्त और एडीएम फाइनेंस को बदला गया है। अभी तक विंध्याचल के मंडलायुक्त रहे श्री बाल कृष्ण त्रिपाठी को सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन में सचिव बनाया गया है। महानिदेशक मत्स्य राजेश प्रकाश अब विन्ध्याचल के ● शेष पेज 11 पर

## अयोध्या को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में विकसित करने का लक्ष्य : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अयोध्या महायोजना 2031 से संबंधित प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए कहा कि अयोध्या का विकास भव्यता, आस्था और आधुनिकता तीनों का समन्वित रूप होना चाहिए। उन्होंने कहा कि महायोजना का लक्ष्य अयोध्या को सुनियोजित, सुव्यवस्थित और सतत (सस्टेनेबल) विकास के साथ विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित करना है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि विकास कार्यों में अयोध्या की सांस्कृतिक पहचान, धार्मिक गरिमा और पर्यावरणीय संतुलन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। महायोजना के बिंदुओं पर विभागीय अधिकारियों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या विज़न 2047 के अंतर्गत अयोध्या को ग्लोबल आध्यात्मिक नगरी, ज्ञान नगरी, उत्सव नगरी, तीर्थ अनुकूल अवसंरचना, विविधीकृत पर्यटन, ऐतिहासिक सर्किट व हेरिटेज वॉक, हरित एवं सौर ऊर्जा आधारित नगरी के रूप में आधुनिक सुविधाओं के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह महायोजना अयोध्या के सुनियोजित, सुव्यवस्थित और सस्टेनेबल विकास की आधारशिला बनेगी।

बैठक में बताया गया कि अयोध्या महायोजना 2031 का उद्देश्य शहर को ग्लोबल स्पिरिचुअल एवं टूरिज़्म डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करना है। योजना के तहत अयोध्या विकास क्षेत्र को 18 जोनों में विभाजित कर संतुलित भूमि उपयोग सुनिश्चित किया गया है। प्रस्तावित 23.94 लाख की अनुमानित जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए 52.56 प्रतिशत भूमि आवासीय, 5.11 प्रतिशत वाणिज्यिक, 4.65 प्रतिशत औद्योगिक, 10.28 प्रतिशत सार्वजनिक उपयोग, 12.20 प्रतिशत परिवहन एवं 14.31 प्रतिशत हरित एवं खुले क्षेत्र के लिए नियोजित की गई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि मिश्रित तथा औद्योगिक भूमि को बढ़ाया जाए, इसी प्रकार, पंचकोसी और 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर भी विविध गतिविधियों के लिए भूमि आरक्षित की जाए। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में अयोध्या की जनसंख्या लगभग 11 लाख है, जो 2031 तक लगभग 24 लाख और 2047 तक 35 लाख तक पहुंचने का अनुमान है। इसे ध्यान में रखते हुए नए आवासीय टाउनशिप, भव्य प्रवेश द्वार, बहुस्तरीय पार्किंग, 84 कोसी परिक्रमा मार्ग, ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस मार्ग, रिंग रोड, एयरपोर्ट, टेंपल म्यूज़ियम, सौर ऊर्जा संयंत्र, होटल व आधुनिक नागरिक सुविधाएं महायोजना का हिस्सा हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सभी परियोजनाएं अयोध्या को स्मार्ट, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाएंगी। बैठक में बताया गया कि अयोध्या विकास क्षेत्र में 159 निवेश परियोजनाएं स्वीकृत हैं, जिनमें 8 हजार 594 करोड़ रुपये का निवेश होने की संभावना है। ● शेष पेज 11 पर

### गुरु परंपरा ने भारत को दिया त्याग और बलिदान का संदेश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु परंपरा ने भारत को केवल आस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा, सेवा और बलिदान का आदर्श भी दिया है। सिख समुदाय की आस्था का प्रतीक 'चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा' के पवित्र जोड़ा साहिब का लखनऊ में भव्य स्वागत हुआ। यह यात्रा सिख समुदाय के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी और माता साहिब कौर के पवित्र जोड़ा साहिब से जुड़ी है, जो सिख आस्था का अत्यंत पवित्र प्रतीक मानी जाती है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा ह्ल हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस विरासत को अक्षुण्ण रखें और आने वाली पीढ़ियों तक इसकी प्रेरणा पहुंचाएं। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री हरदीप



सिंह पुरी भी मौजूद रहे। लखनऊ के यहियागंज गुरुद्वारे में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवाणी सुनी और यात्रा सदस्यों को पटुका पहनाकर सम्मानित किया। गुरुद्वारा कमेटी ने योगी को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा ह्ल हमारी परंपरा में यह कहा गया है, 'जिथे जाए बहे मेरा सतगुरु, सो थान सुहावा राम राजे।' अर्थात जहां भी गुरु महाराज के पावन चरण पड़ते हैं, वह स्थान रामराज्य की तरह पवित्र और पुण्यभूमि बन जाता है। यह यात्रा हमें उस गौरवशाली गुरु परंपरा से जोड़ती है, जिसने भारत की संस्कृति, साहस और बलिदान की भावना को नई दिशा दी। योगी ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी की उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह यात्रा गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर शुरू हुई है। यह केवल श्रद्धा की ● शेष पेज 11 पर

### समुद्री क्षेत्र की चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक समुद्री सुरक्षा तंत्र जरूरी : एडमिरल करमबीर

नयी दिल्ली। नौसेना के पूर्व प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह ने समुद्री क्षेत्र में गैर पारंपरिक सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक समुद्री सुरक्षा तंत्र की जरूरत पर बल दिया है। एडमिरल सिंह ने मंगलवार को यहां सातवें हिन्द प्रशांत क्षेत्रीय संवाद 2025 (आईपीआरडी) में उद्घाटन भाषण देते हुए यह बात कही। इस संवाद का थीम 'समग्र समुद्री सुरक्षा और विकास को बढ़ावा देनाः क्षेत्रीय क्षमता निर्माण और क्षमता वृद्धि' है। उन्होंने कहा कि बड़ी समुद्री शक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा , सरकार से इतर तत्वों और गैर-पारंपरिक सुरक्षा चुनौतियों के कारण समुद्री क्षेत्र में रणनीतिक उथल-पुथल की स्थिति है। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक समुद्री तंत्र की जरूरत है। इसके बाद बांग्लादेश, जापान, इंडोनेशिया, सिंगापुर और दक्षिण अफ्रीका के पांच प्रतिष्ठित वक्ताओं के साथ एक दिलचस्प सत्र हुआ जिसमें उन्होंने 'जलवायु परिवर्तन के सुरक्षा प्रभावों से निपटने के लिए सहकारी क्षमता निर्माण और क्षमता वृद्धि' ● शेष पेज 11 पर

# महापर्व छठ पर ए.के. शर्मा ने अर्घ्य अर्पित कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। सूर्य उपासना के महापर्व छठ के पावन अवसर पर नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने लखनऊ के लक्ष्मण मेला घाट पर पहुंचकर भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया और प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की। श्रद्धालुओं की भीड़ और हल्की बूंदाबांदी के बीच मंत्री श्री शर्मा ने स्वयं घाट पर पहुंचकर पूजन-अर्चन में सहभागिता की तथा श्रद्धालुओं से संवाद भी किया।

मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि छठ महापर्व भारतीय संस्कृति का वह प्रतीक है, जो अनुशासन, समर्पण, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत संदेश देता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि सभी लोग अपने नगरों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सहयोग करें। नगरविकासयूपीकास्वच्छछठ बना देश का नम्बर एक रुझान छठ पर्व के अवसर पर नगर विकास विभाग की पहल को सामाजिक माध्यमों पर अभूतपूर्व सराहना मिली। नगरविकासयूपीकास्वच्छछठ देशभर में नम्बर एक पर रुझान बना।

इसके साथ ही स्वच्छछठइनयूपीत्नगर, यूपीत्नगरोंकास्वच्छछठ और नगरविकासविभाग जैसे टैग पूरे दिन सामाजिक माध्यमों पर छाए रहे। प्रदेश के विभिन्न नगरों से नागरिकों ने स्वच्छ घाटों, प्रकाशित मार्गों और श्रद्धालुओं के स्वागत की तस्वीरें साझा कर विभाग की पहल की प्रशंसा की। यह अभियान 'स्वच्छता के साथ श्रद्धा' का प्रेरणादायी उदाहरण बन गया, जिससे प्रदेश के सभी नगरों में स्वच्छता के प्रति नई चेतना दिखाई दी। हल्की बारिश के बावजूद घाटों पर की गई व्यवस्थाएं और सफाई व्यवस्था बेहतर नजर आईं।

मंत्री श्री शर्मा ने नगर निगम, जल निगम, विद्युत विभाग तथा प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों की सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सुरक्षा प्रबंध और यातायात नियंत्रण जैसे सभी पहलुओं का जायजा लेते हुए संतोष व्यक्त किया। मंत्री श्री शर्मा ने विशेष रूप से सफाई कर्मियों, विद्युत कर्मियों, अग्निशमन सेवा, पुलिस बल तथा नगर निगम के कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सभी ने अपने कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण से श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया है। इस अवसर पर नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कृषि और सहकारिता विभाग आपसी सहयोग से करेंगे खाद आपूर्ति : शाही

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही तथा सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने दोनों विभागों के उच्चाधिकारियों के साथ साझा बैठक कर विभागों के आपसी सहयोग से प्रदेश भर में किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की रणनीति पर चर्चा की।

श्री शाही ने कहा कि रबी सीजन के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद तथा बीज उपलब्ध हैं। कृषि तथा सहकारिता विभाग के अधिकारी पारस्परिक समन्वय से रणनीति बनाकर किसानों को समय पर सही मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा किसान हमेशा ही कि योगी आदित्यनाथ की सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कृषि तथा सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन जनपदों में खाद का भंडार अधिक है आगामी दो दिनों के भीतर वहां से निकटतम जनपदों को आपूर्ति की जाए। उन्होंने कहा कि रबी सीजन 2025-26 के लिए 28 अक्टूबर तक प्रदेश भर में 25.40 लाख मैट्रिक टन खाद भंडार में उपलब्ध है। जबकि 7.76 लाख मैट्रिक टन खाद की खरीद किसानों द्वारा की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि लखीमपुर खीरी में 24207 मैट्रिक टन यूरिया, 5179 मैट्रिक टन डीएपी तथा 6939 मैट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। महोबा में 6095 मैट्रिक टन यूरिया, 2319 मैट्रिक टन डीएपी तथा 1052 मैट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। फतेहपुर में 19676 मैट्रिक टन यूरिया, 6552 मैट्रिक टन डीएपी तथा 9172 मैट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। बदायूं में 30169 मैट्रिक टन यूरिया, 8734 मैट्रिक टन डीएपी तथा 8517 मैट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है। अमेठी में 10809 मैट्रिक टन यूरिया, 5088 मैट्रिक टन डीएपी तथा 4045 मैट्रिक टन एनपीके उपलब्ध है।

सहकारिता राज्य मंत्री श्री जेपीएस राठौर ने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक जनपद के भंडार गृहों तथा विक्रय केंद्रों में संतुलित मात्रा में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए समयबद्ध रणनीति तैयार कर ली जाए और उसके अनुसार त्वरित कार्यवाही की जाए। बैठक के दौरान प्रमुख सचिव कृषि रवींद्र, प्रमुख सचिव सहकारिता सौरभ बाबू, निदेशक कृषि पंकज त्रिपाठी, एम.डी. पीसीएफ. चंद्र भूषण सिंह, संयुक्त निदेशक उर्वरक आशुतोष मिश्रा, संयुक्त निदेशक ब्यूरो अखिलेश कुमार सिंह उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत कृषि मंत्री द्वारा मंडल एवं जनपद स्तर के अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक की गई। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विक्रय केंद्रों पर सही समय पर पर्याप्त मात्रा में बीज तथा खाद उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इस कार्य में लापरवाही की शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ तुरंत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने लंबे समय से विभागीय कार्यों के प्रति उदासीन रवैया अपनाने तथा असंतोषजनक कार्यशैली के कारण देवीपाटन मंडल के संयुक्त कृषि निदेशक लोकेंद्र सिंह का वेतन रोके जाने के निर्देश भी दिए।

### उप्र में घरेलू यात्रियों में 15.7 और एयर कार्गो में 19.1 प्रतिशत का आया उछाल

# यूपी में हवाई कनेक्टिविटी और यात्री संख्या में तेज वृद्धि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में हवाई कनेक्टिविटी और यात्री संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। अप्रैल से अगस्त के बीच प्रदेश के हवाई अड्डों पर यात्रियों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 14.6 प्रतिशत बढ़कर 60.02 लाख हो गई है। वहीं इस दौरान भारत के कुल हवाई यातायात में राज्य की हिस्सेदारी 3.52 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो 2024 की तुलना में 34 बेसिस पॉइंट्स अधिक है।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को कहा कि साफ है कि अब देश के हर 30 में से एक हवाई यात्री उत्तर प्रदेश से यात्रा कर रहा है। साल 2016-17 में जहां उत्तर प्रदेश के हवाई अड्डों से 59.97 लाख यात्री यात्रा करते थे, वहीं 2024-25 में यह संख्या बढ़कर 142.28 लाख तक पहुंच गई। इनमें 129.29 लाख घरेलू और 12.99 लाख अंतरराष्ट्रीय यात्री शामिल रहे। इस दौरान राज्य का कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट 10.1 प्रतिशत रहा, जो एविएशन सेक्टर में तेजी से बढ़ती मांग को दर्शाता है।

कोविड-19 महामारी के दौरान 2020-21 में यात्री संख्या 48.35 लाख तक गिर गई थी, लेकिन यूपी ने सबसे तेज रिकवरी दिखाई। महज दो वर्षों में यात्रियों की संख्या दोगुनी हो गई, जो



राज्य की मजबूत हवाई नीति और बेहतर प्रबंधन का प्रमाण है। 2023-24 की तुलना में 2024-25 में हवाई यात्रियों की संख्या में 25.9 प्रतिशत का ग्रोथ दर्ज किया गया है, जबकि 2023-24 और 2024-25 में अप्रैल-अगस्त माह के बीच कंपैरिजन करें तो यह ग्रोथ 14.6 प्रतिशत रही। इस दौरान घरेलू यात्रियों में 15.7 प्रतिशत और इंटरनेशनल पैसेंजर्स की संख्या में 4.3 फीसदी ग्रोथ दर्ज की गई।

राज्य के कई शहरों ने इस ग्रोथ में अहम योगदान दिया है। 2023-24 से 2024-25 के बीच वाराणसी में 34.4 प्रतिशत, प्रयागराज में 76.4 प्रतिशत, गोरखपुर में 27.6 प्रतिशत और कानपुर में 13.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह दर्शाता है कि धार्मिक पर्यटन और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी ने यात्री संख्या को तेजी से बढ़ाया है। खासतौर पर अयोध्या एयरपोर्ट, जिसे मुख्यमंत्री ने महर्षि वाल्मीकि के नाम पर समर्पित किया था, अब उत्तर भारत के सबसे तेजी से बढ़ते टर्मिनल्स में शामिल है। 2023-24 में जहां दो लाख से ज्यादा पैसेंजर्स ने यहां से हवाई उड़ान भरी थी तो वहीं 2024-25 में यह आंकड़ा बढ़कर 11 लाख से अधिक पहुंच गया। वहीं प्रयागराज और वाराणसी से भी धार्मिक और व्यावसायिक उड़ानों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

प्रयागराज में 2023-24 में छह लाख से अधिक एयर पैसेंजर्स ने यात्रा की तो वहीं 2024-25 में यह संख्या 10.77 लाख से अधिक पहुंच गई। इसी तरह वाराणसी में 2023-24 में करीब 30 लाख एयर पैसेंजर्स यात्रा कर रहे थे तो वहीं 2024-25 यह संख्या 40 लाख का आंकड़ा पार कर गई। गोरखपुर में 2023-24 में 6.8 लाख की तुलना में 2024-25 में 8.67 लाख से अधिक हवाई यात्रियों ने सफर किया। लखनऊ ने भी अपनी रफ्तार में इजाफा किया है, जहां 2023-24 की तुलना में 2024-25 में 4.1 फीसद की वृद्धि हुई है।

उत्तर प्रदेश अब व्यापार और निर्यात के लिए भी एयर कनेक्टिविटी का बड़ा केंद्र बन रहा है। वित्तीय वर्ष 2016-17 से 2024-25 तक राज्य के एयर कार्गो में 19.1 प्रतिशत का सीएजीआर दर्ज किया गया है। यह 5.89 हजार मीट्रिक टन से बढ़कर 28.36 हजार मीट्रिक टन तक पहुंच गया है, जो कि अब तक का सर्वाधिक है। क्ष्2024-25 में लखनऊ एयरपोर्ट ने 22,099 मीट्रिक टन कार्गो हैंडल किया, जबकि वाराणसी में 27.7 प्रतिशत और प्रयागराज में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई। 2023-24 से 2024-25 के बीच टोटल ग्रोथ 9.4 प्रतिशत रही।

इस दौरान एयर कॉर्गो 25,915 मीट्रिक टन से 28,356 मीट्रिक टन पहुंच गया। अप्रैल-अगस्त 2025 में कानपुर (165 प्रतिशत) और आगरा (247 प्रतिशत) में रिकॉर्ड ग्रोथ दर्ज हुई जो बताता है कि राज्य के इंडस्ट्रियल क्लस्टर अब अंतरराष्ट्रीय सप्लाई चेन से जुड़ रहे हैं। अप्रैल-अगस्त 2025 में राज्य का भारत के कुल एयर कार्गो में हिस्सा 0.79 फीसदी हो गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में एक बेसिस पॉइंट अधिक है। उत्तर प्रदेश सिविल एविएशन के डायरेक्टर ईशान प्रताप सिंह ने बताया कि हवाई कनेक्टिविटी सिर्फ परिवहन का माध्यम नहीं, बल्कि रोजगार, पर्यटन और निवेश की नई शक्ति है। जब हर जिले से उड़ान संभव होगी।

## कार सवार को चकमा देकर पैसों का बैग चोरी

**सरोजनीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाके में रविवार की रात एक कार सवार व्यक्ति का कार से ही पैसों का बैग चोरी हो गया। बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने चकमा देकर घटना को अंजाम दिया। घटना के अनुसार जालौन निवासी राजीव कुमार अपनी कार से प्लासियो मॉल से घर लौट रहे थे। कानपुर रोड पर एयरपोर्ट बाउंड्री के पास रात करीब नौ बजे दो अज्ञात बाइक सवार युवकों ने उनकी गाड़ी के पहिये में कुछ फंसे होने की बात कही। राजीव ने अपने ड्राइवर शुभम चतुर्वेदी से गाड़ी साइड लगवाई और उतरकर देखने लगे। इसी दौरान, काली शर्ट पहने एक युवक ने गाड़ी का गेट खोला, बैग उठाया और अपने साथी के साथ बाइक से फरार हो गया। राजीव ने युवकों को दौड़ाया, लेकिन वे भागने में सफल रहे। पीड़ित के अनुसार, बैग में लगभग एक लाख रुपये नकद और मोबाइल फोन था। राजीव कुमार की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपियों की तलाश कर रही है।

## बंद मकान से लाखों की नकदी व गहने चोरी

**सरोजनीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिजनौर इलाके में एक बंद मकान से लाखों रुपए की नकदी और गहने गायब हो गए। बताते हैं कि मकान मालिक 18 अक्टूबर को परिवार सहित गांव गए थे और 23 अक्टूबर को लौटने पर चोरी का पता चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के ओमेक्स सिटी, बिजनौर रोड निवासी अरुण यादव ने बताया कि वह 18 अक्टूबर को अपने पैतृक गांव प्रतापगढ़ जिले के विजहरा गए थे। 23 अक्टूबर की शाम करीब 7:30 बजे जब वह वापस लौटे, तो घर की खिड़की की लोहे की ग्रिल टूटी हुई थी और दरवाजे पर लगे कैमरे भी क्षतिग्रस्त थे।अरुण यादव को संदेह होने पर उन्होंने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घर का निरीक्षण किया। अरुण के अनुसार घर से 20 लाख रुपए नकद और कीमती गहने गायब मिले ।घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया, जिसने जांच के लिए नमूने एकत्र किए। पीड़ित ने बिजनौर थाने में चोरी की तहरीर दी जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## पूर्वांचल में भारी बरसात के आसार, आगरा- इटावा सबसे ठंडे

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बंगाल की खाड़ी में बने गंभीर चक्रवाती तूफान ''मोंथा'' के आंध्रप्रदेश तट से टकराने का असर उत्तर प्रदेश में भी देखने को मिल रहा है। मंगलवार को प्रदेश में आगरा व इटावा को अक्टूबर माह का सबसे ठंडे दिन के रूप में दर्ज किया गया। इस बीच मौसम विभाग ने 29 से 31अक्टूबर के दौरान दक्षिणी एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश में झोंकेदार हवाओं के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई है जबकि 30 व 31 अक्टूबर को पूर्वांचल के कुछ जिलों में भारी वर्षा के साथ मिर्ज़ापुर एवं वाराणसी मंडल के कुछ जिलों में बहुत भारी वर्षा होने की भी संभावना व्यक्त की गई है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक डॉ एके सिंह ने कहा कि इस दौरान अरब सागर पर बने अवदाब से मध्य गुजरात होते हुए उत्तर-पूर्वी राजस्थान तक फैले चक्रवाती परिसंचरण से उत्पन्न द्रोणी के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रहे और कई स्थानों पर हल्की वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार निचले एवं मध्य क्षोभमंडल में आ रही नमी और ऊपरी क्षोभमंडल में सक्रिय जेटस्ट्रीम की अनुकूल परिस्थितियों के कारण पिछले दो दिनों से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। आगरा और इटावा में अक्टूबर माह का अब तक का सबसे ठंडा दिन दर्ज हुआ। उन्होंने बताया कि अगले 24 घंटे में बादलों में कमी आने से अधिकतम तापमान में वृद्धि हो सकती है, लेकिन 30 अक्टूबर से पुनः चक्रवाती तूफान 'मोंथा' के अवशेषों के प्रभाव के चलते तापमान में एक बार फिर गिरावट की संभावना है। मौसम विभाग का कहना है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में जबरदस्त उतार-चढ़ाव रहेगा, जबकि न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा।

## मायावती आज 'मुस्लिम समाज भाईचारा संगठन' को करेंगी सम्बोधित

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती 29 अक्टूबर को लखनऊ में ''मुस्लिम समाज भाईचारा संगठन'' की एक विशेष मंडल स्तरीय बैठक को संबोधित करेंगी। बसपा उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। अकेले चुनाव लड़ने वाली एकमात्र पार्टी बसपा ने अब मुस्लिम समुदाय को एकजुट करने के लिए बड़ा अभियान शुरू किया है। पार्टी ने राज्य के हर मंडल में मुस्लिम भाईचारा कमेटियों का गठन किया है। बसपा प्रमुख ने कल इसे संबोधित करने के लिए एक बैठक बुलाई है। वह पार्टी कार्यकर्ताओं को विशेष गहन समीक्षा (एसआईआर) के संबंध में केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देशों से भी अवगत कराएँगी। पार्टी कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक यह बैठक पार्टी मुख्यालय, 12 मॉल एवेन्यू में सुबह 11 बजे से शुरू होगी। पार्टी के सभी पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## वाराणसी की देव दीपावली में दिखेगी 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की झलक

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** देव दीपावली पर जब संपूर्ण काशी गंगा तट पर दीपों की ज्योति से आलोकित होगी, तब यह पावन नगरी ्लमिनी भारतङ्क का रूप धारण कर लेगी। इस बार की देव दीपावली केवल धार्मिक आस्था का नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक एकता और विविधता का जीवंत उत्सव बनकर सामने आएगी। पर्यटन विभाग की विशेष पहल के तहत घाटों को देश के विभिन्न हिस्सों की परंपराओं के अनुरूप सजाया जाएगा। इस वर्ष देव दीपावली में गंगा किनारे जगमगाते 10 लाख दीप एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को साकार करेंगे। वाराणसी के हर घाट को एक विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान दी जा रही है, कहीं मराठी परंपरा की झलक होगी, तो कहीं दक्षिण भारतीय संस्कृति का रंग। मैथिल ब्राह्मणों की पूजा-पद्धति, गुजराती रंगोली और थालियों की साज-सज्जा तथा नेपाली समुदाय की पारंपरिक दीप सज्जा इस आयोजन को अद्वितीय बनाएगी। पंचगंगा घाट, जो काशी के पंच तीर्थों में शामिल है, इस बार भी मराठी संस्कृति का केंद्र रहेगा। यहाँ के मराठी परिवार पारंपरिक विधि से दीप सज्जा और गंगा आरती की तैयारी में जुटे हैं। पास ही स्थित नेपाली बस्ती के परिवार अपनी परंपरा के अनुरूप दीये जलाकर घाट को रोशन करेंगे। यह दो संस्कृतियों का सुंदर संगम होगा। गौरीकेदार घाट पर दक्षिण भारतीय संस्कृति की झलक दिखेगी। गौरीकेदारेश्वर मंदिर परिसर में दीप सज्जा, भक्ति संगीत और पारंपरिक पूजा की तैयारियाँ जोर पकड़ रही हैं। वहीं, गुजराती मोहल्ले में पारंपरिक वेशभूषा, रंगोली और दीपों की थालियाँ श्रद्धालुओं को आकर्षित करेंगी। दशाश्वमेध घाट और राजेन्द्र प्रसाद घाट पर मैथिल ब्राह्मणों की पूजा-पद्धति से दीप जलेंगे। यहां की भव्य सजावट और दीपों की संख्या इस बार ऐतिहासिक रहने वाली है। जब गंगा के दोनों तट लाखों दीपों से आलोकित होंगे, तब यह आयोजन भारत की सांस्कृतिक एकता का अनुपम प्रतीक बन जाएगा। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि देव दीपावली भारत की आत्मा का उत्सव है, जहाँ विभिन्न संस्कृतियाँ एक साथ दमकती हैं। यह आयोजन काशी को वैश्विक सांस्कृतिक केंद्र के रूप में सशक्त करेगा। संयुक्त निदेशक पर्यटन दिनेश कुमार ने बताया कि पर्यटन विभाग की ओर से दस लाख दीप जलाए जाएंगे, जबकि स्थानीय समितियाँ अपने स्तर पर सजावट करेंगी। मिर्ज़ापुर, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया, प्रयागराज सहित अन्य जिलों और राज्यों से श्रद्धालु एवं विदेशी पर्यटक भी बड़ी संख्या में पहुँचेंगे।

# आशीष जैन ने स्टेशनों का औचक निरीक्षण किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने औड़िहार, गाजीपुर रेलखण्ड के तरांव एवं नन्दगंज रेलवे स्टेशनों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन की स्वच्छता, यात्री सुविधाओं तथा संरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। मंडल रेल प्रबंधक ने केन्द्रीकृत स्टेशन पैनल, वीडर काउंटर, रिले रूम तथा संरक्षा उपकरणों जैसे लॉक एंड ब्लॉक यंत्र, एक्सल काउंटर, डाटा लॉगर आदि का परीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन अभिलेखों – विफलता रजिस्टर, अनुरक्षण रजिस्टर, रिले रूम चाबी हस्तांतरण रजिस्टर, पॉइंट्स एवं क्रॉसिंग रजिस्टर, स्टेशन वर्किंग रूल आदि की भी विस्तृत जाँच की। निरीक्षण के दौरान श्री जैन ने प्लेटफार्म और अन्य यात्री सुविधाओं का भी अवलोकन किया तथा सुरक्षा की दृष्टि से स्टेशन की दोनों दिशाओं में मजबूत बाउंड्री वाल के निर्माण का निर्देश दिया। तरांव स्टेशन पर उन्होंने स्वच्छता की स्थिति का निरीक्षण करते हुए प्लेटफार्म, वॉटर बूथ, आरसीसी बेंच एवं स्टेशन भवन के रख-रखाव, प्रबंधन और साफ-सफाई में और सुधार करने के निर्देश दिए। नन्दगंज स्टेशन पर निरीक्षण के दौरान श्री जैन ने स्टेशन यार्ड में स्थित गुड्स शेड का भी दौरा किया। उन्होंने गुड्स शेड से माल की लोडिंग/अनलोडिंग अभिलेखों, व्यापारिक सुविधाओं तथा श्रमिकों के समुचित विश्राम और मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों को यात्री सुरक्षा, स्वच्छता और सेवा गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया।

# भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को बर्बाद किया: अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है।

श्री यादव ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि इस सरकार के नौ साल में अस्पतालों की दुर्दशा हो गई है। सरकारी अस्पतालों में जरूरी उपकरण, दवाएं और संसाधन नहीं हैं। डॉक्टरों की भारी कमी है। आम जनता मरीजों को सरकारी अस्पतालों में क्वालिटी का इलाज नहीं मिल पा रहा है। मरीजों को अस्पताल तक ले जाने के लिए एम्बुलेंस तक नहीं मिल रही है। अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भाजपा सरकार के सारे दावे झूठे हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को लेकर हर दिन हृदय विदारक खबरें आ रही है। भाजपा सरकार ने पूरी व्यवस्था को तहस नहस कर दिया है। इस सरकार में कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार चरम पर है। दवाओं और अन्य जरूरी उपकरणों की सप्लाई में भारी घालमेल है। जिसका खामियाजा गरीब जनता और मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। जिलों के अस्पतालों में कहीं संसाधन नहीं है। कहीं डॉक्टर और नर्सेज नहीं है। कहीं ऑक्सीजन प्लांट बंद है। श्री यादव ने कहा कि राजधानी और बड़े शहरों में भी अस्पतालों में जरूरी सुविधाओं का अभाव है। मेडिकल कॉलेजों और बड़े संस्थानों में मरीजों की भारी भीड़ पहुंचती है लेकिन उन्हें पर्याप्त इलाज नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार प्रदेश के बड़े मेडिकल संस्थानों और मेडिकल कॉलेजों को जरूरी बजट नहीं दे रही है। जिलों और मंडल मुख्यालयों पर मेडिकल कॉलेज के नाम पर बिल्डिंगें खड़ी है। लेकिन वहां गंभीर मरीजों के लिए जांच और सुविधाएं नहीं है। भाजपा सरकार समाजवादी सरकार के दौरान बने मेडिकल कॉलेजों और लखनऊ कैंसर संस्थान को सुचारू ढंग से नहीं चला पा रही है। सरकार की लापरवाही और अकर्मण्यता से मरीज और तीमारदार बेबस है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने सत्ता में आने के बाद 108 और 102 एम्बुलेंस सेवा को पूरी तरह से पंगु बना दिया है। हालत यह हो गयी है कि प्रसूताओं को भी एम्बुलेंस सेवा नहीं मिल पा रही है। तीमारदार प्रसूताओं को कहीं अपने साधनों तो कहीं बैलगाड़ी से ले जाने पर मजबूर है। सरकार के नाक के नीचे घटिया और जानलेवा सिरप की आपूर्ति हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय और सरकार चुप्पी साधे रही। प्रदेश में भाजपाई भ्रष्टाचार लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा है। श्री यादव ने कहा कि वे मजबूरी में निजी अस्पतालों में जाने पर मजबूर है। भाजपा सरकार जनता को आवश्यक सुविधाएं, स्वास्थ्य, बिजली, शिक्षा, किसान को खाद, बीज समय से उपलब्ध करा पाने में नाकाम है।

# मण्डलायुक्त ने 62वीं पेंशन अदालत के लम्बित प्रकरणों के निस्तारण की समीक्षा की



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने मंगलवार को गांधी सभागार में आयोजित बैठक में 62वीं पेंशन अदालत (आयोजित 10 दिसंबर 2024) के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करते हुए निस्तारण के साक्ष्य सहित आख्या अपर निदेशक, कोषागार को उपलब्ध कराई जाए। मण्डलायुक्त ने चेतावनी दी कि यदि किसी विभाग द्वारा बिना किसी समुचित कारण के किसी भी पेंशनर के देयकों को लंबित रखा जाता है, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पेंशनरों के सभी देयकों का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में कुल 28 लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की गई, जिनमें पेंशन, ग्रेच्युटी, पेंशन पुनरीक्षण, त्रुटिपूर्ण निर्धारण और अन्य देयक से संबंधित मामले शामिल थे। बैठक के दौरान बताया गया कि प्रतापगढ़ के बसंत कुमार तिवारी (वाहन चालक, जिला कार्यक्रम कार्यालय) के समस्त देयकों का भुगतान कर दिया गया है। इस पर मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि कोषागार से भुगतान का सत्यापन कराकर साक्ष्य सहित रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। इसी प्रकार प्रयागराज के राजेन्द्र सिंह (सहायक उद्यान निरीक्षक), राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल (ज्येष्ठ लेखा परीक्षक, शिक्षा निदेशालय) और सदाशिव (चपरासी, कुलभास्कर डिग्री कॉलेज) के देयकों से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई। अमिता श्रीवास्तव (सहायक मनोवैज्ञानिक) के अर्जित अवकाश स्वीकृत होने के बावजूद भुगतान लंबित रहने के मामले में मण्डलायुक्त ने शिक्षा निदेशालय प्रयागराज से स्पष्टीकरण मांगा है। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि अगली पेंशन अदालत से पहले सभी लंबित मामलों का निस्तारण अनिवार्य रूप से कर दिया जाए तथा मंडल स्तर पर पेंशन अदालतों का आयोजन समय से सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अपर निदेशक (पेंशन व कोषागार) आस्था तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# धान खरीद की तैयारियों के सम्बंध में की समीक्षा बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को गांधी सभागार में आगामी 1 नवम्बर से प्रारम्भ हो रही धान खरीद की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मण्डलायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि धान क्रय केन्द्रों पर सभी आवश्यक तैयारियाँ और व्यवस्थाएँ समय से सुनिश्चित की जाएं, ताकि किसानों को धान बेचने में किसी प्रकार की समस्या न हो।

संभागीय खाद्य नियंत्रक एवं मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए मण्डल में धान खरीद का कुल लक्ष्य 5,26,000 मीट्रिक टन निर्धारित किया गया है। इसमें प्रयागराज के लिए 2,73,000 मी.टन, कौशाम्बी के लिए 60,000 मी.टन, फतेहपुर के लिए 1,00,000 मी.टन तथा प्रतापगढ़ के लिए 93,000 मी.टन का लक्ष्य रखा गया है। मण्डल में धान क्रय हेतु 6 क्रय एजेंसियाँ – खाद्य विभाग, पीसीएफ, यूपीएसएस, पीसीयू, मण्डी समिति और भारतीय खाद्य निगम चयनित की गई हैं। कुल 313 क्रय केन्द्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें प्रयागराज में 145, कौशाम्बी में 40, फतेहपुर में 57 और प्रतापगढ़ में 71 केन्द्र शामिल हैं। मण्डलायुक्त ने कहा कि सभी जिलों में किसानों का रजिस्ट्रेशन एवं सत्यापन कार्य समय से पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि अपर जिलाधिकारी और डिप्टी आरएमओ क्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि वहां बैठने की व्यवस्था, पेयजल, सफाई, बोरे की उपलब्धता और तौल मशीन आदि सभी संसाधन पहले से तैयार हों। मण्डलायुक्त ने यह भी कहा कि धान खरीद में निर्धारित लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करने के लिए सभी एजेंसियाँ समन्वय बनाकर कार्य करें। पिछले वर्ष जिन केन्द्रों पर कोई समस्या आई थी, उन पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि इस वर्ष किसी प्रकार की पुनरावृत्ति न हो। बैठक में मण्डल के सभी जिलों के अपर जिलाधिकारी, डिप्टी आरएमओ और विभिन्न क्रय एजेंसियों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पति के शराबी प्रताड़ना से तंग होकर प्रेमी के साथ मिलकर पत्नी ने रची थी हत्या की साज़िश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ । शनिवार रात्रि को लगभग साढ़े नौ बजे किसान पथ आउटर रिंगरोड के किनारे अपने किसी परिचित के साथ शराब पी रहे संविदाकर्मी मामपुर बाना निवासी प्रदीप गौतम(25)पुत्र मंगलू की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी और बताया जा रहा था कि पुलिस लाइन से ड्यूटी के बाद वह अपने घर पहुचा था और कुछ देर बाद कोई परिचित उसे आउटर रिंग रोड तक बुलाकर ले गया था।मौके पर शराब पीने के प्लास्टिक ग्लास मिलने से आशंका जताई जा रही थी कि किसी परिचित ने ही इसकी हत्या की है और इस घटना का डीसीपी द्वारा मौक़े का स्थलीय निरिक्षण कर टीम गठित कर जल्द घटना का सफ़ल अनावरण करने का भरोसा मृतक के परिजनों को दिया था और उस पर कामयाबी भी मिली और पुलिस द्वारा मंगलवार को घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ़्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया था।एडीसीपी लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में एडीसीपी अमोल मुरकुट द्वारा ने बताया कि आरोपी बच्चा लाल ने पूछताछ में बताया कि मृतक प्रदीप की पत्नी चांदनी गौतम उर्फ़ ज्योति से उसके काफ़ी समय से अवैध संबंध थे और प्रदीप गौतम अक्सर शराब पीने के बाद मेरी प्रेमिका चांदनी को आए दिन मारता पीटता था जिससे वह काफ़ी परेशान रहती थी जिस कारण हम दोनों लोगों ने प्रदीप को रास्ते से हटाने की योजना बनाई और शनिवार रात्रि को प्रदीप गौतम को मामपुर बाना किसान पथ के किनारे बुलाकर पहले शराब पिलाई और उसके बाद 315बोर के अवैध असलहे से उसकी पीठ व दाहिनी कनपटी पर गोली मारकर हत्या कर दी और मौक़े से प्रदीप की स्पलेंडर बाईक यूपी32केटी 0932 को लेकर फरार हो गया था।जिसके बाद इस घटना को लेकर पुलिस द्वारा टीम गठित की गई थी और क्राईम ब्रांच,सर्विलांस टीम(डीसीपी उत्तरी) व बीकेटी थाना की पुलिस टीम द्वारा अहम सबूतों के आधार पर मृतक की पत्नी चांदनी उर्फ़ ज्योति गौतम व उसके प्रेमी बच्चालाल पुत्र जालंधर निवासी कुर्रापुरवा,थाना-कमासिन,जनपद बांदा को गिरफ़्तार कर उनके पास से एक अवैध तमंचा,एक जिंदा कारतूस व मृतक की स्पलेंडर मोटरसाइकिल बरामद कर घटना का सफ़ल अनावरण किया।प्रेसवार्ता के मौक़े पर एसीपी बीकेटी ज्ञानेंद्र सिंह भी मौजूद रहे,वही घटना के सफल अनावरण में क्राइम ब्रांच,क्राईम सर्विलांस टीम डीसीपी उत्तरी के साथ बीकेटी थाना से प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह,निरीक्षक कैलाश चन्द्र दुबे,उ.नि.राम प्रभाव, अशोक यादव,शेषमणि मिश्रा,शैलेंद्र मिश्रा,अनिल कुमार व महिला उ.नि.सृष्टि निगम,कांस्टेबल अम्बरीष सिंह,सचिन यादव,दिलीप कुमार,नितिन व म.का.रचना शर्मा,सिम्पल चतुर्वेदी शामिल रही।

# संविदा कर्मी को ड्यूटी के दौरान करंट लगने से गंभीर चोटें, परिवार को मुआवज़ा देने की मांग

## बीकेयू श्रमिक जनशक्ति ने किया धरना प्रदर्शन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। दुबग्गा उपकेंद्र पर कार्यरत संविदा कर्मी श्री धीरज वर्मा कार्य के दौरान करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बाद ऊर्जा विभाग से उनके एक परिजन को सरकारी नौकरी और ?30 लाख मुआवज़ा देने की मांग उठाई गई है।

जानकारी के अनुसार, धीरज वर्मा निवासी काकोरी कटरा बाज़ार, 27 सितंबर 2025 को ड्यूटी के दौरान विद्युत लाइन जोड़ने का कार्य कर रहे थे। उसी समय बिना किसी पूर्व सूचना के लाइन चालू कर दी गई, जिससे उन्हें तेज़ झटका (इलेक्ट्रिक शॉक) लगा और वे नीचे गिर पड़े। हादसे में उनके दोनों हाथ काटने पड़े, जबकि दोनों पैरों में गंभीर चोटें आईं।

घटना के बाद परिजनों ने कहा कि अब तक न तो किसी प्रकार की सरकारी सहायता और न ही आर्थिक मदद मिली है। विभागीय स्तर पर कई बार पत्राचार होने के बावजूद कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। वहीं, भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ति के राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद सलमान ने अपने पूरे संगठन के साथ पीड़ित को न्याय दिलाने की बात कही है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि विद्युत विभाग की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संगठन ने विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। मोहम्मद सलमान ने चेतावनी दी कि अगर पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला, तो आंदोलन बड़े स्तर पर किया जाएगा।

# जन समस्याओं की सुनवाई के लिए खुला बसपा का क्षेत्रीय कार्यालय



कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ। में मोहान रोड स्थित घुर घुरी तालाब के पास जन समस्याओं की सुनवाई के लिए बसपा का विधानसभा सरोजनी नगर का क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित किया गया। है ।जिसका उद्घाटन मंगलवार को हुआ। इस कार्यालय की स्थापना समाजसेवी अंगनू दास के प्रयास से हुआ । अंगनू दास ने बताया कि समाज से तमाम लोगों की समस्याओं की सुनवाई उचित स्तर पर नहीं हो पाती है। जिसकी वजह से पीड़ित न्याय के लिए भटकता है। अब इस कार्यालय के माध्यम से पीड़ितों की समस्या उच्च स्तर तक पहुंचाई जाएगी ।जिससे पीड़ितों को न्याय मिल सकेगा। इस अवसर पर सूरज सिंह जाटव मुख्य मंडल प्रभारी लखनऊ मंडल व अयोध्या मंडल , मोहित आनंद मुख्य मंडल प्रभारी लखनऊ मंडल ,डॉक्टर सुशील कुमार 'मुन्ना ,मंडल प्रभारी लखनऊ मंडल ,ब्रजेश कुमार चौधरी , मंडल प्रभारी लखनऊ मंडल ,अनुरेंद्र प्रताप गौतम , जिला प्रभारी लखनऊ आलोक कुमार वर्मा, पूर्व मंडल प्रभारी लखनऊ मंडल नीरज गौतम , विधान सभा प्रभारी सरोजनीनगर मुन्नीलाल जहानाबादी विधान सभा अध्यक्ष सरोजनीनगर,नीरज वर्मा पूर्व विधान सभा संयोजक मौजूद रहे।

# नगराम: तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल युवक की 21 दिन बाद मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**इलाज में खर्च हुए पांच लाख, पिता बोले—सब कुछ खत्म हो गया**

**जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज ने परिजनों से की मुलाकात, हर सम्भव मदद करने की बात**

नगराम, लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के सिरौना गांव निवासी हरिनाम के बेटे विनीत (26) की इलाज के दौरान सोमवार को मौत हो गई। वह बीते 6 अक्तूबर को सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुआ था। हादसे के 21 दिन बाद इलाज के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी। परिजनों ने बताया कि नगराम से घर लौटते समय हुसैनाबाद स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचा ही था कि तेज रफ्तार कार (यूपी 42 ए के 3874) ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मारी। हादसे में विनीत गंभीर रूप से घायल हो गया था। वह लखनऊ के इंदिरा नगर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती रहा, जहां पिता हरिनाम उर्फ नान्ह ने इलाज में करीब पांच लाख रुपये खर्च किए, लेकिन सुधार नहीं हुआ। सोमवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई शव को लेकर परिजन घर आ गए। तीन भाइयों में विनीत सबसे बड़ा था, विनीत का विवाह अनैया खरगापुर गांव से प्रेम कुमार की पुत्री सविता से हुआ था। उसका एक वर्षीय बेटा शिवांश है। मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। पति की मौत की पुष्टि होते ही पत्नी सविता अचेत होकर गिर गई, जिसका एक हरदोइया बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। परिजनों की सूचना पर मंगलवार की सुबह पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और कार्यवाही जुटी है। मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि कार को कब्जे में ले लिया गया है, बीते 10 अक्टूबर को मुकदमा दर्ज किया गया है और वाहन चालक की तलाश जारी है। वहीं सूचना मिलने पर जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज मृतक के परिजनों से मुलाकात किया और हर सम्भव मदद करने की बात कही है।

# महानगर पुलिस की सराहनीय पहल गुमशुदा मोबाइल बरामद कर युवक की लौटाई मुस्कान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। महानगर पुलिस ने एक बार फिर जनसेवा की मिसाल पेश की है। अपना खोया हुआ मोबाइल वापस पाकर युवक के चेहरे पर लौट आई मुस्कान। सहायक पुलिस आयुक्त महानगर अंकित कुमार के निर्देशन में, थाना प्रभारी अखिलेश मिश्रा के नेतृत्व में चौकी प्रभारी अकबर नगर अनुराग सिंह व कंस्टेबल शिवम सिंह ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए युवक का गुमशुदा मोबाइल बरामद किया। मोबाइल वापस मिलने पर युवक ने महानगर पुलिस के इस मानवीय कदम की सराहना करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया और कहा कि पुलिस की इस तत्परता ने जनता का विश्वास और मजबूत किया है। महानगर पुलिस का यह प्रयास समाज में पुलिस की संवेदनशील छवि को और भी सशक्त बनाता है।

# नेचुरल टच वेलफ़ेयर सोसाइटी द्वारा गर्ल्स हॉकी चैम्पियनशिप का सफल आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नेचुरल टच वेलफ़ेयर सोसाइटी के तत्वावधान में गर्ल्स हॉकी चैंपियनशिप 2025 का आयोजन करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स डिग्री कॉलेज लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम का संचालन सोसाइटी की अध्यक्ष स्मृति शर्मा और सचिव प्रदीप कुमार शर्मा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में कुल 7 टीमों ने भाग लिया। जिसमें विजेता टीम अंडर 14 वर्ग में सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल लखनऊ अंडर 19 वर्ग में कानपुर पब्लिक स्कूल ।सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अद्विका त्रिवेदी (माउंट कार्मेल कॉलेज लखनऊ) रही।कार्यक्रम का उद्घाटन लखनऊ विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग की सहायक प्रोफ़ेसर शशि कनौजिया ने किया। उन्होंने छात्राओं को खेल भावना अपनाने और खेलों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा की बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी भर चलकर हिस्सा लेना चाहिए इससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास होता है आज लड़के और लड़कियां अपने बौद्धिक क्षमता से खेल कूद में भारत का नाम रोशन कर रही है।कार्यक्रम में विजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। आयोजन समिति ने सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## गोसाईगंज थाने में नष्ट की गई 1540 लीटर अवैध देशी व अंग्रेजी शराब



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।
गोसाईगंज थाने में वर्ष 2022 से 2025 तक पंजीकृत हुए आबकारी अधिनियम के कुल 98 अभियोगों से सम्बंधित 1540 लीटर अवैध कच्ची देशी व अंग्रेजी शराब का मंगलवार को विनिष्टीकरण/निस्तारण किया गया।इंस्पेक्टर गोसाईगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गोसाईगंज थाने में वर्ष 2022 से 2025 तक पंजीकृत हुए आबकारी अधिनियम के 98 अभियोगों में परीक्षण के बाद आरोप पत्र न्यायालय को प्रेषित किया जा चुका था।जिससे सम्बन्धित अवैध शराब थाना मालखाने में रखी थी।जिसके विनिष्टीकरण के लिए न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जाने के उपरांत सहायक पुलिस आयुक्त गोसाईगंज द्वारा नियमानुसार कमेटी गठित कर मंगलवार को थाना परिसर के पिछले हिस्से में लगभग 4 लाख रुपये मूल्य की 1540 लीटर अवैध शराब का विनिष्टिकरण/ निस्तारण कर दिया गया।

## महिला को गिरा कर लात घुसो से मारा,कपड़े फाड़े

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज कोतवाली में क्षेत्र की ग्राम पंचायत शिवलर के मजरा रज्जाकपुर निवासी महिला शांति पत्नी संतदीन की ओर से दिए गए प्रार्थना पत्र में खुद को कुछ लोगो द्वारा गिरा कर लात घुसो से मारने की शिकायत की गई है।शिकायत पत्र में महिला की ओर से आक्रमण कारियो पर खुद के कपड़े फाड़ने की बात भी कही गई है। पीड़िता के शिकायत पत्र में कहा गया कि उसकी शिवलर गांव में जमीन है। उसी जमीन पर गांव के ही निवासी पिता पुत्र देवा नन्द पुत्र गंगा प्रसाद व मनीष पुत्र देवानंद कब्जा करने की नियत से 28 अक्टूबर 2025 को नींव खुदवाना शुरू कर दिया। इस बात की जानकारी पीड़िता को हुई तो उसने मौके पर जाकर आपत्ति की। पहले दोनों पक्षों में कहा सुनी हुई फिर बात इतनी बढ़ गई और मार पीट शुरू हो गई। शिकायत कत्री के अनुसार आरोपियों ने उसे अकेली पाकर जमीन पर गिरा दिया और मारा पीटा तथा कपड़े भी फाड़े।

## नगर निगम की लापरवाही फिर हुई उजागर

**नगर निगम बाज़ नही आ रहा अपनी नाकामी उजागर करने मे...**

लखनऊ ।मंगलवार विभाग अगर अपना काम सही से करता तो ये ना होता ये हम नही बल्कि उन क्षेत्र के निवासी कह रहे हैँ जो विभागीय लापरवाही से परेशानी का सामना कर रहे हैं ये तस्वीर बरसात के मौसम की ना सही पर बिना मौसम हुई हल्कि बारिश की है जो शायद इसलिए भी आई हो जिससे पता चले कि नगर निगम अपने काम को लेकर कितना संजीदा रहता है ।आपको बता दे राजधानी के दौलतगंज क्षेत्र के इक़बाल नगर का है जहाँ हलकी सी बारिश ने लोगों को घर मे रहने को मजबूर कर दिया कारण था नाली नालों की सफाई ना हो पाना सभी जानते हैं ये काम नगर निगम के अंतर्गत आता है लेकिन नगर निगम कभी अपने इस काम को ठीक से नही करता जिसकी कई तस्वीरें बारिश के मौसम मे भी देखी गई हैँ और अब जब हलका सा पानी बरसा तब भी नगर निगम के काम का झाम हर तरफ फैला दिखाई दिया जिससे लोगों का घर से निकलना घंटो दुभर रहा जब तक पानी स्थानीय मदद से ना हटाया जा सका अब सवाल ये है कि जब विभागीय कार्य भी स्थानीय लोग ही करेंगे तो विभाग के कर्मचारी केवल वेतन लेने के लिए ही रहेंगे।



# कैसरबाग पुलिस की बड़ी सफलता मोबाइल झपटमार गिरफ्तार




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। थाना कैसरबाग पुलिस टीम ने मोबाइल झपटमारी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी हुआ मोबाइल फोन बरामद किया है।पुलिस आयुक्त लखनऊ अमरेन्द्र कुमार सेंगर, पुलिस उपायुक्त (पश्चिम),अपर पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) व सहायक पुलिस आयुक्त कैसरबाग के निर्देशन में थाना प्रभारी अंजनी कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को धर दबोचा।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अलमत सिंह के रूप में हुई है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक गौरव बाजपेयी, उपनिरीक्षक विशाल सिंह व अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।पुलिस के अनुसार मुखबिर खास से सूचना मिलने पर टीम ने दबिश दी और आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। उसकी तलाशी के दौरान चोरी हुआ मोबाइल फोन बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई है।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई पूर्ण कर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

# राजधानी में चोरों के हौसले बुलंद पुलिसकर्मी की सरकारी बाइक पर डाली नजर




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि अब पुलिस की ही बाइक पर हाथ साफ कर दिया। गोमतीनगर इलाके में तैनात एक पुलिसकर्मी की सरकारी बाइक घर के बाहर से चोरी हो गई। सिपाही बालकराम ने बताया कि 26 अक्टूबर की रात उन्होंने अपनी सरकारी बाइक आवास के बाहर खड़ी की थी। सुबह उठे तो बाइक गायब मिली। सूचना मिलते ही गोमतीनगर पुलिस हरकत में आई और मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि बाइक चुराने वाले चोरों तक पहुंचा जा सके। अब देखना ये होगा कि पुलिस अपनी ही बाइक कब तक बरामद कर पाती है।

# मिशन शक्ति अभियान 5.0 - महिला चौपालों का आयोजन एवं पैंपलेट्स वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । अंकुर अग्रवाल द्वारा मिशन शक्ति अभियान फ़ेज 5.0 के तहत जनपदीय पुलिस को सक्रिय भागीदारी कर महिलाओं को जागरुक करने, उनके सशक्तिकरण एवम् सुरक्षा हेतु आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये हैं।

उक्त दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा दलों द्वारा अपने अपने क्षेत्रों/बीट आदि में जाकर उनमें पड़ने वाले विद्यालयों/कस्बों/ग्रामों आदि जाकर जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है। इस क्रम में-




महिला चौपाल लगाकर पैंपलेट्स वितरण- आज दिनांक 28.10.2025 को महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वीमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन-शक्ति-अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला/चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं/छात्राओं को जागरुक किया गया।इसके अतिरिक्त समस्त थानों की पुलिस टीमो द्वारा धार्मिक स्थलों/कोचिंग सेंटरो/पार्क/विद्यालयों/बैंको के बाहर एवम् भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों/लड़को से पूछताछ एवम् आवश्यकतानुसार चेतावनी दी जा रही है।

# निघासन में स्टेरिंग फ़ेल होने से अनियंत्रित बस ठेले में घुसी, युवक गंभीर रूप से घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निघासन खीरी । स्थानीय कस्बे में सोमवार की दोपहर एक बड़ा हादसा उस वक्त हो गया जब एक प्राइवेट बस अचानक स्टेरिंग फ़ेल हो जाने के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे मुंगफली बेच रहे ठेले में जा घुसी। हादसा इतना जोरदार था कि मौके पर अफरातफरी मच गई। बस की चपेट में आने से वहां पास में अपनी बाइक के साथ खड़ा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्राइवेट बस ठ्प्31 इ्ठ 2257 निघासन क्षेत्र से होकर गुजर रही थी, तभी अचानक वाहन की स्टेरिंग फ़ेल हो गई और बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे ठेले में जा टकराई। उसी समय ठेले के पास बाइक के साथ खड़ा एक युवक बस की चपेट में आ गया, जिससे उसका दाहिना पैर बुरी तरह फट गया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई और स्थानीय लोगों ने किसी तरह घायल युवक को बस के नीचे से निकालकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया। वहीं बस चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और बस को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि वाहन की तकनीकी जांच कराई जाएगी और चालक के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस स्थान पर हादसा हुआ, वहां आए दिन वाहन तेज रफ्तार में निकलते हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में स्पीड ब्रेकर लगाए जाएं और बसों की फिटनेस की नियमित जांच की जाए ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

निघासन में हुआ यह हादसा एक बार फिर यह याद दिलाता है कि लापरवाही और वाहन की तकनीकी खराबी मिलकर किसी भी वक्त बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

# सिधौली में साहसी युवक रमन सोनी का भव्य सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिधौली। सिधौली कस्बे में एक दिन पहले हुई चोरी की घटना में युवक रमन सोनी ने अपनी बहादुरी का परिचय देते हुए करीब 1 किलोमीटर दौड़कर एक चोर को पकड़ लिया और लगभग ?2 लाख की कीमत की चैन महिला को वापस दिलाई। इसके बाद रमन ने तत्काल पुलिस को सूचना देकर चोर को पुलिस के हवाले किया, जिससे पूरे क्षेत्र में उसकी सराहना हो रही है।

रमन सोनी की इस साहसिक कार्रवाई से प्रेरित होकर भाजपा जिला संयोजक आईटी सेल अतुल तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने उनका सम्मान किया। यह सम्मान समारोह सिधौली तहसील रोड पर आयोजित किया गया, जिसमें भाजपा विधानसभा संयोजक ललित मिश्रा, आईटी सेल विधानसभा संयोजक विवेक त्रिवेदी, रोहित त्रिवेदी, नितिन कश्यप, विशाल यादव सहित बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे। रमन सोनी की इस बहादुरी ने यह साबित कर दिया कि समाज में अगर हर नागरिक सजग रहे तो अपराध पर काबू पाया जा सकता है। सिधौली गर्वित है अपने इस वीर युवक पर!



# ग्राम पंचायत गुजरेहटा में मनरेगा योजना बनी लूट का अड्डा पोर्टल पर फर्जी हाजिरी, ब्लॉक स्तर तक मिलीभगत का खेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। विकासखण्ड मछरेहटा की ग्राम पंचायत गुजरेहटा में मनरेगा योजना के नाम पर खुली लूट और फर्जीवाड़े का खेल चल रहा है। गांव में हो रहे कार्यों की हकीकत और पोर्टल पर दर्ज हजरियो में भारी अनियमितताओं का खुला खेल खेला जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि जमकर फर्जी हाजिरी भरी जा रही है और नाम मात्र के मजदूरों से काम कराया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार पोर्टल पर एक ही फोटो को बार-बार अपलोड किया जा रहा है, ताकि काम पूरा दिखाया जा सके। खास बात यह है कि जिन महिलाओं के नाम पर हाजिरी दर्ज है, वे तस्वीरों में कहीं नजर नहीं आतीं। इससे साफ है कि मनरेगा के तहत चल रहे कामों में फर्जीवाड़ा और कागजी खानापूर्ति जोरों पर है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि सब प्रधान, सचिव और रोजगार सेवक की मिलीभगत से हो रहा है, जिनकी नजर सिर्फ सरकारी धन की बंदरबांट पर है। काम के नाम पर फोटो खींचना और पोर्टल पर अपलोड करना ही पूरी प्रक्रिया बन चुकी है।



अब बड़ा सवाल यह है कि क्या मछरेहटा ब्लॉक के अफसर इस गंभीर गड़बड़ी से अनजान हैं या फिर मिलकर आंख मूंदे बैठे हैं? ग्रामीणों का आरोप है कि ब्लॉक स्तर से लेकर पंचायत तक का पूरा तंत्र इस फर्जीवाड़े में शामिल है।

मनरेगा जैसी योजना, जिसका उद्देश्य गरीबों को रोजगार देना है, अब ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार का स्थायी जरिया बन चुकी है। अगर इस मामले की निष्पक्ष जांच न हुई तो गुजरेहटा ही नहीं, पूरे ब्लॉक में ऐसे मनरेगा घोटालों की बाढ़ सामने आ जाएगी।

अब जनता पूछ रही है – क्या प्रधान , सचिव व रोजगार सेवक व ब्लॉक स्तर के अफसरों की इस मिलीभगत पर प्रशासन गाज गिराएगा या गुजरेहटा में यह 'कागजों की विकास यात्रा' यूं ही जारी रहेगी?

# 15 साल की नाबालिग को अगवा कर ले गया युवक, पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर (खीरी ) । थाना मझगई क्षेत्र के एक गाँव से 22 तारिक से 15 वर्षीय नाबालिग छह दिनों से लापता है। पिता ने थाने में तहरीरी दे कर रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें रमुआ पर के रंजीत नामक युवक पर आरोप लगाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी और नाबालिग की तलाश शुरू कर दी है। पिता ने आशंका जताई है कि उनकी बेटी के साथ कोई अप्रिय घटना घट सकती है।नाबालिग के पिता के अनुसार उनकी पुत्री 23 अक्टूबर की सुबह घर से रमुआ पुर निवासी एक बच्चे का बाप अपहरण कर ले गया। देर तक जब वापस घर नहीं लौटी तो हम लोग गांव में लोगों के यहां पता लगाने लगे।दो दिन तक तलाशते रहे घरवाले दो दिनों तक उसे नाते रिश्तेदारी में भी तलाशते करते रहे। फिर भी पता चला नही पिताने थाना क्षेत्र के ग्राम रमुआपुर मजरा बौधिया कला के निवासी रंजीत पुत्र उसका अपहरण कर लिया है। रंजीत के मोबाइल पर हमने बात करने की बहुत कोशिश किया पर उसका मोबाइल बंद बता रहा है।पिता ने बताया कि हमारी बेटी अभी नासमझ है,आरोपित द्वारा उसके साथ कोई अप्रिय घटना कारित की जा सकती है। नाबालिग पिता के द्वारा ब्रस्पतिवार को तहरीर दी गई है ।जिसपर मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपित व नाबालिग की तलाश अभी तक मदीने पुलिस नहीं कर पाई है दर-दर के ठोकरें परिजन खाते घूम रहे हैं। कब होगी कार्रवाई व पुलिस ने नाबालिग की माता अनीता देवी द्वारा आईजीआरएस के माध्यम से थाना मझगई को सूचना दी गई फिर भी नाबालिक का पुलिस नहीं लगा पाई सुराग। पूरा मामला थाना क्षेत्र के मझगई का है।




**15 साल की नाबालिग को अगवा कर ले गया युवक, पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज**

**6 दिन भी जाने के बाद भी नाबालिक का नहीं लगा पाई पुलिस सुराग।**

**नाबालिक का पिता 6 दिन से दर-दर की ठोकरे खाता भटक**

# दबंगई से त्रस्त विधवा महिला ने लगाई न्याय की गुहार, बोली न्याय न मिला तो करेगी आत्मदाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जनपद की तहसील मिश्रिख क्षेत्र के जरिगवां गांव की एक अधेड़ विधवा महिला ने अपने ही परिजन पर मकान और भूमि पर कब्जे का प्रयास करने का गंभीर आरोप लगाया है। विधवा महिला ममता उर्फ रामभोली ने बताया कि उसे इंदिरा आवास योजना के तहत मकान आवंटित हुआ था, जिसे उसके पति ने निर्माण कराया था। उसी मकान में बनी दुकानों को उसने किराये पर दिया था, जिनमें उसका जेठ का पुत्र रजनीश व्यापार करता था। महिला का आरोप है कि पति के निधन के बाद रजनीश की नीयत बदल गई और उसने किराया देना बंद कर दिया। इसके बाद वह मकान और बेशकीमती कृषि योग्य भूमि पर कब्जा करने का प्रयास करने लगा। जब उसने विरोध किया, तो उसे धमकियाँ दी गईं और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। भय और असहायता के कारण ममता उर्फ रामभोली ने अपनी दुकानों में ताला लगाकर दुकानों के बाहर तिरपाल डालकर अपनी पुत्री के साथ अस्थायी रूप से रहने का सहारा लिया है। विधवा महिला का कहना है कि उसने इस संबंध में स्थानीय थाना पुलिस और तहसील प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उल्टा, उसे ही मुकदमे में फँसाने की धमकी दी जा रही है। भावनात्मक रूप से व्यथित महिला ने मीडिया के माध्यम से कहा – ल्लगरीबी में किराए पर मकान दिया था, पर पति के गुजरने के बाद जेठ के पुत्र की नीयत बदल गई। अगर मुझे न्याय नहीं मिला तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर गुहार लगाऊँगी, अन्यथा आत्मदाह करने के लिए विवश हो जाऊँगी।ङ्क ग्रामीणों के अनुसार, यह मामला पारिवारिक विवाद और संपत्ति के अधिकार से जुड़ा हुआ है। अब यह देखना होगा कि प्रशासन इस पीड़ित महिला को न्याय दिलाने के लिए क्या कदम उठाता है।

**ग्रामीणों का दावा**

स्थानीय लोगों ने बताया कि रजनीश और उसके भाइयों ने अपने-अपने हिस्से की भूमि खैराबाद निवासी एक युवक को पहले ही बेच दी है। उसके हिस्से की शेष बची भूमि बेंची गयी भूमि के पीछे पड़ी है। ग्रामीणों का कहना है कि अब विवादित भूमि विधवा महिला ममता उर्फ रामभोली के हिस्से की है, जिस पर विधवा महिला लगभग 40 वर्षों से काबिज है जिसपर विपक्षी के द्वारा कब्जे की कोशिश की जा रही है।

## कृषि विभाग द्वारा कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 29 अक्टूबर तक ऑनलाइन बुकिंग आमंत्रित

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । उप कृषि निदेशक ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग, कस्टम हायरिंग सेन्टर, हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग, कृषि डोन, अन्य एकल कृषि यंत्र तथा प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग सेन्टर, फसल अवशेष प्रबन्धन के एकल कृषि यंत्र एवं अन्य योजनाओं के कृषि यंत्र/कृषि रक्षा उपकरण पर अनुदान प्राप्त करने हेतु दिनांक 29-10-2025 रात्रि 12 बजे तक बुकिंग दर्शन पोर्टल-2 के माध्यम से की जाएगी। उन्होंने किसान भाइयों से अपील की है कि अपनी आवश्यकतानुसार अधिक से अधिक संख्या में कृषि यंत्रों की बुकिंग कर कृषि यंत्रों पर अनुदान प्राप्त करें। लाभार्थियों/कृषकों द्वारा निर्धारित समयावधि में विभागीय पोर्टल पर लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने की दशा में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष विभागीय पोर्टल पर ई-लॉटरी के माध्यम से ब्लॉकवार लक्ष्यों के सापेक्ष लाभार्थी का चयन किया जायेगा। रु0 10001.00 से 100000.00 तक अनुदान के कृषि यंत्रों हेतु बुकिंग धनराशि रु0 2500. 00 होगी तथा 100001.00 से अधिक अनुदान के कृषि यंत्रों हेतु बुकिंग धनराशि रु0 5000.00 होगी। ई-लॉटरी में चयनित न होने वाले कृषकों को बुकिंग की धनराशि वापस कर दी जायेगी। अधिक जानकारी के लिए उप कृषि निदेशक, सीतापुर कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

## भैंस चोरी की घटना से संबंधित शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में सघन चेकिंग एवम् अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये है। उक्त दिये गये निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी बिसवां के निकट पर्यवेक्षण में थाना बिसवां पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त असगर अली पुत्र स्व0 वरकत अली कुरेसी निवासी मो0 मियागंज थाना बिसवां जनपद सीतापुर को चोरी की भैंस व पड़िया के साथ गिरफ्तार किया गया। प्रकरण के संबंध में थाना बिसवां पर मु0अ0सं0 528/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस पंजीकृत है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान मा0 न्यायालय किया गया । अभियुक्त का नाम/पता:- असगर अली पुत्र स्व0 वरकत अली कुरेसी निवासी मो0 मियागंज थाना बिसवां जनपद सीतापुर

## बारिश से प्रभावित फसलों के नुकसान की सूचना शीघ्र दें किसान : कृषि विभाग

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उप कृषि निदेशक ने समस्त कृषक बन्धुओं को सूचित किया है कि जिन कृषक भाइयों द्वारा फसल बीमा योजना अर्न्तगत अपनी फसलों का बीमा कराया गया था, दिनांक-27/10/2025 तथा 28/10/2025 को जनपद में हो रही बारिश के कारण उनकी खड़ी फसल अथवा कटाई के दौरान खेतों में मौजूद फसल में यदि कोई क्षति हुयी है तो उसकी सूचना तत्काल टोलफ्री नम्बर 14447 पर दूरभाष के माध्यम से दर्ज करा दें। इसके साथ ही कार्यालय जिला कृषि अधिकारी/कार्यालय उप कृषि निदेशक, सीतापुर एवं अपने विकास खण्ड में स्थित राजकीय कृषि बीज भण्डार के प्रभारी व सम्बन्धित बैंक को लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से फसलों में हुयी क्षति के विषय में अवगत करा दें, जिससे फसलों को हुयी क्षति का आंकलन करते हुए प्रतिपूर्ति हेतु बीमा कम्पनी द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

## छत पर चढ़ रहे 12 फीट के अजगर को ग्रामीणों ने किया रेस्क्यू, जंगल में छोड़ा

बिजनौर । जनपद के नांगल सोती के एक घर में मंगलवार को उस वक्त हड़कम्प मच ग,या जब एक ग्रामीण के घर की छत पर महिलाओं ने भारी भरकम अजगर चढ़ते देखाम् महिलाओं द्वारा शोर मचाने पर गृह स्वामी तथा ग्रामीणों ने अजगर को खुद रेस्क्यू कर वन विभाग को सौंप दिया म् पूरा मामला नांगल के समीप गांव खानपुर का है, जहां स्थानीय ग्रामीण बलवीर सिंह की छत पर एक भारी भरकम अजगर दीवार के सहारे चढ़ते देखा गया। महिलाएं घर की छत पर कपड़े सुखाने जा रही थीं कि उन्हें दीवार के सहारे चढ़कर छत पर जाता हुआ अजगर दिखाई दिया। महिलाओं के शोर मचाने पर आसपास सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठे हो गए तथा वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग के कर्मचारियों के पहुंचने में देर होती देख ग्रामीण कल्लू उर्फ जितेंद्र बिट्टू पहलवान, सुदेश, मुकेश कुमार, तपेश्वर सिंह आदि ने स्वयं अजगर का रेस्क्यू कर बोरे में बंद कर लियाम् अजगर की लम्बाई लगभग 12 फीट तथा वजन 40 किलो बताया गया है म् वन विभाग की नांगल बीट के कर्मचारी इरफान अहमद ने अजगर को सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया है ।

# कोतवाली सदर पुलिस की कार्रवाई दो वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरीऽ जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली सदर पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दो ऐसे वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है जो कई वर्षों से कानून की पकड़ से बाहर थे। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई के उपरांत माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

पुलिस अधीक्षक खीरी श्री संकल्प शर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बीते सोमवार को दो वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।



गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान श्रवण पुत्र रामनरेश निवासी सफियापुर थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी तथा हीरालाल पुत्र रामनरेश निवासी बन्नी थाना कोतवाली सदर जनपद खीरी के रूप में हुई है।

अभियुक्त श्रवण वर्ष 2003 के वाद संख्या 47/2003 धारा 33 एफ एक्ट थाना गोला जनपद खीरी में वारण्टी था, जबकि अभियुक्त हीरालाल वर्ष 2002 के वाद संख्या 68/2002 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट में वांछित चल रहा था। दोनों अभियुक्त लंबे समय से फरार थे और पुलिस की लगातार तलाश के बावजूद गिरफ्तारी से बचते आ रहे थे। सूत्रों के अनुसार, पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दोनों वारण्टी अभियुक्त अपने घर के आसपास देखे गए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने बिना देर किए कार्रवाई करते हुए इलाके में घेराबंदी की और दोनों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रजनीश त्रिपाठी प्रभारी चौकी महेवागंज, हेड कांस्टेबल अनिल जायसवाल, हेड कांस्टेबल धर्मेन्द्र तोमर और कांस्टेबल गौरव पाठक शामिल रहे।

# 12 साल से फरार वारण्टी अभियुक्त सुब्बा सिंह गिरफ्तार

मझगई खीरी । जनपद खीरी में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मझगई थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने वर्ष 2013 से वांछित चल रहे एक वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी श्री संकल्प शर्मा के निर्देश पर जिलेभर में अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन में मझगई थानाध्यक्ष के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 01 वारण्टी अभियुक्त सुब्बा सिंह पुत्र मुख्तयार सिंह निवासी ग्राम धर्मापुर थाना मझगई जनपद खीरी को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, अभियुक्त सुब्बा सिंह वर्ष 2013 के वाद संख्या 1479/2013 धारा 26 वन अधिनियम के मामले में वारण्टी था और करीब 12 साल से फरार चल रहा था। पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी थी, लेकिन वह गिरफ्तारी से बचता रहा।

ठोस अवशिष्ट प्रबंधन पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

# पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी : दिनेश कुमार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाहजहांपुर के अध्यक्ष एवं जिला जज विष्णु कुमार शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को केआर पल्प एंड पेपर्स लिमिटेड में ठोस अवशिष्ट प्रबंधन नीति 2016 विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एलएडीसीएस चीफ दिनेश कुमार मिश्र ने की।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखना और ठोस अपशिष्टों का नियमानुसार प्रबंधन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने निःशुल्क विधिक सहायता और स्थायी लोक अदालत की कार्यप्रणाली के बारे में भी जानकारी दी। एलएडीसीएस असिस्टेंट विवेक शर्मा ने कहा कि प्रदूषण पर नियंत्रण रखना सबका कर्तव्य है। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण की अपील करते हुए वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016 की प्रमुख बातें बताईं। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, बरेली के पीसी कनौजिया ने सॉलिड वेस्ट, प्लास्टिक वेस्ट, बैटरी वेस्ट और ई-वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण की जानकारी दी। नगर निगम के प्रतिनिधि सैफ ने बताया कि निगम की ओर से शहर के सभी मोहल्लों से घर-घर कचरा एकत्र करने के लिए विशेष वाहन चलाए जा रहे हैं। उन्होंने गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में केआर पीएल के चेयरमैन डीपी दीवान ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रतिभागियों का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद अफजल ने किया। इस दौरान संदीप सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी और केआरपीएल के वर्कर्स मौजूद रहे।

# रक्तदान व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी के मार्गदर्शन से इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के बॉटलिंग प्लांट जमौर में रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया। जिसमें ब्लड शुगर, मलेरिया, टाइफाइड, वजन, बीपी आदि की जांच के साथ ही शारीरिक परीक्षण किया गया। राजकीय मेडिकल कॉलेज की ब्लड बैंक की टीम में डॉ. शोभा के नेतृत्व में छाया सक्सेना, सतेंद्र वर्मा आदि ने ब्लड संग्रह किया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ददरौल के डॉ वैभव रस्तोगी, डॉ. रचना रस्तोगी, डॉ जया, डॉ पंकज, डॉ. आरिफ एवं नेत्र परीक्षण अधिकारी अनुराग पाण्डेय, अनुज एलटी, अनिल एलटी, आशीष फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स श्वेता, किरण आदि ने 150 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर का शुभारंभ बॉटलिंग प्लांट के मुख्य संयंत्र प्रबंधक कौशल कुमार पंकज और वरिष्ठ प्रबंधक विपुल कुमार ने रक्तदान कर किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस के सचिव डॉ. विजय जौहरी ने बताया कि एक रक्तदान तीन लोगों को जीवनदान प्रदान करता है। इस दौरान बॉटलिंग प्लांट के अधिकारियों एवं रेडक्रॉस की ओर से आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र कुशवाहा, अवनीश सक्सेना, पातीराम, पवन सक्सेना एवं विपिन कुमार सक्सेना आदि का विशेष सहयोग रहा।

# त्रैमासिक प्रगति को लेकर जिलाधिकारी को जानकारी दी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल ( बहजोई )। कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में वन ट्रिलियन डॉलर योजना से संबंधित द्वितीय ट्रेमास माह जुलाई से सितंबर 2025 की प्रगति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार ने त्रैमासिक प्रगति को लेकर जिलाधिकारी को जानकारी दी। जिलाधिकारी ने उत्पादन, उत्पादक, अनाज, दलहन, मक्का, बाजार इत्यादि की प्रगति के विषय में भी विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया एवं जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ओटीडी कि आगामी बैठक में औद्यानिक फसलों का जीडीपी में योगदान बढ़ाने संबंधी कार्य योजना को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उद्यमिता को लेकर भी जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यमियों को बढ़ावा दिया जाए एवं निर्माण क्षेत्र में अच्छा कार्य किया जाए। जीएमडीआईसी को निर्देश दिए गए कि आगामी समीक्षा बैठक में उद्योगों से संबंधित भूमि अधिग्रहण में आ रही चुनौतियों के बारे में प्रस्तुतीकरण देना सुनिश्चित करें। जीएसटी को लेकर भी जिलाधिकारी ने जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए पर्यटन को लेकर भी जिलाधिकारी ने कहा कि अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन किए जाएं जीएसटी को निर्देशित करते हुए कहा कि छोटे होटलों का सर्वे करते हुए उनका सराय एक्ट के अंतर्गत पंजीकरण करते हुए इस प्रोफार्मा में आंकड़े भरते हुए जीएसटी की आगामी समीक्षा बैठक में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। परिवहन विभाग को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए उन्होंने कहा कि के शासन के दिशा निर्देशों के अंतर्गत निजी बसों को जारी होने वाले परमिटों की संख्या बढ़ाने पर कार्य किया जाए एवं वाणिज्यिक वाहनों का अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन किया जाए।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को वितरित किये गये पम्पलेट

संभल। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फ़ेज-5.0) के तहत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद सम्भल श्री कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) जनपद सम्भल सुश्री अनुकृति शर्मा के निर्देशन में आज दिनाँक 28.10.2025 को जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया । महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा,चौराहों, स्कूलों/कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी0एम0 स्वानिधि योजना, पी0एम0 सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार

शाहजहांपुर। जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रोजा पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर गुर्री क्षेत्र की ढेडी पुलिया के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने एक 315 बोर का तमंचा बरामद किया। पकड़ा गया अभियुक्त थाना रोजा क्षेत्र के ग्राम पडरा सिकन्दरपुर का रहने वाला तैय्यब खां पुत्र छोटे खां है। थाना रोजा पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की और विधिक कार्रवाई करते हुए उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना रोजा के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के साथ उपनिरीक्षक गोविन्द सिंह, कांस्टेवल सुशील कुमार, विकास नागर और धर्मवीर सिंह मौजूद रहे।

# पराली जलाना दण्डनीय अपराध, एचपीसीएल को विक्रय करें किसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के समस्त कृषकों को सूचित किया है कि फसल अवशेष अथवा पराली जलाना एक दण्डनीय अपराध है इसके कारण वातावरण में प्रदूषण फैलता है। फसल अवशेष अथवा पराली जलाये जाने पर पर राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) द्वारा दो एकड़ से कम भूमि वाले कृषक हेतु प्रति घटना के लिए पांच हजार रूपये, दो एकड़ या उससे अधिक किन्तु पांच एकड़ से कम भूमि वाले कृषक हेतु प्रति घटना के लिए दस हजार रूपये तथा पांच एकड़ से अधिक भूमि वाले कृषक हेतु प्रति घटना के लिए तीस हजार रूपये के जुर्माने का प्राविधान है। उन्होंने जनपद के सभी किसानों से अपील की है कि अपने खेतों में किसी भी प्रकार के फसल अवशेष अथवा पराली ना जलाएँ। फसल अवशेष अथवा पराली को अपने खेत में पलट कर जुताई कर सड़ा दें जिससे भूमि का कार्बन स्तर बढ़ेगा एवं भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी, जिससे आगामी फसलों हेतु उर्वरक की मात्रा भी कम प्रयोग होगी। जनपद में सैंजनी, दातागंज स्थित एच.पी.सी.एल. द्वारा भी पराली को क्रय किया जा रहा है। किसान पराली को बेल कराकर एच.पी.सी.एल. सैंजनी, दातागंज को विक्रय कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने जनपद में धान की कटाई करने वाले कम्बाईन धारकों को सूचित किया है कि कम्बाईन में सुपर स्ट्रा मैनेजमेण्ट सिस्टम लगाकर रखें यदि कम्बाईन धारक इस सिस्टम के बिना कम्बाईन से कटाई करते पाये जायेंगे तो उनके कम्बाईन को सीज करते हुऐ दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

## छात्रवृति व शुल्क प्रतिपूर्ति से वंचित रहे छात्र 31 अक्टूबर तक करें ऑनलाइन आवेदन

बदायूँ। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12 को छोड़कर) योजनान्तर्गत अन्य दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत रहे समस्त वर्गों के वंचित छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रति पूर्ति भुगतान हेतु समय-सारिणी निर्गत की गयी है। उन्होंने बताया कि समय-सारणी के अनुसार छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 31 अक्टूबर, 2025 तक है। छात्र/छात्राओं द्वारा हार्ड कापी को वांछित संलग्नकों सहित शिक्षण संस्था में जमा करने की तिथि01नवम्बर, 2025 तक निर्धारित की गयी है। छात्र/छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन में की गई त्रुटियों को ठीक किए जाने की तिथि 08नवम्बर, 2025 से 11नवम्बर, 2025 तक निर्धारित की गयी है। छात्रों द्वारा सही किए गए आवेदन को जमा करने एवं संस्था द्वारा आवेदन पुनः अग्रसारित करने की तिथि 12नवम्बर, 2025तक निर्धारित है।

# डीएम ने की चकबंदी के कार्यों की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने चकबंदी विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को चक आपत्तियों का ससमय निस्तारण सुनिश्चित करने व चकबंदी के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रारूप 01 से प्रारूप 09 तक पर एक-एक कर चर्चा की गई व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में आहूत बैठक में जिलाधिकारी के संज्ञान में आया कि वर्तमान में जनपद के 15 ग्रामों में चकबन्दी प्रक्रियाचीन है, जिसमें सिरासौल पट्टी जसा, परौली, पेंपल, पाठमपुर, गढ़िया लच्छा, पिण्डौल, गिधौल, रुपपुर, बक्सेना, इमलिया, सिरतौल, बेहटा गुसाई, गुलड़िया, चितरी महुआ, रसूला है। उन्होंने अधिकारियों को ग्राम वासियों से बेहतर समन्वय व संवाद स्थापित करते हुए चकबंदी के कार्यों को प्राथमिकता पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने ग्रामवासियों से अपील करते हुए कहा कि चकबंदी के कार्यों में पूर्ण सहयोग करें, क्योंकि जो भी कार्य चकबंदी विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा ग्रामों में कराए जा रहे हैं, वह शासन के निर्देशों के अनुसार आमजन के हित को ध्यान में रखते हुए कराए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने प्रारूप 5 के अंतर्गत धारा-20 प्रारंभिक चकबंदी योजना का निर्माण व प्रशासन का स्तर, प्रारूप 6 के अंतर्गत धारा 23 चकबंदी योजना का पुनरीक्षण का स्तर, प्रारूप 7 के अंतर्गत धारा 24 कब्जा परिवर्तन का स्तर, प्रारूप 8 के अंतर्गत धारा 27 अंतिम अभिलेख की तैयारी का स्तर आदि प्रारूपों पर एक-एक कर चर्चा की व आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर प्रभारी बन्दोबस्त अधिकारी सहित चकबंदी व अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## स्मैक के साथ बरेली का मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार

**शाहजहांपुर।** जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना जैतीपुर पुलिस टीम ने वाहन चेकिंग के दौरान ग्राम बनखण्डी पुलिया से फरीदपुर जाने वाले रास्ते से एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने 105 ग्राम स्मैक बरामद की। पकड़ा गया तस्कर जनपद बरेली के थाना बिथरी चैनपुर के ग्राम अहियापुर का रहने वाला अमन यादव पुत्र रविन्द्र सिंह है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त अमन यादव ने बताया कि वो और उसका साथी भूपेन्द्र यादव पुत्र नरेन्द्र निवासी ग्राम कादरगंज थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली मादक पदार्थ की तस्करी करते हैं। यह स्मैक भूपेन्द्र के ग्राहक को देनी थी। आज दोनों लोग बनखण्डी पुलिया के पास उस ग्राहक इंतजार कर रहे थे। जहां उसको पुलिस ने पकड़ लिया। जबकि पुलिस को देखकर उसका साथी भूपेन्द्र वहां से भाग गया। बताया कि यह स्मैक उसने बरेली के थाना फतेहगंज पूर्वी के ग्राम ग्राम कादरगंज के रहने वाले दीपक उर्फ भूरा पुत्र रामनिवास और नासिर पुत्र मझले से ली थी। फिलहाल, पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर अभियुक्त अमन यादव को जेल भेज दिया है और पुलिस पूछताछ में आए तथ्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना जैतीपुर के उपनिरीक्षक इतेश तोमर के साथ हेड कांस्टेवल अजय राना, तैय्यब अली, कांस्टेवल नवीन पंवार आदि मौजूद रहे।

## चोरी की बाइक समेत दो अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना तिलहर पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान दो लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने चोरी की गई एक मोटर साईकिल बरामद की है। पकड़े गए अभियुक्त थाना तिलहर क्षेत्र के मोहल्ला उम्मरपुर निवासी वारिश पुत्र जमीउल्ला और मुजीब पुत्र नन्हूं खां हैं। पुलिस के अनुसार, अभियुक्तों के कब्जे से बरामद मोटर साइकिल कुछ दिन पहले इसी थाना क्षेत्र से चोरी की गई थी। जिसमें थाने पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज है। बताया कि दोनों अभियुक्तों को आज दोपहर करीब 12.47 बजे सरयू पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। फिलहाल, थाना तिलहर पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को कोर्ट में पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में दोनों को जेल भेज दिया गया।

# बचपन स्कूल की छात्राएं बनी जेल अधीक्षक व सह जेल अधीक्षक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। मिशन शक्ति अभियान के तहत जिला कारागार में कार्यक्रम आयाजित किया। जिसके तहत बचपन स्कूल की छात्रा आराध्या दुबे को एक दिन का जेल अधीक्षक और मानवी मिश्रा को सह जेल अधीक्षक बनाया गया। इस दौरान वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजी लाल ने दोनों बच्चों को अपनी कुर्सी पर बैठाया। वहीं दोनों बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ जेल का कार्यभार संभाला और बंदियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने के निर्देश संबंधित को दिए। वहीं, वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने दोनों बेटियों को जीवन में उच्चतम शिखर तक पहुंचने के लिए प्रेरणा एवं आशीर्वाद दिया। इस दौरान सभी छात्र-छात्राओं ने जेल का निरक्षण भी किया। प्रबंधक रामनरेश सिंह यादव ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजी लाल को कार्ड और पौधा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सहयोग संस्था के संरक्षक शाहनवाज खान एडवोकेट और बचपन स्कूल की प्रधानाचार्या उजमा खान सहित अंजली श्रीवास्तव, काजोल शर्मा, शिवानी इंदु, मिन्हा खान, साक्षी सक्सेना आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। अंत में स्कूल की निर्देशिका सुधा यादव ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक मिजाजी लाल का आभार व्यक्त किया।

## 993 लीटर अवैध शराब नष्ट कराई

**शिकारपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में तहसील शिकारपुर क्षेत्र के पहासू थाना परिसर में निस्तारित 137 आबकारी अधिनियम के मामलों में जब्त की गई 993 लीटर अवैध देशी शराब को न्यायालय के आदेश पर जेसीबी से गड्ढा खुदवा कर दफनाया गया है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी शिकारपुर मधुप कुमार सिंह, आबकारी निरीक्षक (क्षेत्र शिकारपुर) विजय कुमार, थानाध्यक्ष पहासू अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

## तीन ठगों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**शिकारपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील शिकारपुर क्षेत्र के पहासू थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह द्वारा तीन लोगों के खिलाफ कूट रचित दस्तावेज बना धोखाधड़ी करके लोगों से लाखों रुपए ठगने के मामले में गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी द्वारा दर्ज कराए मामले में कहा गया है कि जिले में सक्रिय उक्त गिरोह के लीडर आलमनगर लखनऊ निवासी नीरज यादव पुत्र धीसन यादव, धनीपुर मंडी गांधी पार्क अलीगढ़ निवासी सत्यऐश कुमार उर्फ सतीश पुत्र सतपाल सिंह और गोमती नगर लखनऊ निवासी हिमांशु बौद्ध पुत्र विजय बौद्ध द्वारा कई लोगों से विभिन्न विभागों में अलग-अलग पदों पर नौकरी लगवाने के नाम पर कईऽकई लाख रुपए ठगे जा चुके हैं, जिनके मुकदमा दर्ज हैं। जिससे लोगों में भय और आतंक पैदा है। जिस कारण तीनों ठगों के खिलाफ गैंगस्टर में कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया गया है।

## अलग-अलग जगह से तीन लोग गिरफ्तार

**शिकारपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील शिकारपुर क्षेत्र में अलग-अलग जगह से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली शिकारपुर पुलिस ने मोहल्ला ढ़ोरी वाला से मंडी जाने वाले रास्ते से शिकारपुर के मोहल्ला मुफ्तीवाडा, सुनारों वाली गली निवासी सटोरिया सरताज पुत्र आस मोहम्मद को गिरफ्तार है। सलेमपुर थाना पुलिस ने चिट्ठा गांव निवासी सटोरिया देवेंद्र सिंह पुत्र श्यामलाल को गांव स्थित पंचायत भवन के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों सटोरियों के कब्जे से सट्टा पर्ची और नगदी बरामद की है। अहमदगढ़ थाना पुलिस ने खेलिया गांव गेट के पास से मुंड नगला उर्फ असरफाबाद गांव निवासी चेतन गिरी पुत्र मुकेश गिरी को 19 पव्वा देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

## घर के दरवाजे पर बैठी महिला से मारपीट

**शिकारपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील शिकारपुर के थाना सलेमपुर क्षेत्र के मांगलौर गांव में घर के दरवाजे पर बैठी महिला के साथ गांव निवासी एक परिवार के पांच लोगों द्वारा गालीऽगलौज करते हुए मारपीट की गई। श्रीमती मोनिका पत्नी राहुल उर्फ रबिया द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि गांव निवासी शिवम पुत्र कालू अपने खेत से बुग्गी लेकर घर जा रहा था। रास्ते में वह घर के दरवाजे पर बैठी थी। आरोपित है कि शिवम ने मोनिका को देखकर गालीऽगलौज की। पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि कुछ देर बाद शिवम, अपनी बहन निशा व बृजेश, भाई नितिन और पड़ोसी उषा को लेकर घर आ गया और गालीऽगलौज करते हुए लाठीऽडंडों से मारपीट की। जिससे उसके सिर पर चोट आई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

## महिला समेत पिता और पुत्र घायल किए

**शिकारपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सलेमपुर थाना क्षेत्र के जटपुरा गांव में बच्चोंऽबच्चों के बीच हुए विवाद के बाद बड़े आपस में भिड़ गए। कमरुद्दीन पुत्र रियाजुद्दीन खान द्वारा पुलिस में दर्ज कराए गए मामले में कहा गया है कि इकराम पुत्र रफीक खान ने घर में घुसकर उनसे, उनके पिता रियाजुद्दीन और रिहाना के साथ मारपीट की। जिसमें तीनों लोग घायल हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

## उपले पाथ रही युवती को पीटा

**शिकारपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के डोमला हसनगढ़ गांव में उपले पाथ रही युवती के साथ गांव निवासी युवक ने गालीऽगलौज करते हुए मारपीट की। वीरेंद्र पुत्र छज्जू सिंह ने पुलिस में दर्ज कराए मामले में कहा है कि उसकी पुत्री घर के पास खेल के मैदान की खाली पड़ी भूमि पर उपले पाथ रही थी। इसी दौरान पड़ोसी अनुज पुत्र मेघराज सिंह द्वारा मना किया गया। विरोध करने पर आरोपी द्वारा गालीऽगलौज करते हुए मारपीट की गई। पुलिस में दर्ज कराए गए मामले में कहा गया है कि आरोपी द्वारा उसकी बेटी के साथ-साथ भतीजे अनिल को मारपीट कर घायल कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नारी सशक्तिकरण को लेकर जागरूकता अभियान

**अनूपशहर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** श्रीकांति प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर में नारी शक्ति के गुण तथा दायित्व को लेकर चर्चा की गई। पुलिसकर्मियों द्वारा नारी सशक्ति करण को लेकर मार्ग प्रशस्त किया। मंगलवार को श्री कांति प्रकाश सरस्वती शिशु मंदिर में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मां सरस्वती की समक्ष दीप जलाकर किया। राधा अग्रवाल व मधु शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में समाज के प्रति महिलाओं के दायित्व, नारी शक्ति के गुण, परिवार के प्रति भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इंटरनेट का युग है। जिसमें लाभ तथा हानि दोनों ही सामने आ रहे हैं। प्रत्येक महिला को इंटरनेट का उपयोग महत्वपूर्ण स्थान पर करना चाहिए। अनावश्यक उपयोग करने से घर के कामकाज तथा बच्चों की देखभाल में दिक्कत आ रही है। इससे समाज व रिश्तो में दरार पड़ रही है। इन सबको रोकना हम सभी की जिम्मेदारी है। कोतवाली की महिला उपनिरीक्षक सविता शाक्य हेड कांस्टेबल नीतू गोदारा ने महिला सशक्तिकरण विषय पर कहा कि हमको किसी भी लोभ लालच में आकर अनजान व्यक्ति की ओर आकर्षित नहीं होना है। यदि कोई किसी भी लड़की अथवा महिला को परेशान करने का प्रयास करता है, तब वह अपने घर या निकटवर्ती थाना या महिला हेल्पलाइन पर तत्काल सूचित करें। जिससे किसी भी अनहोनी घटना को होने से पहले ही रोका जा सके। इस मौके पर भावना शर्मा, कंचन राजपूत, खुशबू अग्रवाल, गुंजा शुक्ला, गीता, दिव्यांशी, स्वाति, अंजलि, निहारिका शर्मा आदि योगदान रहा। सौम्या जिंदल, सर्वेश गुप्ता, कल्पना गुप्ता ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए आभार प्रकट किया।

## कार्तिक मेला व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों ने दिए निर्देश

**अनूपशहर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रशासनिक अधिकारियों ने पालिका कर्मचारियों के साथ कार्तिक मेला क्षेत्र का भौगोलिक निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए। मंगलवार को एसडीएम प्रियंका गोयल, पुलिस उपाधीक्षक रामकरन सिंह, कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा, पालिका अधिशासी अधिकारी गार्गी त्यागी ने कर्मचारियों के साथ जाह्नवी प्लेटफार्म, परशुराम घाट, पुल के नीचे बनाए जा रहे मेला के मुख्य पड़ाव स्थल पर जाकर भौगोलिक निरीक्षण किया। एसडीएम ने कहा कि मुख्य मेला स्थल को जोड़ने के लिए अस्थाई पुल बनाया गया है। उसकी ऊंचाई कम है, उन्होंने और मिट्टी डालकर पुल की ऊंचाई और बढ़ाने तथा मेला स्थल व गंगा की धार में काफी अंतर होने के कारण गंगा स्नान के लिए उतरने के स्थान को ढलान दार बनाने का निर्देश दिया। मेला क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था तेज करने के साथ प्रकाश व्यवस्था अधिक करने का निर्देश दिया। पुलिस उपाधीक्षक ने कहा कि गंगा के अंदर की गई वैरीकेटिंग अपेक्षाकृत कमजोर है। इसे और मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कोतवाली प्रभारी से मेला क्षेत्र में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा की जानकारी ली। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि अधिकारियों के दिशा निर्देश का पालन करते हुए बताई गई त्रुटियों को तत्काल दूर किया जाएगा। इस मौके पर राजकिशोर व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## एटा के कवि सम्मेलन में हुआ बदायूँ के युवा रचनाकार का सम्मान

**बदायूँ।** हिंदी काव्य जगत बदायूँ जनपद के जाने माने युवा रचनाकार, कवि एवं साहित्यकार शटबदन शंखधार एक ऐसा नाम है जो किसी परिचय का मोहताज नहीं है इसी के चलते अपने गृह जनपद में ही नहीं अपितु दूर दराज के हिंदी काव्य जगत में लोग उनका लोहा मानते है। हाल ही मे शंखधार ने जनपद एटा के चंद्रा स्वामी इंटर कालेज में आर्यवृत संघ द्वारा आयोजित अखिल भारतीय काव्य उत्सव कार्यक्रम में संयोजक मुरारी लाल मानव द्वारा शाल ओढ़ाकर प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया है।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **19.11.2025** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 01102025 dated 27.10.2025 |
| 2 | निविदा संख्या : 22-Sr.DEN-IV-LKO-2025-26 | |
| 3 | कार्य का नाम : वरि. मण्डल इंजीनियर–चतुर्थ–लखनऊ के अधिकार क्षेत्र में सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रथम/सुलतानपुर और सहायक मण्डल इंजीनियर–द्वितीय/सुलतानपुर के तहत के अंतर्गत लेवल क्रॉसिंग के इंटरलॉकिंग के संबंध में एलसी संख्या 12/सी, 26/सी, 30/सी, 80/सी, 90/सी, 101/एसी, 167/सी, 175/सी, 184/सी और 186/सी (कुल = 10) पर एसएंडटी बिल्डिंग का प्रावधान। | |
| 4 | अनुमानित लागत : रु. 1,06,11,502.56 | |
| 5 | धरोहर राशि : रु. 2,03,100.00 | |
| 6 | कार्य की समापन अवधि : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। | |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि : 05.11.2025 | |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 19.11.2025 at 15:00 hrs. | |
| 9 | वेबसाईट : www.ireps.gov.in | |

नोट:- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3339/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# पालीथीन स्पलाई करने वाले दुकानदारों पर होंगी कार्यवाही : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरणीय समिति जिला गंगा समिति की बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में सर्वप्रथम विगत एजेंडा के अनुसार विभागवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिका रियों को निर्देश दिये हैं कि जनपद में वेटलैंड को अतिक्रमण एवं जलकुंभी से मुक्त किया जाए साथ ही जो वेटलैंड मृत हो चुके हैं उन्हें पुनर्जीवित किया जाए।बैठक में जिलाधिकारी ने नगरपालिका परिषद को निर्देश दिये हैं कि शहर से निकलने वाले कूड़े का निस्तारण समय से कराते रहे। साथ ही खनन विभाग को निर्देश दिया गया है कि जनपद के सभी ईंट भट्ठों का नियमानुसार बराबर निरीक्षण करें,तथा जनपद में हो रहे, अवैध खनन को प्रभावी ढंग से कार्य वाही करते हुए



रोक लगायें। ताकि जनपद में कोई भी ईंट भट्ठा अवैध रूप से न चलाने पायें। साथ ही साथ जनपद में अवैध खनन पर विशेष ध्यान दिया जाय, ताकि जनपद में कहीं पर अवैध रूप से मिट्टी खनन न होने पाये।बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारि यों से टेढ़ी नदी को पुनर्जीवित करने के संबंध में विशेष समीक्षा की।समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इसके संबंध में प्रभावी कार्य योजना बनाकर तैयार करें, ता कि जनपद में टेढ़ी नदियों को पुनर्जीवित किया जा सके।बैठक में डीएम ने सभी विभाग के अधिकारियों से पौधारोपण की गहन समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभाग के अधिकारि यों को कड़े निर्देश दिये है कि शासन द्वारा नि र्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत पौधों के जीयोटैगिंग करना सुनिश्चित करें।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनपद में जो वृक्षारोपण कराये गये है उन सभी पौधों को जीवित रखने के लिए विशेष ध्यान दिया जाय। बैठक में टेढ़ी नदी से पार्वती अरगा में पानी जाने की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा है कि छोटे-छोटे बाजारों में गंदगी करने वाले दुकानदारों पर जु र्माना लगायें। उन्होंने यह भी कहा है कि शहर में पालीथीन स्पलाई करने दुकानदारों को चिन्हित करके कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं।

# आरती हत्याकांड का आरोपी चार दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त से दूर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के कोल्हम पुर गाँव में आरती देवी हत्याकांड को अंजाम देने वाला आरोपी पति गुनीराम चार दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त से दूर है।पुलिस की चार टीमें लगातार उसकी तलाश कर रही हैं, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। आरोपी गुनीराम अपना मोबाइल फोन घर पर ही छोड़ गया है, जिससे उसकी लोकेशन ट्रेस करने में पुलिस को काफी परेशानी हो रही है।पुलिस ने उसके रिश्तेदारों और दोस्तों से भी कड़ी पूछ ताछ की है, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।पुलि टीमें लगातार संभावित ठिका नों पर दबिश दे रही



हैं।मृतक आरती देवी के भाई विनय कुमार भी अपने दोस्तों के साथ आरोपी जीजा की तलाश कर रहे हैं, लेकिन उन्हें भी कोई सफलता नहीं मिली है।यह घटना बीते शनिवार सुबह की है,जब गुनीराम ने अप नी 36 वर्षीय पत्नी आरती देवी की हथौड़ी से सिर पर वार कर और गला रेतकर हत्या कर दी थी।वारदात को अंजाम देने के बाद से वह फ रार है।

**पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल**

गोंडा के पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि मामले के खुलासे के लिए पुलिस की चार टीमें लगाई गई हैं।उन्होंने कहा, 'जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर पूरे हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा।मोबाइल फोन साथ न होने के कारण तलाश में कुछ कठिनाइयां आ रही हैं।पुलिस की चार टीमें लगी हुई है गुनीराम की गहनता से तलाश की जा रही है।

## दस्तक अभियान के अंतर्गत आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां कागजों में गृह भ्रमण न करें : जिलाधिकारी

मुरादाबाद। जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने कहा कि, दस्तक अभियान के अंतर्गत आशा और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अनिवार्य रूप से गृह भ्रमण करें, घर बैठकर कागजों में गृह भ्रमण न करें। इसके लिए उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को भी निर्देशित किया। बैठक में जिलाधिकारी ने आगे कहा कि शासन के निर्देशानुसार 5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है।

# रुद्र ने बढ़ाया जिले का मान शिवा कम्पटीशन हब ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। इटियाथोक क्षेत्र के परसिया बहोरीपुर गाँव के महज पांच वर्ष की उम्र के बच्चे रुद्र प्रताप साहू ने अपनी अद्भुत सामान्य ज्ञान क्षमता से सबको हैरत में डाल दिया है। रुद्र बिना रुके उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के नाम, देश के सभी राज्यों की राजधानियाँ, सभी मुख्यमंत्रियों के नाम तथा रासायनिक तत्वों के नाम सुना देता है। हाल ही में गोंडा की डीएम प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा सम्मानित किए जाने के बाद मंगलवार को मेधावी बच्चे को शिवा कम्पटीशन हब के संस्थापक अजय पाठक, मोटिवेशनल स्पीकर आशीष मिश्र शिक्षक अरुण मिश्र शिक्षक और साहित्यकार रोहिणी नंदन मिश्र और दिलीप गुप्ता द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया और मिष्ठान भी खिलाया गया इसके साथ हीं उसके पिता



का भी सम्मान किया गया।इस अवसर पर सभी ने रुद्र की प्रतिभा की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रुद्र के पिता धर्मेन्द्र साहू एवं माता रेखा देवी ने बताया कि रुद्र की रुचि प्रारंभ से ही सामान्य ज्ञान में रही है। वह एम.के. कान्वेंट स्कूल, हरैया झुमन, इटियाथोक में पढ़ता है और मोबाइल पर शैक्षिक वीडियो देखकर स्वयं ज्ञान अर्जित करता है नन्हे रुद्र ने बताया कि उसका सपना बड़े होकर एक प्रशासनिक अधिकारी बन कर देश और समाज की सेवा करना है।

## किसानों को 50 फीसदी अनुदान पर मिलेंगे रबी फसल के बीज

फर्रुखाबाद । उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जनपद 50 प्रतिशत अनुदान पर किसानों को बीज उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए बीज वितरण केन्द्र निर्धारित कर दिए गए हैं। यह जानकारी जिला कृषि अधिकारी बीके सिंह ने मंगलवार को दी। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि रबी की फसलों की बुवाई की तैयारी प्रारम्भ हो चुकी है। इसको लेकर कृषि विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जनपद में गेहूं, चना मटर मसूर, सरसों, के गुणवत्तायुक्त बीज 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध है। इसमें प्रमुख रूप से गेहूं की प्रजाति डीबीडब्लू 757, पीबीडब्लू 752, डीबीडब्लू 187, डीबीडब्लू 222, डीबीडब्लू 303, डीबीडब्लू 371, डीबीडब्लू 327 की प्रजाति कुल 9400 कुन्तल की उपलब्धता सभी 7 विकास खण्डों पर स्थित राजकीय कृषि बीज भण्डार एवं 15 सहकारी बिक्री केन्द्र पीसीएफ अमृतपुर, राजेपुर, मंझना, चिलसरा, गनीपुर जोगपुर, नगला नान, पखना, हरकमपुर, मदनपुर, महमदगंज परमनगर, कुबेरपुर कुतलूपुर, अमृतपुर, कनासी, कमालगंज, भटासा, कायमगंज(उत्तरी) पर उपलब्ध है, जहां पर कृषकों को 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज वितरण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त जिले में सहकारी एवं निजी उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर माह अक्टूबर के लक्ष्य के सापेक्ष पर्याप्त उर्वरकों की उपलब्धता है।

# उगते सूरज को अर्घ्य देकर पूरा हुआ छठ महा पर्व,घाट पर उमड़ी व्रती महिलाओं की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । छठ महापर्व उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ संपन्न 36 घंटे का निर्जला व्रत पूरा घाटों पर व्रती महिलाओं की भारी भीड़ उगते हुए सूरज को अर्घ्य देकर आज छठ महापर्व खत्म हुआ। इसी के साथ 36 घंटे का निर्जला व्रत भी संपन्न हुआ।मंगलवार की सुबह व्रती महिलाओं ने जल में डुबकी लगाकर सूर्य देव को अर्घ्य दिया सूर्य देव से महिलाएं ने संतान की दीर्घायु, पारि वार की सुख-समृद्धि और मंगल जीवन की कामना की।तस्वीरों में देखिये सुबह कैसा था घाटों पर नजारा।भगवान सूर्यदेव को प्रातः कालीन अर्घ्य के साथ आज महापर्व छठ का शुभ समापन हुआ।चार दिवसीय इस अनुष्ठान के दौरान छठ पूजा की हमारी



भव्य परंपरा के दिव्य दर्शन हुए।समस्त व्रतियों और श्रद्धालुओं सहित पावन पर्व का हिस्सा बने अपने सभी परि वारजनों का हृदय से अभिनंदन छठी मइया की असीम कृपा से आप सभी का जीवन सदैव आलोकित रहे।

# अनियंत्रित होकर थार पलटी,पेड़ से कराकर उड़े परखच्चे



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । लखनऊ हाईवे पर देर रात एक थार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। यह घटना गोंडा जनपद के देहात कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत माधवपुर चकत्तता में हुई। हादसे में कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए है।बताया जा रहा है कि यह वाहन अधिवक्ता स्वर्गीय रवि प्रकाश पांडेय के बेटे आर्यन पांडेय की है।अभी

थार गाड़ी अभी दीपावली में खरीदी गई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार,कार की गति काफी तेज थी। हादसा रात करीब 11: 30 बजे हुआ जब तेज रफ्तार थार अनियंत्रित होने के बाद कार पहले ईंट के एक ढेर से टकराई। इसके बा द वह एक झोपड़पट्टी को तोड़ते हुए सड़क कि नारे लगे पेड़ से जा भिड़ी।सूचना मिलने पर एंबु लेंस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को गोंडा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहाँ उनका इलाज चल रहा है। देहात कोतवाली पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । स्वतंत्र भारत के वास्तुकार लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती 31 अक्टूबर ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' जनपद में गरिमापूर्वक मनाया जायेगा। राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों की रूप रेखा निर्धारण के उद्देश्य से सोमवार को देर शाम विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों का श्रीगणेश प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की प्रभात फ़ेरी से होगा। इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये गये।

इसी प्रकार शहीद स्मारक स्थल से इन्दिरा गॉधी स्टेडियम तक रन फार यूनिटी का आयोजन होगा। जिसके सम्बन्ध में सीडीओ श्री चन्द्र द्वारा अपर पुलिस




अधीक्षक नगर, प्राचार्य किसान महाविद्यालय, जिला विद्यालय निरीक्षक व प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज व जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी को निर्देश दिया गया कि रन फार यूनिटी में नवनियुक्त आरक्षी, एन.सी.सी. कैडेट, छात्र-छात्राओं, एन.एस.एस. कैडेट व पी.आर.डी. जवानों की प्रतिभागिता सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये। रन फार यूनिटी के सफल आयोजन के लिए जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केन्द्र, मुख्य चिकित्साधिकारी तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर को यातायात, चिकित्सा व अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक के दौरान प्राचार्य मेडिकल कालेज को निर्देशित किया गया कि चिकित्सालय में स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग से मरीजों को फल का वितरण कराया जाये। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज को निर्देशित किया गया कि लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाय। जिला समाज कल्याण अधिकारी को स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग से वृद्ध एवं कुष्ठ आश्रम में दोपहर के भोजन एवं फल वितरण तथा सहायक श्रमायुक्त को लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जीवन पर विचार गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कराये जाने के निर्देश दिये गये। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सीडीओ द्वारा जिला विकास अधिकारी राज कुमार को नोडल एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को सह नोडल नामित करते हुए अपनी देख-रेख में सम्पूर्ण आयोजन सकुशल सम्पन्न कराये जाने के निर्देश दिये गये।

## विपक्ष को भारतीय वोटरों की नहीं बल्कि, घुसबैठियों की चिंता है : प्रकाश पाल

कानपुर । एसआईआर लागू होने से देश का लोकतंत्र और अधिक सशक्त होगा। बोगस मतदाता सूची से बाहर होंगे और वास्तविक मतदाताओं को शामिल किया जाएगा। बड़ी संख्या में जो बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिए मतदाता सूची में शामिल हो गए हैं, वे चिन्हित होंगे। विपक्ष को भारतीय मतदाताओं की चिंता नहीं, बल्कि घुसपैठियों की चिंता है। इसलिए वे एसआईआर का विरोध कर रहे हैं। भाजपा चुनाव आयोग के इस निर्णय का स्वागत करती है। यह बातें मंगलवार कानपुर-बुंदेलखंड भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कही। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय, नवीन मार्केट कानपुर में आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रकाश पाल ने कहा कि सरदार पटेल ने दर्जनों रियासतों का भारत में विलय कर एक भारत, मजबूत भारत की नींव रखी। यदि सरदार पटेल को प्रधानमंत्री बनने का अवसर मिला होता तो भारत आज और भी सशक्त होता। उन्होंने कहा कि नेहरू ने सरदार पटेल के वोट चोरी कर प्रधानमंत्री पद प्राप्त किया। जब सरदार पटेल का निधन हुआ तो उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों को मुम्बई जाकर उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होने से भी रोका था। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरदार पटेल के विचारों को आगे बढ़ाते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत का नारा दिया। वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे देश के किसानों से लोहा (धातु) एकत्र कर सरदार पटेल को न केवल "लौह पुरुष" कहकर सम्मानित किया, बल्कि विश्व की सबसे ऊंची 182 मीटर की प्रतिमा "स्टैचू ऑफ यूनिटी" का निर्माण कर उन्हें अमर कर दिया। पीएम मोदी ने 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में घोषित किया और 'रन फॉर यूनिटी' जैसे कार्यक्रमों की शुरुआत की, जिससे हर नागरिक में एकता और अखंडता की भावना सशक्त हुई। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बताया कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर भाजपा पूरे प्रदेश में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। प्रत्येक बूथ स्तर पर 31 अक्टूबर को सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तर पर रन फॉर यूनिटी के कार्यक्रम होंगे। वहीं लोकसभा एवं विधानसभा स्तर पर पदयात्राएं, विद्यालयों में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाबग

## प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की सतत निगरानी में सम्पन्न हुआ लोक आस्था का पर्व

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। लोक आस्था और श्रद्धा का महान पर्व छठ महापर्व सोमवार की सुबह गोरखपुर में श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन के वातावरण में सम्पन्न हुआ। नहाए-खाए से आरंभ होकर चार दिनों तक चलने वाले इस पर्व के अंतिम दिन उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के लिए हजारों व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं ने गोरखपुर के घाटों, तालाबों और कृत्रिम जलाशयों पर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। जैसे ही पूर्व दिशा में सूर्य की पहली किरण दिखाई दी, श्रद्धालुओं ने जल में खड़े होकर सूर्य देव को दूध, गंगाजल, और फल अर्पित कर आभार प्रकट किया। वातावरण "छठ मइया के जयकारों" से गूंज उठा।

गोरखपुर के प्रमुख घाटों- राजघाट, रामघाट, गोरखनाथ घाट, रामगढ़ताल, जेल बाई पास रोड स्थित सरस्वतीपुरम लेन प्रथम,

महेशरा, चिलुआताल, झगहा, पीपीगंज, कैम्पियरगंज, रोहिणी और मीरपुर घाट –मीरपुर के राप्ती सहित जनपद के हर गांव की वर्ती



महिलाओं ने अपने अपने गांव के नजदीक के पोखरों नदियों तालाबों पर आस्था का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ा। श्रद्धालु परिवार सहित पहुंचकर चार दिनों के कठिन व्रत का समापन कर रहे थे। महिलाओं ने परंपरागत परिधान में विधि-विधान से पूजा की, वहीं पुरुष व बच्चे दीप जलाकर घाटों को आलोकित कर रहे थे।

सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद- छठ पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन और पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। पूरे जिले के घाटों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। एडीजी जोन मुथा अशोक जैन, डीआईजी रेंज एस. चनप्पा, मंडलायुक्त अनिल ढींगरा, जिलाधिकारी दीपक मीणा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर स्वयं विभिन्न घाटों पर भ्रमण करते रहे और सुरक्षा, स्वच्छता तथा प्रकाश व्यवस्था का जायजा लिया।

वहीं एसपी सिटी अभिनव त्यागी, एसपी नॉर्थ जितेंद्र श्रीवास्तव तथा एसपी साउथ जितेंद्र कुमार ने अपने-अपने क्षेत्र के घाटों का निरीक्षण किया और पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। यातायात प्रभारी राजकुमार पांडेय के नेतृत्व में शहर के सभी मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखा गया ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल और महापौर डा. मंगलेश श्रीवास्तव के निर्देशन में नगर निगम द्वारा शहर के सभी घाटों पर सफाई, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था की सुदृढ़ तैयारी की गई थी। घाटों की कुल संख्या: 46 मुख्य + 64 अन्य घाट सफाई कर्मी: 3200+ पानी के टैंकर: 110 स्ट्रीट/रोड लाइट: 20,000+ एप्रोच मार्ग/तालाब निर्माण: 180+ नगर निगम के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी डीपीआरओ नीलेश सिंह की देखरेख में सफाई और पथ प्रकाश व्यवस्था को चाक-चौबंद रखा गया। घाटों की सफाई के साथ फिसलन रोकने के लिए रेत और मिट्टी की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी।

# आठवें वेतन आयोग की मंजूरी मिलते ही देश के कर्मचारी बंधुओं में ख़ुशी की लहर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा । केंद्र सरकार की आज आहूत कैबिनेट बैठक में 8 वें वेतन आयोग से संबंधित शर्तों को मंजूरी देकर माननीय प्रधानमंत्री जी ने देश के लगभग 50 लाख कर्मचारी भाइयों तथा 69 लाख पेंशनभोगियों के जीवन में खुशहाली और आत्मविश्वास का संचार किया है।यह निर्णय न केवल कर्मचारियों के परिश्रम और समर्पण का सम्मान है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में लगे प्रत्येक व्यक्ति के योगदान को सरकार द्वारा गरिमापूर्ण स्वीकृति भी देता है।डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ ( आक्टा) अयोध्या के पूर्व महामंत्री प्रो.जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लिया गया यह निर्णय देश को आर्थिक सामा जिक एवं प्रशासनिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक मौलिक कदम होगा। प्रो.सिंह ने कहा



कि देश के कर्मचारी बंधु आशा करते हैं कि आने वाले समय में यह नया वेतन ढांचा कर्मठता, प्रेरणा और राष्ट्र सेवा की भावना को और अधिक सुदृढ़ करेगा।प्रो.सिंह ने इस अव सर पर सभी सेवारत एवं पेंशनभोगी साथियों को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए मोदी सरकार के प्रति बहुत आभार व्यक्त किया है।

# श्रीराम कथा श्रवण करने पहुंचे भक्तों को विधायक ने लगाया रोली चंदन का टीका

**गौरीगंज में मंगलम भवन पर चल रही श्रीराम कथा में गूंजा जय श्री राम का जयकारा**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी । गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह के आवास मंगलम भवन पर चल रही श्रीराम कथा के छठवें दिवस पर कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने रघुवंश की माताओं का चरित्र सुनाते हुये कहा कि मां कौशल्या सुमित्रा जानकी एवं उर्मिला जी के चरित्र को आदर्श चरित्र बताया और कहा कि यह देश यह धर्म संस्कृति यदि सुरक्षित है इन्हीं माताओं और बहनों के कारण जिन्होंने अपने पुत्रों को अपने भाइयों को अपने बेटों को तिलक लगाकर धर्म की रक्षा के लिये भेज दिया। कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि जो राम राज का किला प्रभु भगवान दिखता है उसके न्यू में जनक परिवार की बेटी चुनी गई जब भगवान मां जानकी लक्ष्मण जी के साथ उनके लिये निकले पूरी अयोध्या मां कैकेई को धिक्कार देते हुये साथ चल पड़ी यही तो अयोध्या वासियों का भगवान के प्रति प्रेम और समर्पण है। रामचरितमानस के सबसे रस भरे प्रसंग केवट प्रसंग को सुनाते हुये महाराज जी ने कहा यदि परमात्मा से मिलन करना हो एकदम सरल सहज और भोले हो जाइये। केवट की नाव से भगवान ने गंगा पार की और केवट को उतराई देना चाहा लेकिन केवट ने मनाकर दिया कि मैं बचने से विमुख नही हो सकता और भेंट देना ही चाहते हो तो लौट कर जब आओगे भगवान तब दे देना जो दोगे हम ले लेंगे केवल भगवान को गंगा पार करना है बहुत देना चाहते हैं लेकिन केवट ने कुछ नही लिया और जो भगवान से कभी नही लेता भगवान उसके ऋणी हो जाते हैं।यजमान ने व्यास पीठ के साथ ही कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज का फूल मालाओं से स्वागत किया।विधायक राकेश प्रताप सिंह ने भक्तों को रोली चंदन का टीका लगाया और कथा पण्डाल जय श्री राम के जयकारे से गूंज उठा।इस मौके पर ब्लाक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, दया शंकर यादव, शेषनाथ सिंह, अनुराग श्रीवास्तव, अखण्ड प्रताप सिंह, विषुव मिश्रा, मनीष सिंह, शुभम तिवारी, भास्कर सिंह, दिनेश सिंह राठौर,ज्ञानेंद्र सिंह उर्फ राम जी, अनादि मिश्रा,धीरु सिंह, सिद्धार्थ सिंह, राहुल सिंह, विकास सिंह, मनीष पाठक,महेन्द्र सिंह, शिवराज यादव, अरुण प्रताप सिंह, संदीप शुक्ला, अम्बरीश त्रिपाठी, दिग्विजय सिंह,ध्रुवराज पासी सहित हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# आत्मविश्वास और नवाचार की शक्ति से देश को ऊंचाई पर ले जा सकता है युवा : शिववीर सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी । भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के तत्वावधान में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत एक भव्य युवा सम्मेलन भाजपा जिला कार्यालय गौरीगंज में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिववीर सिंह भदौरिया और विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला एवं क्षेत्रीय मंत्री युवा मोर्चा पवन पाल उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विषुव मिश्रा ने की।

मुख्य अतिथि शिवबीर सिंह भदौरिया ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आत्मनिर्भर भारत का विज़न युवाओं के लिये एक प्रेरणा है। आज का युवा आत्मविश्वास और नवाचार की शक्ति से देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन युवाओं को नेतृत्व, नवाचार और राष्ट्र सेवा के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही है।भाजपा के जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि युवा मोर्चा पार्टी की सबसे ऊर्जावान इकाई है जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन की धारा बहा रही है।आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब हर युवा अपने कौशल, परिश्रम और संकल्प से समाज में योगदान देगा। उन्होंने युवाओं से पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश मिश्र मटियारी, भाजपा प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह, मनीष पाठक,प्रभात शुक्ला, अरुण मिश्रा,सूर्य नारायण तिवारी, अभिषेक चंद्र कौशिक सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# छठ पूजा ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि सच्ची आस्था के आगे मौसम की मार भी फीकी पड़ जाती है

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**प्राचार्य साहब का संपत्ति उपचार**

**लोकायुक्त की स्टेथोस्कोप में फँसा सुल्तानपुर मेडिकल कॉलेज!**

सुल्तानपुर। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव इन दिनों इलाज़ नहीं, लोकायुक्त की जांच रिपोर्टों की ड्यूटी कर रहे हैं। आरोप है कि पद संभालते ही उन्होंने ल्लसेवाङ्क की नहीं, संपत्ति की पट्टी बाँधनी शुरू कर दी। अब सचिव डॉ. रीमा बंसल ने जिलाधिकारी सुल्तानपुर से 18 नवंबर तक तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी है। शिकायत में खुला 'डॉक्टर एंड फैमिली प्राइवेट लिमिटेड' का जांच गोसाईंगंज निवासी एक सम्भ्रांत व्यक्ति की शिकायत पर शुरू हुई है। शिकायत में बताया गया कि प्राचार्य साहब ने अपने पद की मरहम-पट्टी लगाते हुए पत्नी डॉ. संगीता श्रीवास्तव और पुत्र अनमोल श्रीवास्तव के नाम पर बेशकीमती भूखंड खरीद डाले। यहां तक तो बात समझ में आती, मगर पत्नी के नाम वाले कागज़ात में पति गायब होकर पिता बन गए, और पुत्र पढ़ाई छोड़कर कागज़ों में किसान बन गया।

लगता है ल्लडॉक्टर साहबङ्क ने न केवल मरीजों को, बल्कि दस्तावेज़ों को भी जीवनदान देने की कला में महारत हासिल कर ली है। 'लीड रिसोर्स कंपनी' का चमत्कारी ठेका शिकायत में एक और चुटीला अध्याय है लीड रिसोर्स कंपनी को दिया गया ठेका। नियम कहते हैं कि कंपनी तीन साल पुरानी और 15 करोड़ से अधिक टर्नओवर वाली होनी चाहिए। पर प्राचार्य साहब ने शायद सोचा दिल बड़ा होना चाहिए, टर्नओवर छोटा चलेगा।

अब जांच में यह भी देखा जाएगा कि क्या किसी आईएएस अधिकारी ने इस ल्लटेंडर थेरेपीङ्क में सहमति की दवा मिलाई थी। संजीवनी हॉस्पिटल और अल्ट्रासाउंड सेंटर का साइड इफ़ेक्ट प्राचार्य साहब पर संजीवनी हॉस्पिटल/अल्ट्रासाउंड सेंटर चलाने का भी आरोप है वो भी तब, जब वे सरकारी सेवा में पूर्णकालिक चिकित्सक थे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को इसकी सूचना नहीं, पर शहर में ल्लसाहब के इलाज़ की चर्चाङ्क खूब है। अब इलाज़ लोकायुक्त के हाथ में, अब बारी है लोकायुक्त की जो संपत्ति, ठेके और कागज़ों की एक्स-रे रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं।

देखना यह है कि डॉ. सलिल श्रीवास्तव इस जांच से बाहर निकलते हैं या सस्पेंशन वार्ड में भर्ती होते हैं। अभी फिलहाल मेडिकल कॉलेज में चर्चा गर्म है कि जब डॉक्टर खुद जांच में हों, तो रिपोर्ट कौन लिखेगा?

# आस्था पर भारी पड़ी बारिश, सुल्तानपुर में धूमधाम से संपन्न हुआ लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सुल्तानपुर। लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा मंगलवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ। बारिश की बूंदों के बीच भी श्रद्धा की लहर थमने का नाम नहीं ले रही थी। जिलेभर में 25 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान सूर्य और छठी मइया की पूजा-अर्चना की।

चार दिवसीय यह पर्व 25 अक्टूबर को नहाय-खाय से प्रारंभ हुआ था, जिसका समापन मंगलवार प्रातः ऊषा अर्घ्य के साथ हुआ। व्रती महिलाओं ने 36 घंटे का निर्जला उपवास रखकर भगवान सूर्य को जल अर्पित किया और परिवार की सुख-समृद्धि व संतान की दीर्घायु की कामना की। सुबह होते ही जिलेभर के घाटों और तालाबों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। शहर के सीताकुंड धाम स्थित घाट पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ रही। महिलाएं सूप, डलिया, फल, गन्ना और पूजन सामग्री के साथ घाटों पर पहुंचीं और पारंपरिक वेदी बनाकर पूजन में जुट गईं। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। जैसे ही सूर्यदेव के दर्शन हुए, ल्लजय छठी मइयाङ्क और ल्लसूरज देव की जयङ्क के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने जल में खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। महिलाओं ने हाथ जोड़कर परिवार की मंगलकामना की।

नगर प्रशासन और पुलिस विभाग ने भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। नगर पंचायत ने सफाई, प्रकाश और अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्वर्णकार समाज संगठन की ओर से सप्ताहभर से तैयारियां चल रही थीं। वहीं नगर पालिका परिषद और पुलिस प्रशासन ने सीताकुंड घाट को सुव्यवस्थित बनाने के लिए कई दिन पूर्व से कार्य शुरू कर दिया था। हजारों श्रद्धालुओं ने घाट के आसपास वेदी बनाकर पूजा की। शहर की विभिन्न कॉलोनियों और मोहल्लों से व्रतधारी महिलाएं सोलह श्रृंगार कर पूजन सामग्री और प्रसाद लेकर परिजनों के साथ पहुंचीं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन गौरव शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह, एसडीएम सदर बिपिन द्विवेदी, सीओ नगर सौरभ सामंत, नगर कोतवाल धीरज कुमार, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, स्वर्णकार समाज अध्यक्ष राजकुमार सोनी, सर्राफा व्यापार मंडल अध्यक्ष देवी प्रसाद सोनी और राजदेव शुक्ल ने भी घाट पहुंचकर छठ माता की वेदी के दर्शन किए और आशीर्वाद लिया। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए थे। एसडीआरएफ टीम गोमती नदी में मुस्तैद रही ताकि किसी दुर्घटना से बचाव किया जा सके। घाटों और मार्गों पर यातायात और भीड़ नियंत्रण के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। इस बीच मोबाइल कैमरे और सेल्फी का ट्रेंड भी छठ पूजा में देखने को मिला। व्रतधारी महिलाओं ने वेदी और परिवारजनों के साथ खूब सेल्फी लीं, जबकि दर्शक अपने मोबाइल कैमरों में इस आस्था भरे क्षण को कैद करते नजर आए।

## अमरिया में जागरूकता चौपाल का हुआ आयोजन

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। मिशन शक्ति फ़ेज 5.0 के विशेष अभियान के अंतर्गत ब्लॉक अमरिया के ग्राम नगरिया कॉलोनी में जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार जागरूकता चौपाल अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जेंडर स्पेशलिस्ट जयश्री सिंह के द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को घरेलु हिंसा एवं दहेज उन्मूलन विषय पर चर्चा करते हुये महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी कल्याणकारी योजनाओं यथा निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्प लाइन, दत्तक ग्रहण इकाई आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।साथ ही जेंडर स्पेशियलिट अजीत सिंह के द्वारा सभी हेल्प लाइन नंबर जैसे चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, महिला पावर हेल्पलाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181 पुलिस हेल्पलाइन 112, एंबुलेंस सेवा 108 तथा 102 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उसकी उपयोगिता के बारे में बता कर महिलाओं को जागरूक किया गया हैं।

## छेड़खानी व मारपीट करने वाले दबंग स्कूल संचालक को बचाने में लगे थाना प्रभारी

करौंदीकला/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। दलित नाबालिक लड़की के साथ की दबंग स्कूल संचालक ने छड़खानी। छेड़खानी की घटना को थाना प्रभारी करौंदीकला मारपीट में बदलना चाहते हैं। पीड़िता को ही डांटकर थाने से भगा दिया गया। नाबालिक लड़की से गंदा काम करने की नियति से दबंग प्रबंधक गंगा ने स्कूल में खींचा। करौंदीकला थाना क्षेत्र के भटौता तुलसी पट्टी गांव में दबंग स्कूल प्रबंधक गंगा ने नाबालिक लड़की शक्ति (काल्पनिक नाम) को छेड़खानी करने की नियति से अपने निर्माणाधीन स्कूल में खींचा। पीड़िता की चीख पुकार कर बचाने आई पीड़िता की बहन और गंगा में मारपीट भी हुई। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी लेकिन खबर लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। पीड़िता का आरोप है की थानाध्यक्ष ने हमें और हमारे परिवारीजन को का डांट कर थाने से भगाते हुए कहा कि जाकर समझौता कर लो नहीं तो तुम्हारे खिलाफ ही मारपीट का मुकदमा लिख दूंगा। हमने छेड़खानी का विरोध किया तब गंगा ने मारपीट किया है। जिसका मुकदमा नहीं लिखा जा रहा है। आज हमे दलित होने की सजा मिल रही है। अब पीड़िता का परिवार न्याय की आशा में एसपी के सामने धरना देने की चेतावनी भी दी है। प्रश्न यह है करौंदीकला पुलिस पीड़िता के रेप होने पर प्राथमिकी दर्ज करेगी।

## महिला आयोग की सदस्य आज कई कार्यक्रमों में शामिल होगी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राज्य महिला आयोग लखनऊ की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा का एक दिवसीय जनपद भ्रमण कार्यक्रम उनतीस अक्टूबर को होना प्रस्तावित है जिसके तहत वह प्रातः दस बजे जनपद अमेठी में मां कालिकन धाम संग्रामपुर में दर्शन व पूजा अर्चना कार्यक्रम में सम्मिलित होगी उसके उपरांत साढ़े दस बजे सरस्वती शिशु मंदिर के प्रबन्धक सदाशिव पाण्डेय के आवास पर परिवारीजन से भेंटवार्ता करेंगी। राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा साढ़े बारह बजे भाजपा जिला कार्यालय गौरीगंज में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण के साथ आयोजित बैठक तथा उसके उपरांत एक बजे भाजपा जिला कार्यालय गौरीगंज में आयोजित आत्मनिर्भर भारत मातृशक्ति एवं समूह की बहनें सम्मेलन कार्यक्रम में भी सम्मिलित होगी और ढाई बजे जिला पंचायत सदस्य अभिषेक चन्द्र कौशिक के आवास पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान वह परिवारीजनों से भेंटवार्ता करेंगी तथा साढ़े तीन बजे गौरीगंज के पूर्व मण्डल अध्यक्ष संजय सिंह के आवास पर स्वर्गवासी माता जी के शोक संवेदना कार्यक्रम में उपस्थित होगी।

## प्रधान गायब, पति ने प्रधान प्रतिनिधि पर लगाये गम्भीर आरोप

धनपतगंज/सुनतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड धनपतगंज की ग्राम पंचायत इटवा मलनापुर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां ग्राम प्रधान पुष्पा देवी को चुनाव जीताकर प्रधान बनाने वाले उनके पति राम बदल ने अब प्रधान प्रतिनिधि शेर बहादुर सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। राम बदल का आरोप है कि शेर बहादुर सिंह ने प्रधान पुष्पा देवी को बरगला कर कहीं गायब करा दिया है और पंचायत की समस्त धनराशि, फाइलें और चेक बुक अपने कब्जे में लेकर खुद ही पंचायत चला रहे हैं। प्रधान पति ने जिलाधिकारी सुल्तानपुर को दिए शपथपत्र में कहा है कि अप्रैल माह से उनकी पत्नी का कोई पता नहीं है। इस बीच ग्राम विकास निधि से बिना प्रधान के हस्ताक्षर के धन निकासी की जा रही है। उन्होंने कहा, मैं प्रधान पति होकर भी बेबस हूं, जबकि शेर बहादुर पंचायत की मलाई काट रहा है।

# ब्लॉक प्रमुख के पक्ष में उतरे क्षेत्र पंचायत सदस्य सीज अधिकार की बहाली को लेकर जिलाधिकारी को दिया पत्र विधायक को बनाया गवाह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत। मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता के पक्ष में कई क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने जिलाधिकारी एक पत्र सौंपा पत्र में कहा कि ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा की छवि को धूमिल करने के लिये जिन बिंदुओं को आधार बनाकर शिकायत की गई वो बेबुनियादी आरोप है। 59000 रुपए बैठक गबन कर का जो आरोप लगाया गया है।फर्जी हस्ताक्षर का जो आरोप लगाया गया वो सरासर गलत है। जबकि यह ब्लॉक सचिव द्वारा प्रत्येक व्यक्ति को नामित किया जाता है। जबकि मानदेय न देने का जो आरोप लगाया वो साजिश का एक हिस्सा जबकि मीटिंग मे आये हुऐ हर एक सदस्य को उसका मानदेय उसके हिसाब से मिला जिसके साक्षी विद्यायक है।विद्यायक स्वामी प्रवक्ता नन्द ने प्रधान और सदस्य द्वारा की गये हस्ताक्षरो का मिलान खुद किया और सभी से कन्फर्म भी किया जिसका वीडियो मौजूद है। जबकि ज्यादातर सदस्य केवल मीटिंग मे आते है। जो आपना नाम लिखना जानते ऐसे मे विद्यायक ने उन पर दबाव बनाते हुऐ कहा ये तेरे हस्ताक्षर नही जो कि अनुचित है।ज्यादातर बीडीसी सदस्यो ने शपथ पत्र देकर कहा है।कि रुपए हमे मिले है।शहीद स्मृति द्वार बनाया गया जिसे धन की बर्बादी बताया गया जबकि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री अपने कार्यों मे वरीयता देते है और शिकायत के लिये जिस समिति को तैयार किया उसका अश्वनी कुमार खुद नलकूप विभाग मे खुद ठेकेदारी करता है। पत्र देने वालों।में मुख्य मुकेश कुमार, रविन्द्र वर्मा, आशादेवी, धर्मपाल, नेतराम, कंताप्रसाद, राजरानी, जय प्रकाश, सतीश कुमार, नगीना, चंद्रप्रकाश, कंता प्रसाद, सोहन लाल आदि ने ब्लाक प्रमुख पर लगे आरोपो का क्षेत्र पंचायत सदस्यो ने गलत बताकर जिलाधिकारी को लिखे पत्र के माध्यम से वित्तीय व प्रशासनिक अधिकारो को बहाल कराने की मांग की है।

## कलीनगर में परशुराम की प्रतिमा स्थापितः ऋतुराज ने किया अनावरण

पूरनपुर ।पीलीभीत की तहसील कलीनगर चौराहे पर सोमवार को भगवान परशुराम की प्रतिमा की स्थापना की गई वैदिक मंत्रोच्चारण और विधि-विधान के साथ यह कार्यक्रम संपन्न हुआ पीतल धातु से निर्मित यह प्रतिमा करीब 4 फीट ऊंची है परशुराम की प्रतिमा का अनावरण ऋतुराज पासवान ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंच कर किया इस अवसर पर राजेश भारती प्रतिनिधि अध्यक्ष नगर पंचायत कलीनगर, प्रफुल्ल मिश्रा जिला उपाध्यक्ष भाजपा, अनुराग अग्निहोत्री जिला मंत्री भाजपा, भगवती सिंह मंडल अध्यक्ष कलीनगर भाजपा, मानस शुक्ला ब्राह्मण महासभा,हृदेश त्रिगुनायत मंडल महामंत्री भाजपा, सहित क्षेत्र के विभिन्न सम्मानित जन उपस्थित रहे।

# विद्यामंदिर स्कूल मे सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पूरनपुर।सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में ल्लसप्तशक्ति संगम कार्यक्रमङ्क का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षा डॉ. सुगंधा अग्रवाल, मुख्य अतिथि अल्का तोमर तथा मुख्य वक्ता उपासना शर्मा रहीं सभी अतिथियों ने मंच से प्रेरणादायक भाषण दिए और उपस्थित जनसमूह को ल्लनारी शक्तिङ्क के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई, कल्पना चावला और इंदिरा गांधी जैसी वीर और साहसी महिलाओं के उदाहरण देकर सभी को प्रेरित किया सप्तशक्तियां कीर्ति, श्री, वाक, स्मृति, मेधा, धृति, क्षमा को पहचानना होगा, जिससे मातृशक्ति जागृति होगी और समृद्ध भारत बनेगा वर्ष 2047 में भारत कैसा होगा इस दिशा में काम करना होगा उन्होंने कहा कि सप्तशक्ति संगम के बृज प्रांत में 633 कार्यक्रम होंगे, जिसमें तीन मंडल के 12 जिले शामिल रहेंगे मुख्य वक्ता महिलाओं ने कहा कि महिलाओं में शक्ति निहित है उनके अंदर आंतरिक शक्ति का खजाना है आज हर मां को जीजाबाई और रानी लक्ष्मीबाई की तरह सशक्त बनना होगा, ताकि राष्ट्र निर्माण में उनका योगदान क्रांतिकारी हो इस कार्यक्रम का उद्देश्य नारी शक्ति के गुणों, कार्यों, दायित्वों और परिवार व समाज में उनकी भूमिका पर प्रकाश डालना था कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन कार्यकारिणी की ओर से स्मिता गुप्ता, अंजली गुप्ता, खुशबू गुप्ता, रागिनी गुप्ता ,मंजू गुप्ता, दीक्षा गुप्ता, श्वेता गुप्ता, श्रद्धा गुप्ता, मधु खंडेलवाल,मीनू गुप्ता,मीनाक्षी गुप्ता ने भी भाग लिया और छात्राओं ने नारी सशक्तिकरण पर गीत, नाटक और भाषण प्रस्तुत किए अंत में प्रधानाचार्य श्री संजय कुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में महिला शक्ति के सम्मान और जागरूकता को बढ़ाते हैं।

## डीएम ने की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड और 50 लाख से अधिक की परियोजनाओं की समीक्षा

पीलीभीत।डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विभिन्न विभागों की प्रगति, उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य और 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुई डीएम ने निर्देश दिए कि कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान दें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कार्यदाई संस्थाओं पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है कहा कि जिन योजनाओं और कार्यों की समीक्षा शासन स्तर पर की जाती है, उनके लिए एक ठोस कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाए मासिक रूप से प्रगति का आंकलन करें और विश्लेषण करें कि कितने प्रतिशत और प्रगति लाने से ग्रेड में सुधार किया जा सकता है बैठक में 50 लाख रुपये से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई डीएम ने कार्यदाई संस्थाओं को निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं के लिए धनराशि प्राप्त हो चुकी है ।

# बच्चों की प्रतिभा निखारने को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान का हुआ आयोजन, क्विज प्रतियोगिता से विज्ञान व गणित होगी मजबूत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूरनपुर।उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की रुचि विज्ञान, गणित व प्रौद्योगिकी क्षेत्र में बढ़ाने के लिए विकासखंड मे प्रतियोगिता हुई बच्चे ने क्विज में शामिल होकर व प्रदर्शनी के लिए माडल बनाकर अपने ज्ञान व कौशल का प्रदर्शन किया अव्वल छात्र-छात्राएं पुरस्कृत भी हुऐ ये कार्य राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत हुऐ जो सोमवार को विकासखंड में खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) की अध्यक्षता में क्विज प्रतियोगिता कराई गई इसमें बच्चों से तर्क, चिंतन व कल्पना पर आधारित सवाल पूछे गये बीईओ, डायट मेंटर व विज्ञान-गणित बच्चों की प्रतिभा निखारने व विकासखंड स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों का प्रतियोगिता मे चयन किया गया यह प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित हुई पहले चरण में आए हुए सभी छात्रों ने एक घण्टे की 25 प्रश्नों की बहुविकल्पीय परीक्षा में प्रतिभाग किया। इसके आधार पर सर्वश्रेष्ठ 25 छात्रों को चयनित किया गया। इसके बाद द्वितीय चरण में चयनित 25 छात्रों को रेंडम के आधार पर पांच समूह में बांटा गया। तीसरे चरण में सर्वश्रेष्ठ 10 छात्र ब्लाक स्तर की परीक्षा में चयनित हुए। जिसमें सर्वश्रेष्ठ विज्ञान प्रदर्शनी में पीएमश्री विद्यालय खासपुर के विवेक, उच्च प्राथमिक विद्यालय पताबोझी की संजना देवी, मोहित राज, डगा के अक्षा, निशात बी और क्विज प्रतियोगिता में डगा की निशात बी, टांडा छत्रपति के गोपी, नीतेश कुमार, पीएमश्री विद्यालय खासपुर की सृष्टि यादव सुखदासपुर की सायना का ब्लाक स्तर में चयन होने पर अब जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। परीक्षा के समापन पर विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह व खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेन्द्र सिंह ने चयनित हुए सभी छात्रों को प्रमाणपत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया ब्लाक प्रमुख ब्लाक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय, कम्पोजिट विद्यालय और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों के स्वच्छ पानी पीने के लिए आरओ लगवाएंगे जिन स्कूलों में अभी तक फर्नीचर उपलब्ध नहीं है, वहां पर बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर की व्यवस्था करेंगे इस अवसर पर विद्यायक बाबूराम पासवान,खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय वीरेंद्र सिंह, जिला समन्वय प्रशिक्षण अधिकारी जितेंद्र कुमार,राजेश लोधी,संतोष पासवान,विमल कुमार,अजय तोमर, सुरेश चंद्र गंगवार, निरंजना शर्मा ,सहित विद्यालय के अन्य स्टॉफ गण व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे हैं।

## सम्पादकीय

# आसियान में मोदी की गैरहाजिरी

दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन, आसियान का शिखर सम्मेलन मलेशिया में होने जा रहा है। जिसमें इस बार भारत की तरफ से प्रधानमंत्री मोदी शामिल नहीं हो रहे हैं, उनका प्रतिनिधि बनकर एस जयशंकर पहुंच रहे हैं। श्री मोदी की गैरहाजिरी को लेकर कोई ठोस कारण अब तक सामने नहीं आया है कि फलां-फलां वजह से मलेशिया पहुंचना बिल्कुल ही असंभव था। हालांकि कांग्रेस पार्टी का कहना है कि ट्रंप से आमना-सामना न हो, इससे बचने के लिए नरेन्द्र मोदी आसियान में नहीं गए। वहीं हो सकता है कि बिहार चुनाव की व्यस्तता भी मोदी को देश के लिए जरूरी कामों से दूर कर रही है। प्रधानमंत्री का काम छोड़कर बीजेपी के लिए चुनाव प्रचार करने का काम मोदी पहले भी करते रहे हैं। बहरहाल, आसियान जैसे मंच क्षेत्रीय और वैश्विक राजनीति में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए जरूरी होते हैं। मोदी बार-बार भारत को विश्वगुरु बनाने की बात करते हैं, लेकिन सोचने वाली बात है कि क्या इस तरह भारत का रसूख कायम होगा। विभिन्न देशों के राष्ट्राध्यक्ष जब आपस में मिलते हैं तो जरूरी मुद्दों पर चर्चा होती है, कई ऐसे समझौतों की राह बनती है, जो फोन पर चर्चाओं में संभव नहीं है। अमेरिका से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी मलेशिया पहुंचे हैं और रास्ते में वो कतर होते हुए आए। दुनिया के दूसरे कोने से ट्रंप बार-बार एशिया का रुख कर रहे हैं, क्योंकि यहां उन्हें व्यापारिक, राजनैतिक, सामरिक लाभ नजर आ रहे हैं। रविवार सुबह ट्रंप रविवार सुबह मलेशिया के दौरे पर पहुंचे और कुआलालंपुर में उनकी मौजूदगी में थाईलैंड और कम्बोडिया ने सैन्य संघर्ष को खत्म करने के लिए शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। ट्रंप ने कहा कि जिसे लोग असंभव मान रहे थे, उसे उन्होंने संभव कर दिखाया है। गौरतलब है कि थाईलैंड और कम्बोडिया के बीच एक मंदिर विवाद को लेकर 5 दिनों तक जंग चली थी, जिसमें 48 लोगों की मौत हुई थी। इसे खत्म करने में ट्रंप की अहम भूमिका बताई जा रही है। ट्रंप अपने दूसरे कार्यकाल में रणनीतिक तौर पर खुद को शांतिदूत साबित करने में लगे हुए हैं। भारत-पाकिस्तान के बीच भी युद्ध रुकवाने का दावा कम से कम 50 बार तो कर ही चुके हैं, जिसे मोदी ने गलत साबित करने की पुख्ता कोशिश एक बार भी नहीं की। उधर रूस से तेल खरीद को रोकने के लिए भी ट्रंप भारत पर दबाव बनाने की बात कह रहे हैं। मोदी इसे भी नकार नहीं रहे। ऐसा नहीं है कि ट्रंप बड़ी नेकनीयत से ये सारे काम कर रहे हैं। शांति का उनका विचार गांधी और नेहरू के विचारों से दूर-दूर तक मेल नहीं खाता है। ट्रंप दबाव की राजनीति में यकीन रखते हैं और दुनिया पर वही थोप रहे हैं। अगर भारत की मौजूदा सरकार गांधीवादी सिद्धांतों और नेहरूवादी रणनीति के साथ बढ़ती तो ट्रंप की हिम्मत नहीं होती कि वो इतनी बेतकल्लुफी के साथ भारत के प्रधानमंत्री के लिए बयान देते। लेकिन अभी की शर्मनाक हकीकत यही है। ट्रंप शांतिदूत वाले चोगे को पहनकर बड़ी चतुराई से भारत को अलग-थलग कर रहे हैं। पाकिस्तान पूरी तरह से ट्रंप की सरपरस्ती में है, अब मलेशिया में ट्रंप की मुलाकात चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से होने वाली है। चीन भी भारत के खिलाफ पाकिस्तान को समर्थन देता है और अब व्यापार के फायदे को देखते हुए अमेरिका और चीन बाकी विवादों को सुलझा लेंगे, तब भारत के लिए खतरे कितने बढ़ जाएंगे, इस बात पर मोदी सरकार को ध्यान देना चाहिए। भारत पर तो अमेरिका ने भारी भरकम टैरिफ लगा ही दिया है, इसके अलावा एच 1 बी वीजा को भी इतना कठिन कर दिया है कि हजारों परिवार इससे प्रभावित हो गए हैं। वहीं चीन पर भी अमेरिका ने टैरिफ लगाया था, जिसके जवाब में चीन ने अमेरिकी किसानों से सोयाबीन खरीद को रोक लगाकर अमेरिका की ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर चोट की है। इसके अलावा चीन रेयर अर्थ यानी धरती के दुर्लभ खनिजों को भी अमेरिका पर दबाव बनाने के लिए इस्तेमाल कर रहा है। ये ऐसे खनिज हैं, जिनके बिना सेमीकंडक्टर, हथियार सिस्टम, गाड़ियां या स्मार्टफोन तक नहीं बनाए जा सकते। अमेरिका की अर्थव्यवस्था को इन दुर्लभ खनिजों की लगातार जरूरत है। चीन के अलावा और जिन देशों में इनकी उपलब्धता है, वहां तो अमेरिकी दबाव काम कर जाता है, मगर चीन के साथ ट्रंप को आमने-सामने समझौता करना पड़ेगा।

# नया सैन्य गठजोड़ भारत के लिये चुनौती

**पिछले महीने पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुए ऐतिहासिक सैन्य समझौते, जिसके तहत एक देश पर हुआ हमला दूसरे देश पर भी माना जाएगा, की तर्ज पर ही इस सैन्य गठजोड़ का विचार सामने लाया गया है। हालांकि इन चार देशों के बीच अभी कोई औपचारिक समझौता नहीं हुआ है, लेकिन माना जा रहा है कि अगले कुछ महीनों में इसकी घोषणा हो जाएगी। गौरतलब है कि तुर्किये, पाकिस्तान और अजरबैजान का त्रिपक्षीय गठबंधन, जिसे थ्री ब्रदर्स के नाम से जाना जाता है, एक मजबूत सैन्य साझेदारी का रूप ले चुका इसके अतिरिक्त, इस्लामिक मिलिट्री काउंटर टेररिज्म कोएलिशन (आईएमसीटीसी) भी है, जिसका संस्थापक सऊदी अरब है और जिसमें चालीस से अधिक सदस्य देश शामिल हैं। इन देशों के बीच सैन्य अभ्यास, हथियार सौदे और कश्मीर जैसे मुद्दों पर इनका स्वाभाविक सामूहिक रुख भारत के लिए चिंता का विषय रहा है। इससे पाकिस्तान अपनी कुचालों का जायज ठहराने एवं अपनी रक्षा की गुहार लगाते हुए भारत पर दबाव बनाना चाहता है। नहीं भूलना चाहिए कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया, तब ज्यादातर मुस्लिम देशों ने तटस्थ रुख अपनाया था, लेकिन तुर्किये और अजरबैजान दो ऐसे मुल्क थे, जो पूरी तरह से पाकिस्तान के समर्थन में खड़े थे। दरअसल, तुर्किये के राष्ट्रपति तैयब अर्दोआन की इस्लामिक दुनिया के मॉडर्न खलीफा बनने की सनक का पाकिस्तान समर्थन करता है, इसी वजह से तुर्किये ने संयुक्त राष्ट्र में भी कश्मीर पर पाकिस्तान के रुख का खुला समर्थन किया है। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुआ हालिया रक्षा समझौता इस बात का संकेत है कि पाकिस्तान अब अपनी सुरक्षा रणनीति को क्षेत्रीय स्तर पर फैलाने में सफल हो रहा है। यह समझौता इस सिद्धांत पर आधारित है कि अगर किसी एक देश पर हमला होता है तो दोनों की संयुक्त प्रतिक्रिया होगी।**

हाल ही में पाकिस्तान समेत संयुक्त अरब अमीरात, कतर और अज़रबैजान के बीच बन रहे सैन्य गठजोड़ की खबरें भारत के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। यह घटनाक्रम न केवल दक्षिण एशिया बल्कि मध्य एशिया और खाड़ी क्षेत्र के भू-राजनीतिक समीकरणों को भी प्रभावित कर रहा है। पाकिस्तान लगातार अपनी रक्षा और कूटनीतिक स्थिति को मज़बूत करने की दिशा में सक्रिय हुआ है और वह ऐसे देशों से निकटता बढ़ा रहा है जो भारत के रणनीतिक हितों के लिए चुनौती बन सकते हैं। भारत को इस नए उभरते गठजोड़ को केवल एक सामान्य रक्षा समझौते के रूप में नहीं देखना चाहिए, बल्कि इसे एक दीर्घकालिक रणनीतिक प्रयास के रूप में समझना चाहिए, जिसका उद्देश्य पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय स्थिति को सुधारना और भारत पर अप्रत्यक्ष दबाव बनाना है। भारत की विदेश नीति और सुरक्षा के मद्देनजर इस तरह के गठबंधन बड़ी चुनौती के लिहाज देखे जाने चाहिए। पिछले महीने पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच हुए ऐतिहासिक सैन्य समझौते, जिसके तहत एक देश पर हुआ हमला दूसरे देश पर भी माना जाएगा, की तर्ज पर ही इस सैन्य गठजोड़ का विचार सामने लाया गया है। हालांकि इन चार देशों के बीच अभी कोई औपचारिक समझौता नहीं हुआ है, लेकिन माना जा रहा है कि अगले कुछ महीनों में इसकी घोषणा हो जाएगी। गौरतलब है कि तुर्किये, पाकिस्तान और अजरबैजान का त्रिपक्षीय गठबंधन, जिसे थ्री ब्रदर्स के नाम से जाना जाता है, एक मजबूत सैन्य साझेदारी का रूप ले चुका इसके अतिरिक्त, इस्लामिक मिलिट्री काउंटर टेररिज्म कोएलिशन (आईएमसीटीसी) भी है, जिसका संस्थापक सऊदी अरब है और जिसमें चालीस से अधिक सदस्य देश शामिल हैं। इन देशों के बीच सैन्य अभ्यास, हथियार सौदे और कश्मीर जैसे मुद्दों पर इनका स्वाभाविक सामूहिक रुख भारत के लिए चिंता का विषय रहा है। इससे पाकिस्तान अपनी कुचालों का जायज ठहराने एवं अपनी रक्षा की गुहार लगाते हुए भारत पर दबाव बनाना चाहता है। नहीं भूलना चाहिए कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद जब भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया, तब ज्यादातर मुस्लिम देशों ने तटस्थ रुख अपनाया था, लेकिन तुर्किये और अजरबैजान दो ऐसे मुल्क थे, जो पूरी तरह से पाकिस्तान के समर्थन में खड़े थे। दरअसल, तुर्किये के राष्ट्रपति तैयब अर्दोआन की इस्लामिक दुनिया के मॉडर्न खलीफा बनने की सनक का पाकिस्तान समर्थन करता है, इसी वजह से तुर्किये ने संयुक्त राष्ट्र में भी कश्मीर पर पाकिस्तान के रुख का खुला समर्थन किया है। सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुआ हालिया रक्षा समझौता इस बात का संकेत है कि पाकिस्तान अब अपनी सुरक्षा रणनीति को क्षेत्रीय स्तर पर फैलाने में सफल हो रहा है। यह समझौता इस सिद्धांत पर आधारित है कि अगर किसी एक देश पर हमला होता है तो दोनों की संयुक्त प्रतिक्रिया होगी। यह बात भारत के लिए सीधे तौर पर खतरे की घंटी है क्योंकि इससे पाकिस्तान को रक्षा सहायता, प्रशिक्षण, संसाधन और राजनीतिक समर्थन प्राप्त हो सकता है। इसी तरह पाकिस्तान अज़रबैजान, यूएई और कतर जैसे देशों के साथ भी अपने संबंधों को मजबूत करने में जुटा है। इन देशों के साथ पाकिस्तान का यह बढ़ता सामरिक सहयोग उसके लिए आर्थिक और तकनीकी लाभ भी लेकर आ सकता है, जिससे भारत के लिए क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखना कठिन हो सकता है। भारत को इन परिस्थितियों में अपनी विदेश नीति को अधिक सशक्त और लचीला बनाना होगा। अब वह समय बीत चुका है जब भारत केवल पारंपरिक प्रतिद्वंद्विता और सीमित क्षेत्रीय चिंताओं के आधार पर नीति बनाता था। आज की दुनिया में भू-राजनीति बहुस्तरीय हो चुकी है, जहां आर्थिक संबंध, तकनीकी साझेदारी और रक्षा सहयोग एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। भारत को चाहिए कि वह अपने खाड़ी देशों से संबंधों को और सुदृढ़ करे। यूएई और सऊदी अरब जैसे देशों के साथ भारत के आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध पहले से ही मजबूत हैं, पर उन्हें रक्षा सहयोग के स्तर पर भी विस्तारित करने की जरूरत है। भारत यदि इन देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी बढ़ाता है तो पाकिस्तान को क्षेत्रीय स्तर पर अलग-थलग करने में मदद मिल सकती है। साथ ही भारत को यह भी समझना होगा कि पाकिस्तान केवल सैन्य ताकत पर नहीं, बल्कि कूटनीतिक चालों और मीडिया नैरेटिव के माध्यम से भी अपनी स्थिति को मजबूत करने का प्रयास कर रहा है। ऐसे में भारत को न केवल रक्षा मोर्चे पर बल्कि कूटनीतिक और सूचनात्मक मोर्चे पर भी सक्रिय रहना होगा। भारत की नीति प्रतिक्रियात्मक न होकर सक्रिय, दूरगामी और अग्रदर्शी होनी चाहिए। भारत को यह दिखाना होगा कि वह केवल अपनी सीमाओं की रक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्रीय स्थिरता और वैश्विक शांति का भी एक भरोसेमंद संरक्षक है। भारत ही दुनिया से आतंकवाद को समाप्त करने की मुहिम छेड़े हुए है। भारत के लिए यह भी जरूरी है कि वह अपने मित्र देशों के साथ सामूहिक सुरक्षा दृष्टिकोण विकसित करे। जिस तरह अमेरिका और यूरोपीय संघ सामूहिक रक्षा नीति पर चलते हैं, उसी तरह भारत को भी इंडो-पैसिफिक क्षेत्र, एसोसिएशन ऑफ साउथइस्ट ऐशियन नेशनस -देशों और मध्य पूर्व में सहयोगी नेटवर्क को सुदृढ़ करना चाहिए। यह केवल सैन्य दृष्टि से नहीं बल्कि कूटनीतिक और आर्थिक दृष्टि से भी भारत की स्थिति को मजबूत करेगा। पाकिस्तान की नई विदेश नीति की दिशा साफ है- वह भारत को घेरने की कोशिश कर रहा है, चाहे वह चीन के साथ सीपेक परियोजना के माध्यम से हो या अब मध्य-पूर्व के देशों के साथ रक्षा सहयोग के जरिए। भारत को इस घेराबंदी को तोड़ने के लिए तीन दिशा में एक साथ काम करना होगा- अपनी रक्षा क्षमता को आधुनिक बनाना, विदेश नीति में सक्रियता लाना, और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की सकारात्मक छवि को और प्रखर बनाना। यह स्थिति भारत के लिए केवल एक चुनौती नहीं बल्कि अपनी सामरिक दूरदर्शिता को सिद्ध करने का अवसर भी है। भारत यदि समय रहते अपने पड़ोस में बढ़ते इस सैन्य गठजोड़ की गंभीरता को समझ लेता है और सक्रिय कदम उठाता है, तो वह न केवल पाकिस्तान की कूटनीतिक चालों को निष्प्रभावी बना सकता है, बल्कि दक्षिण एशिया को स्थिरता और सहयोग के नए मॉडल के रूप में प्रस्तुत कर सकता है। इन चार राष्ट्रों का सैन्य गठबंधन भारत के लिए एक चेतावनी है कि भू-राजनीति में देशों के बीच धार्मिक एकजुटता नए रूप में सामने आ रही है, ऐसे में क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा बनी रहे, इसके लिए भारत को अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करते हुए कूटनीतिक मोर्चे पर भी सक्रिय बने रहना होगा। भारत पिछले कई वर्षों से पाकिस्तान, तुर्की और अजरबैजान को काउंटर करने के लिए अलग-अलग रणनीतियों पर काम कर रहा है। इनमें इन तीनों देशों के दुश्मनों की मदद से लेकर इन्हें आर्थिक तरीके से चोट पहुंचाना भी शामिल है। पाकिस्तान के खिलाफ भारत के कदमों से हर कोई परिचित है। अब बात करते हैं तुर्की की। भारत ने तुर्की को काउंटर करने के लिए उसके सबसे बड़े दुश्मन ग्रीस के साथ रक्षा संबंधों को मजबूत किया है। इसके अलावा भारत ने साइप्रस के मुद्दे को भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाना शुरू किया है, जिसकी जमीन पर तुर्की ने अवैध रूप पर कब्जा जमाया हुआ है। वहीं, भारत ने तुर्की को अपने बाजार में प्रवेश को लेकर भी सख्तियां बरती है। इस सैन्य गठजोड़ के हकीकत बनने की सूरत में भारत के लिए जरूरी होगा कि वह आर्मेनिया, ग्रीस और साइप्रस के साथ अपने संबंध मजबूत करे और यूएई के साथ भी द्विपक्षीय रिश्तों को और प्रगाढ़ बनाए, जो भारत का बड़ा व्यापारिक भागीदार रहा है और आम तौर पर इस्लामिक मुद्दों पर तटस्थ रुख रखता है।आज भारत को यह मानना होगा कि ़सुरक्षा़ अब केवल हथियारों का मामला नहीं है, यह अर्थव्यवस्था, कूटनीति, और तकनीक का समन्वित प्रश्न बन चुका है। पाकिस्तान की नई चालें एवं कुचालें हमें केवल सतर्क रहने की नहीं, बल्कि सजग, सक्रिय और रणनीतिक रूप से एक कदम आगे रहने की प्रेरणा देती हैं। भारत यदि अपनी नीति में इस नए दृष्टिकोण को शामिल करता है, तो यह गठजोड़ उसके लिए खतरा नहीं बल्कि आत्मसुधार और आत्मसशक्तिकरण का अवसर साबित हो सकता है। **-ललित गर्ग**

# संबंधों की टूटती मर्यादा,आखिर दोषी कौन?

**डॉ. फ़ौज़िया नसीम शाद**

**वास्तव में जब समाज के नैतिक मूल्यों और आचार नियमों को कुछ दूषित एवं विकृत मानसिकता वाले लोग तोड़ते हैं, तभी ऐसी घटनाएँ सामने आती हैं। परंतु हम केवल कुछ व्यक्तियों की मानसिक विकृति को दोष देकर इससे पल्ला नहीं झाड़ सकते।**

आज जिस तीव्रता के साथ हमारे नैतिक और सामाजिक मूल्यों में गिरावट आ रही है, वह वास्तव में गंभीर चिंता का विषय है। रिश्तों को कलंकित करती घटनाएँ दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं, जो हमारे समाज में अमर्यादित संबंधों की वृद्धि को दर्शाती हैं। ऐसे अवैध रिश्ते न केवल रिश्तों की मर्यादा और गरिमा को आहत करते हैं, बल्कि उन पर हमारे विश्वास की नींव को भी हिला देते हैं।आजकल समाचार पत्रों में प्रतिदिन ऐसी घटनाओं की सुर्खियाँ देखने को मिलती हैं जिन्हें पढ़कर सिर शर्म से झुक जाता है। कहीं सगा मामा भांजी से विवाह कर आत्महत्या कर लेता है, कहीं पिता अपनी पुत्री का यौन शोषण करता है, तो कहीं पति अपनी पत्नी को बेच देता है। ऐसे असंख्य उदाहरण हैं जो रिश्तों की पवित्रता पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं। हमारे सभ्य समाज में इन अमर्यादित रिश्तों का कोई स्थान नहीं होना चाहिए, फिर भी इनकी जड़ें धीरे-धीरे फैलती जा रही हैं। यह अत्यंत गंभीर चिंतन का विषय है।

वास्तव में जब समाज के नैतिक मूल्यों और आचार नियमों को कुछ दूषित एवं विकृत मानसिकता वाले लोग तोड़ते हैं, तभी ऐसी घटनाएँ सामने आती हैं। परंतु हम केवल कुछ व्यक्तियों की मानसिक विकृति को दोष देकर इससे पल्ला नहीं झाड़ सकते। इस समस्या की उत्पत्ति के अनेक कारण हैं - तेज़ रफ़्तार जीवनशैली, समय का अभाव, आपसी रिश्तों में संवेदनहीनता, संयुक्त परिवारों का विघटन, अश्लील साहित्य, इंटरनेट पर सहजता से उपलब्ध पोर्न साइट्स, टीवी और वेब सामग्री की अशालीनता, सीमित घरेलू परिवेश, तथा परिवार में बच्चों के साथ संवाद की कमी आदि।

इसके अतिरिक्त, बच्चों को रिश्तों का महत्व और मर्यादा न सिखाना भी इस समस्या को बढ़ाने वाला प्रमुख कारण है। समाज में ऐसे रिश्तों का अस्तित्व न पनपे, इसके लिए हमें रिश्तों की गरिमा और मर्यादा का विशेष ध्यान रखना होगा। परिवार में बच्चों को संस्कारित करना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उन्हें रिश्तों के सम्मान का अर्थ भी समझाना होगा। बच्चों से हर विषय पर खुलकर संवाद स्थापित करना आवश्यक है। सैक्स से जुड़े प्रश्नों का शालीनता के साथ तार्किक उत्तर देना चाहिए, न कि भ्रमित कर उनकी जिज्ञासाओं को और बढ़ाना।

बच्चे अपने माता-पिता का आईना होते हैं, अतः यह हमारा कर्तव्य है कि उनके समक्ष अमर्यादित वार्तालाप या व्यवहार से बचें, क्योंकि ऐसा करने से उनके कोमल मन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

अंततः यह याद रखना चाहिए कि समाज बनता हमसे ही है, इसलिए अगर हम अपने घर से ही नैतिकता, मर्यादा और सम्मान का वातावरण बनाएँगे, तो समाज की दिशा अवश्य सुधरेगी।

## सेहत मंत्र

# सुबह जल्दी उठेंगे तो स्वास्थ्य को होंगे फायदे ही फायदे

आपने अक्सर बड़े-बुजुर्गों को कहते हुए सुना होगा कि सुबह जल्दी उठने की आदत डालनी चाहिए। लेकिन आज के समय में बहुत कम लोग ही होते हैं, जो वास्तव में यह रूल फॉलो करते हैं। शायद आपको पता न हो लेकिन सुबह जल्दी उठने से आपको बहुत से स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। वो कहते हैं न कि जो सोता है, वो खोता है। तो चलिए आज हम आपको सुबह जल्दी उठने के कुछ बेहतरीन फायदों के बारे में बता रहे हैं? मिलता है समयः सुबह के समय अधिकतर लोगों के पास समय की काफी कमी होती है। लेकिन अगर आप सुबह जल्दी उठने की आदत डालते हैं तो आपके पास काफी समय होता है। ऐसे में आप सुबह के समय थोड़ा वक्त वॉकिंग, एक्सराइज या रीडिंग आदि को दे सकते हैं। इस तरह सुबह जल्दी उठने से आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। हेल्दी ब्रेकफास्टः इस बात से हम सभी वाकिफ हैं कि नाश्ता हमारे भोजन का सबसे महत्वपूर्ण मील होता है। लेकिन कुछ लोग समय के अभाव के चलते और ऑफिस जाने की जल्दी में नाश्ता स्किप कर देते हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। खासतौर से, आपको पूरा दिन थकावट व भूख का अहसास होता है, जिससे काम में मन भी नहीं लगता। लेकिन अगर आप सुबह जल्दी उठते हैं तो आपके पास पूरा समय होता है कि आप एक हेल्दी ब्रेकफास्ट बना और खा सकें। हैप्पी हार्मोन्स- सुबह के समय जब आप जल्दी उठते हैं और किसी भी तरह की फिजिकल एक्टिविटी करते हैं तो इससे आपके भीतर हैप्पी हार्मोन्स रिलीज होते हैं। इस तरह आप फिट तो रहते हैं ही, साथ ही आप पूरा दिन खुद को काफी ऊर्जावान और अच्छा महसूस करते हैं। इस तरह अपने आंतरिक और बाह्य स्वास्थ्य को बरकरार रखने के लिए आप आज से ही सुबह उठने की आदत डालें। बेहतर नींदः आपको शायद जानकर हैरानी हो लेकिन वास्तव में सुबह जल्दी उठने से आपकी नींद की क्वालिटी भी बेहतर होती है और एक बेहतर स्वास्थ्य के लिए अच्छी नींद लेना काफी आवश्यक है। दरअसल, जब आप जल्दी उठने की आदत डालते हैं तो आपको रात में भी नींद जल्दी आती है और जब आप समय पर सोते हैं तो इसके आपकी नींद की क्वालिटी भी सुधरती है।

## धर्म मंत्र

# देवी-देवताओं की अनेक भुजाओं का क्या है रहस्य, जानें उनकी शक्ति और गुणों का गूढ़ अर्थ

हिंदू धर्म में आपने देवी-देवताओं की मूर्ति या फिर प्रतिमा में देखा होगा कि उनकी दो से अधिक भुजाएं होती हैं। इन भुजाओं में देवी-देवताओं ने अलग-अलग अस्त्र-शस्त्र आदि धारण करते हैं। बता दें कि हिंदू देवताओं की कई भुजाएं उनकी शक्ति को दर्शाने का काम करती हैं, जैसे - मां दुर्गा ने अपनी भुजाओं में कई हथियारों को धारण किया किया है, जोकि उनकी बुराइयों पर लड़ने की अपार शक्ति को दर्शाते हैं। इसके अलावा भगवान श्रीहरि विष्णु ने अपनी भुजाओं में जो अस्त्र-शस्त्र और वस्तुएं धारण की हैं, उन्हें आध्यात्मिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतीक से जोड़कर देखा जाता है। आपने देवी-देवताओं के चित्र या प्रतिमा में देखा होगा कि हर अतिरिक्त भुजा एक विशिष्ट हथियार या फिर प्रतीक रखती है। यह उन देवी-देवताओं के विभिन्न गुणों और शक्तियों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इसके साथ ही देवी-देवताओं की अनेक भुजाएं उनकी बहुमुखी प्रकृति का भी प्रतीक मानी जाती हैं। इसके अलावा देवी-देवताओं की भुजाएं इस बात का प्रतिनिधित्व करती हैं कि वह एक साथ कई कार्य करने में सक्षम हैं। यह देवी-देवता अपनी अनेक भुजाओं में अस्त्र-शस्त्र धारण करके बुराइयों का अंत करते हैं और अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। बता दें कि मां लक्ष्मी और मां सरस्वती को चार भुजाओं के साथ दर्शाया जाता है। मां लक्ष्मी की पूजा धन की देवी के रूप में की जाती है। तो वहीं मां सरस्वती की पूजा ज्ञान की देवी के रूप में की जाती है। इन देवियों के चार भुजाएं भक्तों को गुण और धन प्रदान करती हैं।

## पर्यटन



# हिमाचल प्रदेश में नाहन और रेणुका की सैर करके खुश हो जाएंगे

अस्त व्यस्त जीवन से कभी भाग निकलो तो प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों पर गाड़ियों से लदी सड़कें, लोगों के झुंड मिलते हैं। आज ऐसी जगह चलते हैं जहां इतने लोग आते हैं कि सहजता से मज़ा ले सकें। हिमाचल प्रदेश के ज़िला सिरमौर के मुख्यालय नाहन से शिमला रोड़ पर नौ किमी दूर दोसड़का से सड़क दाएं तरफ रेणुका ले जाती है। चढ़ती सड़क से नाहन शहर व अड़ोस-पड़ोस का विहंगम नज़ारा आनंद देता है। बादलों के हुजूम पहाड़ियों की तलहटी से निकल कर मीलों तक उगे रहते हैं। थोड़ा आगे जमटा है जहां महंगे रिसोंटस और दूसरी आरामगाहें भी हैं जहां सप्ताहांत में दूर से आने वालों की एडवांस बुकिंग रहती है। रूकेंगे तो भूलेंगे नहीं। सर्पीला रास्ता दिलकश कुदरत और झील : जमटा से सड़क उतरती है। सर्पीले रास्ते पर पहाड़ी गांव, सीढ़ीनुमा खेत, स्वास्थ्य वर्धक चीड़ के वृक्षों की ताज़ा हवा, खूब पेड़ पौधे लुभाते हैं। कई जगह हिमाचल पर्यटन विभाग की होम स्टे योजना के तहत रुकने के लिए कमरे व टैंट उपलब्ध हैं। बाबा बडोलिया आकर्षक स्टॉपेज है। पुराने पुल के एक तरफ मंदिर, ऊपर पहाड़ी से गिरता मौसमी झरना, दूसरी तरफ बहती पहाड़ी नदी, पड़ोस में छोटे छोटे खेत। आगे फिर एक पुल है। स्वादिष्ट आम का बाग है। लीजिए ददाहू आ गया। यहां ठहरने के लिए किसान भवन, पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, प्राइवेट गेस्ट हाउस, रेस्तरां व होटल उपलब्ध हैं। ददाहू से निकल पुराना पुल पार कर परंपराओं व रीति रिवाज़ों के इलाके गिरीपार में बसी रेणुका झील पहुंचते हैं। हिमाचल की सबसे बड़ी, एशिया की प्राकृतिक झीलों में इस दो किलोमीटर से ज़्यादा बड़ी ओवल आकार झील की विशेष पहचान रही है। समुद्र तल से 672 मीटर ऊंचाई पर पसरी झील में उछलती फुदकती महाशीर मछलियां सभी के साथ दिल का रिश्ता कायम कर लेती हैं। यहां मछली पकड़ना और मांसाहार करना वर्जित है। ठहरने के लिए हिमाचल पर्यटन निगम का होटल रेणुका (शाकाहारी) व पुराना खूबसूरत विश्राम गृह है।

# उदीयमान सूर्य नारायण को अर्ध्य अर्पण संग छठ पर्व सम्पूर्ण

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। राष्ट्रीय एकता सामाजिक सौहार्द का सशक्त संदेश देता लोक आस्था और सूर्योपासना का पावन छठ पर्व पर मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्ध्य देकर पूर्ण हुआ। जिले के विभिन्न अंचलों में घाघरा गोमती शहर के नागेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में बड़ी संख्या में व्रती ने कुटुम्ब के साथ आर्य देकर पुण्य के भागी बने। नदी तटो का परिदृश्य देखते ही बना। ''रामनगर/ सिरौली गौसपुर'' तहसील क्षेत्रों में सरयू/घाघरा नदी के तट पर भोर पहर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर छठ महापर्व का समापन हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव से परिपूर्ण हुआ।सुबह की पहली किरण के साथ हजारों श्रद्धालु महिलाओं पुरुषों और बच्चों ने नदी के जल मे खड़े हो भगवान सूर्य नारायण को अर्घ्य अर्पित किया

।तपेशिपाह सहित अन्य गांवों से श्रद्धालु सपरिवार घाट पर पहुंचे।लाल पीले परिधानों में सजी व्रती महिलाओं ने व्रत धारण कर आस्था की अनूठी मिसाल पेश की।दीपों और सजावट से सजा घाघरा तट दिव्यता से आलोकित हो उठा।पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रही।उप जिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल तहसीलदार विपुल सिंह व थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडेय ने घाट पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।पुलिस की मुस्तैदी से नदी किनारे उमड़ी हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ के बावजूद छठ पूजा सुरक्षित पूर्ण हुई।

''सिद्धौर'' भोर पहर ही घाटों पर व्रती महिलाओं एवं श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हाथों में सूप,डलिया,फल, आदि पूजन सामग्री लेकर जल में खड़ी हुई महिलाएं देर तक छठी मैया का ध्यान कर आराधना करती रही।और उगते ही सूर्य भगवान को अर्ध्य देकर परिवार के सुख समृद्धि और संतान की दीर्घायु की कामना की। जलते दीपों से जगमग पूजा घाट स्थलों का मनभावन नजारा देखते ही बन रहा था। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सक्रिय सिद्धौर चौकी प्रभारी रामप्रकाश मिश्रा, दीवान अंजनी तिवारी आदि ने क्षेत्र के ग्राम जमलापुर, मदारपुर अमर सिंह,व सुसवाई ग्राम पंचायत के बलिया का पुरवा तालाब पूजा घाट स्थल का निरीक्षण किया।और शांति पूर्वक खुशनुमा माहौल में छठ पूजा पर्व मनाया गया।

# स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही उपकेंद्र बने मजाक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी।स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते सिद्धौर क्षेत्र के कई आयुष्मान स्वास्थ्य उपकेंद्र शोपीस बनकर रह गए हैं। विभाग की ओर से गांव-गांव में 35 आयुष्मान उपकेंद्र खोले गए हैं, लेकिन इनमें से सिर्फ 19 केंद्रों पर ही कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) की तैनाती हो सकी है। बाकी बचे केंद्रों पर फिलहाल एएनएम के भरोसे काम चलाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिन केंद्रों पर सीएचओ नहीं हैं, वहां दवाओं की कमी और नियमित स्वास्थ्य सेवाएं न मिलने से मरीजों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

असदा मऊ, सराय मीर, नयोछना, और देवगहना जैसे गांवों में लोगों को अभी भी बुनियादी चिकित्सा सुविधाओं के लिए सीएचसी सिद्धौर या अन्य कस्बों का रुख करना पड़ रहा है। इस संबंध में सीएचसी सिद्धौर के प्रभारी संजय पांडे ने बताया कि जिन उपकेंद्रों पर सीएचओ तैनात हैं, उन्हें नियमित रूप से खोलने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, जिन केंद्रों पर सीएचओ की तैनाती नहीं हो पाई है, वहां फिलहाल एएनएम को सेवा संचालन की जिम्मेदारी दी गई है।

### तृतीय यूथ एशियन गेम्स में कांस्य पदक विजेता शिवांशु पटेल और यश्विनी काशी पहुंचे,स्वागत

वाराणसी । बहरीन में आयोजित तृतीय यूथ एशियन गेम्स 2025 के ताइक्वांडो पूमसे की मिश्रित युगल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाले वाराणसी के होनहार खिलाड़ी शिवांशु पटेल और यश्विनी सिंह मंगलवार को अपने गृह नगर पहुंचे। बाबतपुर एयरपोर्ट पर दोनों युवा खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। एयरपोर्ट से लेकर शहर तक खेल प्रेमियों, युवा खिलाड़ियों, परिजनों, प्रशिक्षकों और नागरिकों ने फूल–मालाओं और नारों के साथ दोनों का जोरदार अभिनंदन किया।

# श्रीमदभागवत कथा सुनने मात्र से खुल जाते है मोक्ष के द्वार : आचार्य सत्यम जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी । कस्बा के मोहल्ला धमेडी चार में आशीष उपाध्याय के यंहा शुरु हुई श्री मद भागवत कथा के पहले दिन मथुरा वृंदावन से पधारे कथा व्यास आचार्य सत्यम जी महराज ने श्रीमद भागवत कथा के महत्म को बताया। उन्होंने कहा कि श्रीमद भागवत कथा सुनने मात्र से जहां मनुष्य का मोक्ष द्वार स्वतः खुल जाता है वहीं उसके समूल पाप नष्ट हो जाते है। कई पीढियो के सत्कर्म व पुण्य के फल से प्राणियों को भागवत कथा सुनने का अवसर मिलता है। जो भी सच्चे मन से भागवत कथा श्रवण करता है उसका जीवन धन्य व सुन्दर बन जाता है ।

उन्होंने आगे कहा कि इस कथा के सुनने मात्र से मनुष्य के बंद भाग्य रूपी कपाट खुल जाते हैं और वह भक्ति में लीन हो भगवत भक्ति की प्राप्ति करता है।कथा श्रवण से ही राजा परीक्षित को मोक्ष व धुन्धकारी को प्रेतयोनि से मुक्ति मिली थी। कलियुग मे सबसे सहज भक्ति अगर है तो भोलेनाथ व श्रीकृष्ण भगवान की है ।भगवान केशव के नाम संकीर्तन मात्र से जहां मानव को भगवद भक्ति की प्राप्ति हो जाएगी वहीं मानव जीवन धन्य व मंगलमय हो जाएगा।आचार्य श्री ने कहा कि अपने मन को ईश्वर के चरणो मे समर्पित कर दो अपने आप ही आपको ईश्वर प्राप्ति हो जाएगी व आपका मन ईश्वर की भक्ति मे लग जाएगा। इस अवसर पर मीनाक्षी देवी,संत कुमार,इंद्र मणि, नीलम मिश्रा,सविता पांडेय, कृष्ण कुमार आदि तमाम कथा प्रेमी मौजूद रहे।

# केंद्र सरकार की टीम ने किया आवास योजना का निरीक्षण, बड़ी संख्या में हैं पात्र वंचित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास प्लस सर्वेक्षण 2024 हेतु गठित केंद्र सरकार की एक्सपर्ट कमेटी ने विकास खंड बनीकोडर के अंतर्गत आने वाली सनौली ग्राम पंचायत का निरीक्षण किया। एक्सपर्ट कमेटी के चेयरमैन प्रवीन श्रीवास्तव एक्सपर्ट कम्युनिटी ऑन आवास प्लस 2024 के नेतृत्व में गया प्रसाद डीडीजी,शक्तिकांत सिंह डायरेक्टर, अजय मोरे जॉइंट डायरेक्टर,अमृता वालिया अंडर सेक्रेटरी,शालिनी दिवाकर,मनाया शैयल ,फराज शालीबान,दीपक शुक्ला आईटी टीम, संजय कुमार आईटी टीम सहित दस सदस्यीय टीम ने गांव में सर्वेक्षण किया। इस टीम में ग्रामीण विकास मंत्राल और भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी गयाप्रसाद उप महानिदेशक लखनऊ अजीत कुमार सिंह और ए.के.सिंह उपायुक्त शामिल रहे।

टीम ने गांव में तीन लाभार्थियों के घरों का स्थलीय निरीक्षण किया। सर्वे के दौरान लालगंज निवासी मनीषा पत्नी रामप्रसाद के घर के आवास का सर्वे किया गया। वहीं पूरनपुरवा निवासी विपीदा पत्नी गुड्डू से जब आवास की स्थिति के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि वह पिछले 20 वर्षों से छपर बनाकर झोपड़ी में रह रही हैं।इसके अलावा अंदाई निवासी मनीष कुमार पुत्र साहेबदीन के घर का भी निरीक्षण किया गया, अधिकारी टीम ने पाया कि वह भी छप्पर में निवास कर रहे हैं।अधिकारियों ने सभी लाभार्थियों की स्थिति को रिकॉर्ड में दर्ज करते हुए संबंधित रिपोर्ट मंत्रालय को भेजने की बात कही।मौके पर बीडीओ विनय कुमार मिश्रा,सचिव विवेक वर्मा,प्रधान प्रतिनिधि अमरनाथ उर्फ गुड्डू वर्मा, सचिव मनोज दीक्षित,सचिव अमरिंदर सिंह,पंचायत मित्र प्रेम वर्मा सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### क्राफ्ट कटिंग , गुंजिता ने की धान की कटाई

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के ग्राम गणेशपुर में क्रॉप कटिंग धान की फसल का निरीक्षण किया गया।उप जिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल व तहसीलदार विपुल सिंह ने किसान बाबूलाल के खेत में 0.050 एरी क्षेत्र में धान की कटाई कर फसल की उपज व गुणवत्ता की जांच की।निरीक्षण के दौरान 32 किलो 550 ग्राम धान की पैदावार दर्ज की गई।यह प्रक्रिया फसल बीमा योजना के तहत किसानों की वास्तविक उपज का आकलन करने के लिए की जाती है जिससे उन्हें उचित मुआवजा व सहायता राशि मिल सके।इस दौरान लेखपाल व कानूनगो सहित बीमा प्रतिनिधि किसान व अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।एसडीएम ने किसानों को बताया कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और फसलों की उचित कीमत सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है।

### बाइक भिड़ंत में दो युवक गंभीर

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के टांडा गांव स्थित लल्ला जी स्मारक स्कूल के पास बीती देर रात दो बाइको में आमने–सामने जोरदार टक्कर हुई। हादसे में दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों की पहचान इसी थाना क्षेत्र के डिप्टीगंज बेलहरा निवासी प्रदीप कुमार (20) पुत्र जगत नारायण और मूडाभारी गांव निवासी अनुराज (25) पुत्र कुंवारे के रूप में हुई। दोनों अपनी–अपनी बाइक से कहीं जा रहे थे। दोनों घायलों को ग्रामीण ने सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां से उन्हें अन्य अस्पतालों में रेफर कर दिया गया।

### बन रही सड़क की गुणवत्ता पर उठे सवाल

सुल्तानपुर। बल्दीराय क्षेत्र में देहली संपर्क मार्ग से बाबा दुलदुल दास कुटी, नेवल का पुरवा तक बन रही डेढ़ किलोमीटर सड़क की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसके कारण यह बनने के साथ ही उखड़ने लगी है। ग्रामीणों के अनुसार, सड़क निर्माण से पहले सफाई और समतलीकरण का कार्य ठीक से नहीं किया गया। इसी लापरवाही के चलते सड़क बनते ही खराब होने लगी है ।

# सीएम डैशबोर्ड व सीएमआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित विकास कार्यों की डीएम ने की गहन समीक्षा, दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जिले में संचालित विकास कार्यों और योजनाओं की रफ्तार को और तेज करने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में सीएम डैशबोर्ड व सीएमआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित सूचनाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने विभागवार आंकड़ों की जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी योजनाओं की जानकारी समय से और शुद्ध रूप में पोर्टल पर अपडेट की जाए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि शासन स्तर पर सीधे सीएमआईएस पोर्टल और सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से योजनाओं की निगरानी की जा रही है, ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। डीएम ने निर्देश दिए कि जिन विभागों की प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं है, वे तुरंत सुधारात्मक कदम उठाएं और पोर्टल पर अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएं।

डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक दशा में सीएम डैशबोर्ड पर आंकड़ों को अद्यतन रखा जाय, ताकि जिले की रैंक प्रभावित न होने पाये। समीक्षा के दौरान सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लोग अपने-अपने विभागों की सीएम डैशबोर्ड से संबंधित कार्यो, योजनाओं की बराबर समीक्षा करते रहें, ताकि सीएम डैशबोर्ड पर विभाग की रैंकिंग खराब न होने पाए, इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। संबंधित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गंभीरता से लें। सभी विभाग छोटी से छोटी कमी पर ध्यान देते हुए अपनी रैंकिंग में सुधार लाएं। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड और सीएमआईएस पर डाले गए आंकड़े महज नंबर नहीं, प्रशासन की पारदर्शिता और जवाबदेही का आईना हैं। अधिकारी सुनिश्चित करें कि डाटा अद्यतन और जमीनी हकीकत से मेल खाते हों। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही से न सिर्फ विभाग की रैंकिंग गिरेगी, बल्कि जिले की छवि भी प्रभावित होगी।

इनकी रही मौजूदगी : सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, डीएसटीओ अरविंद कुमार सहित सभी संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### तबादलाः सेवा एवं समर्पण के रूप में जाना जाएगा अरुण का कार्यकाल !

**एडीएम अरुण सिंह का हुआ तबादला , निरंकार होंगे नए एडीएम**

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, जो 2015 बैच के पीसीएस अधिकारी हैं, का तबादला मुरादाबाद कर दिया गया है। अपने कार्यकाल में उन्होंने न केवल प्रशासनिक दक्षता का परिचय दिया बल्कि अपनी मृदुभाषी, विनम्र और मिलनसार व्यक्तित्व से लोगों के दिलों में विशेष स्थान बनाया। पिछले दो वर्षों के कार्यकाल में एडीएम सिंह ने जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दी, न्याय दिलाने के हर प्रयास में संवेदनशीलता और निष्पक्षता दिखाई। चाहे राजस्व संबंधी प्रकरण हों या जनसुनवाई—उन्होंने हर कार्य में मानवीय दृष्टिकोण अपनाया।उनकी सादगी, सहज उपलब्धता और जनसेवा के प्रति समर्पण ने उन्हें आमजन का प्रिय बना दिया। विदाई के अवसर पर लोग भावुक होकर यही कहते सुने गए ल्लअरुण कुमार सिंह जैसे अधिकारी बार–बार नहीं मिलते, जिन्होंने बाराबंकी को केवल प्रशासन नहीं दिया, बल्कि अपनापन भी दिया।ङ्कबाराबंकी के लोगों के लिए उनका यह कार्यकाल यादगार रहेगा, और उनकी सरल मुस्कान व न्यायप्रिय छवि हमेशा याद की जाएगी।

### फांसी फंदे पर झूली विवाहिता

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव पूरे रघुनाथ सिंह निवासी महिला कुशमा उर्फ बुधाना उम्र करीब 27 वर्ष पत्नी देशराज ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर में साड़ी के सहारे पंखे के हुक से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।सुचना पा कर घटनास्थल पर पहुंचे रामसनेहीघाट के नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी पुलिस बल के साथ शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा। बताया जा रहा कि मृतका अपने पीछे 2 वर्षीय मासूम बच्चा छोड़ गई।

### परिक्रमा आज से बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे श्रद्धालु

जैदपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर स्थित श्रीराम जानकी बालाजी महाराज संगत मंदिर में कल 30 अक्टूबर एवं 1 नवंबर को श्रीराम जानकी जी की 14 एवं 5 फ़ेरो वाली परिक्रमा आयोजन की भव्य तैयारी की जा रही है । इस बार हजारों की संख्या में श्रद्धालु परिक्रमा में शामिल होंगे ऐसा अनुमान है। परिक्रमा आयोजक राकेश कुमार रावत ने बताया की जैदपुर के अति प्राचीन श्रीराम जानकी बालाजी महाराज संगत मंदिर में पिछले 14 वर्षों से प्रभु श्रीराम जानकी जी की 14 एवं 5 फ़ेरो वाली परिक्रमा का भव्य आयोजन परंपरागत होता आया है । उन्होंने बताया की परिक्रमा शोभा यात्रा में स्थानीय श्रद्धालुओं के अतिरिक्त दूर दराज के ग्रामीण इलाकों के भी भारी संख्या में श्रद्धालु गण आते है। परिक्रमा मंदिर प्रांगण के बाहर से चारों ओर लगभग 800 मीटर के दायरे में होती है । शांति एवं सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन की सख्त निगरानी रहती है !तो वही नगर पंचायत जैदपुर प्रशासन द्वारा भी परिक्रमा मार्ग पर साफ सफाई आदि दायित्व निभाता है।परिक्रमा कमेटी सदस्य सरवन गुप्ता , राकेश रावत , कृष्ण गोपाल सोनी , लाल गुप्ता के अतिरिक्त जगदम्बा सोनी , मनोज गुप्ता , सोनू कश्यप , गायत्री जैसवाल, श्यामू सोनी , सूरज सोनी , दिनेश गुप्ता आदि का विशेष योगदान रहता है।

### छात्रों की ऑनलाइन अटेंडेंस का होगा विरोध

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। परिषदीय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र – छात्राओं की ऑनलाइन हाजिरी देने के अव्यावहारिक आदेश का उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्रबल विरोध करेगा। उपरोक्त के संबंध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद बाराबंकी के जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह ने बताया कि छात्रों की ऑनलाइन हाजिरी देने में आ रही विभिन्न व्यावहारिक समस्याओं के सम्बन्ध में कई माह पहले उत्तर प्रदेश सरकार के तत्कालीन मुख्य सचिव एवं शासन के विभागीय उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया था । उसी समय मुख्यमंत्री जी द्वारा समस्याओं का संज्ञान लेते हुए तत्कालीन मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में शासन एवं विभाग की उच्च अधिकारियों के साथ संगठन के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता हुई थी । वार्ता में सभी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन देकर ऑनलाइन हाजिरी लिए जाने के निर्देश पर रोक लगाई गई थी।एक नवंबर 2025 को जनपद मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एवं शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा ।संगठन के जिला मंत्री उमानाथ मिश्र ,कोषाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ देवेंद्र द्विवेदी, संयुक्त मंत्री सुनील त्रिपाठी ,जनपदीय उपाध्यक्ष किरन विश्वकर्मा ने जनपद के शिक्षकों का आह्वान किया है कि प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर अधिक से अधिक संख्या में ज्ञापन एवं प्रदर्शन कार्यक्रम में उपस्थित होकर शिक्षकों की समस्याओं की ओर शासन का ध्यान आकर्षित करायें ।

# वाराणसी की देव दीपावली में इस बार दिखेगी 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की झलक

एजेंसी



वाराणसी । उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी में इस बार देव दीपावली में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की झलक दिखेगी। महापर्व पर जब पूरी काशी गंगा तट पर दीयों की रोशनी में नहाएगी, तब शहर एक बार फिर ल्लमिनी भारतङ्क की झलक पेश करेगा। इस बार की देव दीपावली में वाराणसी के घाट केवल धार्मिक आस्था से ही नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विविधता से भी आलोकित होंगे। गंगा किनारे जगमगाते लाखों दीप इस बार देश की विविध परंपराओं का जीवंत चित्र बनेंगे।

उत्तर वाहिनी गंगा के पथरीले घाट अपनी विशिष्ट पहचान के साथ अलग-अलग संस्कृति का रंग बिखेरेंगे। घाटों पर कहीं मराठी परंपरा झलकेगी, कहीं दक्षिण भारत की रीतियाँ, कहीं मैथिल ब्राह्मणों के द्वारा दीपों की साज-सज्जा, तो कहीं गुजराती रंगोली और थालियों की साज-सज्जा आकर्षण का केंद्र बनेगी। काशी की यह देव दीपावली वैश्विक स्तर पर ल्लएक भारत, श्रेष्ठ भारतङ्क की भावना को साकार करती दिखाई देगी और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए एक नया अनुभव बनेगी। इसके लिए उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के निर्देश पर पर्यटन विभाग ने तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार के अनुसार काशी के पंच तीर्थों में गिने जाने वाले पंचगंगा घाट पर इस बार भी मराठी संस्कृति की अलग छटा दिखेगी। यहाँ के मराठी मोहल्ले के परिवार पारंपरिक तरीके से दीये सजाने और गंगा आरती करने की तैयारियों में जुटे हैं। इसी घाट के पास बसे नेपाली लोगों के मोहल्ले में भी सजावट की तैयारियाँ चल रही हैं। नेपाली परिवार अपनी पारंपरिक शैली में दीये जलाकर गंगा तट को रोशन करेंगे। दोनों संस्कृतियों का यह संगम देव दीपावली की रात पंचगंगा घाट को विशेष बना देगा। इसी तरह गौरीकेदार घाट पर इस बार दक्षिण भारतीय संस्कृति का रंग गहराने वाला है। गौरी केदारेश्वर मंदिर परिसर में दीप सज्जा, भक्ति संगीत और पारंपरिक पूजा की तैयारियाँ जोरों पर हैं। यहां पर दक्षिण भारत के अधिकतर लोग रहते हैं। ऐसे में गौरीकेदार घाट पर दक्षिण भारतीय परंपराओं की छटा देखने को मिलेगी। पुराने गुजराती मोहल्ले में भी दीप सज्जा शुरू हो चुकी है।

चौक, ठठेरी बाजार और मणिकर्णिका के आसपास स्थित मंदिरों को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। गुजराती समुदाय पारंपरिक वेशभूषा में पूजा-अर्चना करेगा और रंगोली से सजे दीयों की थालियाँ इस इलाके को खास बनाएंगी। यहां पर गुजराती परंपरा के अनुसार दीपसज्जा देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि गंगा तट के दशाश्वमेध घाट और राजेन्द्र प्रसाद घाट के आसपास मैथिल ब्राह्मणों की पूजा-पद्धति से दीप जलते दिखेंगे। इस बार इन घाटों पर दीयों की संख्या और सजावट दोनों ऐतिहासिक होंगी। देव दीपावली की शाम जब गंगा के दोनों तट लाखों दीपों से जगमगाएंगे, तब यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिक एकता का अनूठा उत्सव होगा। यहां मैथिली संस्कृति की झलक दिखाई देगी।

उन्होंने बताया कि देव दीपावली भारत की आत्मा का उत्सव है। काशी के घाटों पर देश के हर कोने की परंपरा एक साथ दमकती है। मराठी, दक्षिण भारतीय, गुजराती, मैथिल और नेपाली संस्कृतियों का यह संगम काशी को 'मिनी भारत' बना देता है। सरकार का प्रयास है कि ऐसी परंपराओं को प्रोत्साहित कर काशी को वैश्विक सांस्कृतिक केंद्र के रूप में और सशक्त किया जाए। संयुक्त निदेशक पर्यटन, दिनेश कुमार ने बताया कि देव दीपावली 2025 पर पर्यटन विभाग की ओर से 10 लाख दीप जलाए जाएंगे, जबकि शेष घाटों की स्थानीय समितियाँ अपने स्तर पर दीये जलाएँगी। उन्होंने कहा कि हर घाट पर समितियाँ सक्रिय हैं और सभी मिलकर इस आयोजन को ऐतिहासिक बना रही हैं। आस-पास के जिलों जैसे मिर्ज़ापुर, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया, गोरखपुर, प्रयागराज के अलावा दक्षिण भारत, गुजरात और अन्य राज्यों से हजारों श्रद्धालु और विदेशी पर्यटक भी आने वाले हैं।

# कैनबरा में भारत के वर्चस्व की पहली टी20 परीक्षा

एजेंसी




कैनबरा। क्रिकेट, जो सबसे अप्रत्याशित निश्चितताओं में से एक है, एक बार फिर संयम और समय की परीक्षा के रूप में सामने आ रहा है। टी20 वर्चस्व के शिखर पर सवार भारत, कैनबरा में केवल एक मैच खेलने के लिए नहीं, बल्कि एक साल के शानदार प्रदर्शन से बने आत्मविश्वास के साम्राज्य की रक्षा करने के लिए पहुंच रहा है। आंकड़े कहानी को और पुष्ट करते हैं: एशिया कप में अजेय, टी20 विश्व चैंपियन का ताज और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पिछले छह में से पांच मुकाबलों में अजेय। लेकिन असली कहानी तब शुरू होती है जब कैनबरा के ठंडे आसमान के नीचे गेंद स्विंग करती है और मनुका ओवल के प्रशंसक उस पुरानी ऑस्ट्रेलियाई धुन को गुनगुनाने लगते हैं - ''हम घर पर कभी नहीं हारते। सूर्यकुमार यादव एक ऐसी टीम का नेतृत्व करते हैं जो भारत के नए क्रिकेटिंग मूड का प्रतिबिंब लगती है - अधीर, अभिव्यंजक और अराजकता से बेखौफ। अभिषेक शर्मा, बगावत से भरे कलाई वाले बालक, तिलक वर्मा अपनी शांत अवज्ञा के साथ, और शुभमन गिल, सफ़ेद कपड़ों के कवि से पावर-हिटर बने - ये सभी भारतीय बल्लेबाजी के बदलते चेहरे का प्रतिनिधित्व करते हैं। और फिर आते हैं जसप्रीत बुमराह, भारत के शांत वज्र। उनके स्पेल ने तेज गेंदबाज़ी की भाषा को नए सिरे से लिखा है - न्यूनतम, सटीक, क्रूर रूप से सुंदर। अगर वह दुधिया रोशनी में लय हासिल कर लेते हैं, तो ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी खुद को एक लंबी शाम के चिंतन में डूबा हुआ पा सकते हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया परिचितता और असहजता के एक अजीबोगरीब मिश्रण के साथ आ रहा है। मिचेल मार्श, जो ताकत और बोझ दोनों ढोते हैं, जानते हैं कि उनके खिलाड़ियों में ताकत है - ट्रैविस हेड, मार्कस स्टोइनिस, टिम डेविड - लेकिन शायद रहस्य नहीं। और एडम जम्पा की चतुराई के बिना, उनकी स्पिन की अलमारी उनकी अपेक्षा से कहीं ज़्यादा खाली दिखती है। पिच दोनों पक्षों को परेशान करेगी - एक ऐसी सतह जो शुरुआत में उछाल, बीच में धैर्य और इंतज़ार करने वालों के लिए इनाम देती है। मौसम अपनी शरारतें कर सकता है, बारिश रणनीति को सहज ज्ञान में बदलने की धमकी दे रही है। टॉस, हमेशा की तरह, अनदेखा बारहवां खिलाड़ी बन सकता है। लेकिन आंकड़ों और चयन के पीछे कुछ और दिलचस्प बात छिपी है - आधुनिक क्रिकेट की गति का मालिक कौन है, यह शांत प्रश्न। टी20 में भारत का उदय आकस्मिक नहीं है; यह दार्शनिक रहा है। उन्होंने जोखिम को एक कला बनाना, दबाव को प्रदर्शन में बदलना सीख लिया है। अपने घरेलू मैदान पर खेल रहे ऑस्ट्रेलिया के पास भले ही अभी भी शोर हो। लेकिन भारत के पास कुछ दुर्लभ है - लय। और खेल में, लय अक्सर बयानबाजी पर भारी पड़ती है।

# श्रेयस अय्यर की हालत स्थिर, आईसीयू से बाहर

एजेंसी



सिडनी। भारतीय क्रिकेटर श्रेयस अय्यर की हालत में सुधार के संकेत मिले हैं। डॉक्टरों ने आज पुष्टि की है कि अब उनकी हालत स्थिर है और उन्हें सिडनी के एक अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) से बाहर कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान मैदान पर लगी गंभीर चोट के कारण आंतरिक रक्तस्राव के बाद 30 वर्षीय श्रेयस अय्यर को अस्पताल ले जाया गया था। अय्यर को यह चोट फील्डिंग के दौरान लगी थी जब उन्होंने एलेक्स कैरी का शानदार कैच लेने के लिए पीछे की ओर डाइव लगाई थी। इस चोट के कारण उनकी बाईं पसली के नीचे गंभीर चोट आई, जिससे आंतरिक रक्तस्राव हुआ और शरीर के महत्वपूर्ण अंगों के काफी करीब चोट लगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने ड्रेसिंग रूम में लौटने पर अय्यर के महत्वपूर्ण मापदंडों में उतार-चढ़ाव के बाद तुरंत कार्रवाई की और उन्हें पास के एक अस्पताल ले जाया गया। बीसीसीआई ने कल एक बयान जारी कर अय्यर की चोट की प्रकृति और गंभीरता की पुष्टि की। बयान में कहा गया है, ''श्रेयस अय्यर को 25 अक्टूबर 2025 को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय बाईं पसली के निचले हिस्से में चोट लग गई थी। उन्हें आगे की जांच के लिए तुरंत अस्पताल ले जाया गया। स्कैन से पता चला है कि उनकी तिल्ली में कट लग गया है। उनका इलाज चल रहा है, उनकी हालत स्थिर है और वे अच्छी तरह से ठीक हो रहे हैं। बोर्ड ने यह भी पुष्टि की है कि भारतीय टीम के डॉक्टर अय्यर की दैनिक प्रगति पर नजर रखने के लिए सिडनी में उनके साथ रहेंगे। इसमें आगे कहा गया है, ''बीसीसीआई की मेडिकल टीम सिडनी और भारत के विशेषज्ञों के परामर्श से उनकी चोट की स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है। भारतीय टीम के डॉक्टर श्रेयस की दैनिक प्रगति का मूल्यांकन करने के लिए सिडनी में उनके साथ रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### होप, पॉवेल और गेंदबाजों ने वेस्टइंडीज को 16 रनों से जीत दिलाई

**चटगांव।** वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में 16 रनों की शानदार जीत के साथ शुरुआत की। कप्तान शाई होप (46) और रोवमैन पॉवेल (44) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मेहमान टीम ने 3 विकेट पर 165 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और फिर बांग्लादेश को 19.4 ओवर में 149 रनों पर ऑल आउट करके इस स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए, विंडीज के बल्लेबाजों ने सतर्क शुरुआत की और पहले दो ओवरों में केवल छह रन ही बना पाए। एलिक अथानाज़े को दो बार जीवनदान मिला – पहला तब जब बांग्लादेश ने उन्हें डायरेक्ट हिट से रन आउट करने का मौका गंवा दिया और फिर जब उनका गलत शॉट सर्कल के ठीक बाहर सुरक्षित रूप से जा गिरा। तस्कीन अहमद अपने दूसरे ओवर में बेकाबू साबित हुए और उन्होंने तीन वाइड फेंकी और तीन चौके खाए जिससे वेस्टइंडीज को शुरुआत में ही बढ़त मिल गई। सलामी बल्लेबाजों ने 59 रनों की साझेदारी की, लेकिन नौवें ओवर में रिशाद हुसैन की गेंद पर रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में अथानाज़े बोल्ड हो गए। वेस्टइंडीज ने अगले दोनों ओवरों में एक–एक छक्का लगाया, जिसके बाद मुस्तफिजुर रहमान ने एक कड़ा ओवर फेंका। इसके बाद मेहमान टीम को दोहरा झटका लगा जब तस्कीन ने 13वें ओवर में लगातार गेंदों पर ब्रैंडन किंग और शेरफ़ेन रदरफोर्ड को आउट कर दिया। कप्तान होप ने अगले ओवर में रिशाद की गेंद पर लगातार दो छक्के लगाकर अपनी टीम की जीत की लय बनाए रखी और इसी के साथ वेस्टइंडीज के लिए एक अहम साझेदारी की शुरुआत हुई। बांग्लादेश ने बाउंड्रीज पर लगाम लगाई और दबाव बनाया, जिसका नतीजा यह हुआ कि रोवमैन पॉवेल ने शॉर्ट थर्ड मैन पर तन्ज़ीम साकिब को मौका दिया, लेकिन साकिब ने उसे टपका दिया। यह बांग्लादेश के लिए बहुत महंगा साबित हुआ क्योंकि पॉवेल ने अंतिम ओवर में चार छक्के लगाकर अपनी लय हासिल कर ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए, बांग्लादेश ने तन्ज़िद हसन के साथ पहले ओवर में अकील हुसैन की गेंद पर एक छक्का और एक चौका लगाकर सकारात्मक शुरुआत की। हालाँकि, वह ज़्यादा देर तक नहीं टिक पाए और अगले ही ओवर में जेडन सील्स ने उन्हें आउट कर दिया। बांग्लादेश के लड़खड़ाने से पहले कुछ देर तक रन बने। पावरप्ले में उन्होंने तीन और विकेट गंवा दिए – लिटन दास, सैफ हसन और शमीम हुसैन – जिससे उनकी लक्ष्य की दौड़ जल्दी ही पटरी से उतर गई और पहले छह ओवर के बाद उनका स्कोर 42/4 हो गया। वेस्टइंडीज ने मुकाबले पर अपनी पकड़ बनाए रखी, जबकि बांग्लादेश लड़खड़ाता रहा, लेकिन नौवें ओवर में नूरुल हसन के रूप में एक और विकेट गंवा दिया। फ्लडलाइट गुल होने के कारण खेल में थोड़ी देरी हुई, जिसके बाद मेहमान टीम ने अपना दबदबा बनाए रखा। सील्स ने 12वें ओवर में तौहीद हृदय को आउट कर दिया, जो उस समय तक एकमात्र बल्लेबाज थे जिन्होंने तब तक कोई प्रतिरोध किया था। जब साकिब और नसुम अहमद क्रीज पर थे, तब बांग्लादेश ने कुछ देर के लिए वापसी की।

### तुर्की की फुटबॉल लीग के सैकड़ों रेफरी सट्टेबाजी की जांच के घेरे में

**अंकारा।** तुर्की फुटबॉल महासंघ (टीएफएफ) के अध्यक्ष इब्राहिम हासियोसमानोग्लू ने सोमवार को कहा कि तुर्की की पेशेवर फ़ुटबॉल लीग में काम करने वाले सैकड़ों रेफरी सट्टेबाजी की गतिविधियों में लिप्त पाए गए हैं। इस्तांबुल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, हासियोसमानोग्लू ने कहा कि उन्हें दंड के लिए अनुशासन समिति के पास भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी एजेंसियों के आंकड़ों से समर्थित एक आंतरिक जांच से पता चला है कि 571 सक्रिय रेफरियों में से 371 के पास सट्टेबाजी के खाते थे। उन्होंने आगे कहा, ''राज्य संस्थानों से प्राप्त आंकड़ों और हमारी पेशेवर टीम के काम के अनुसार, यह पाया गया कि पेशेवर लीगों में 571 सक्रिय रेफरी में से 371 के पास सट्टेबाजी खाते हैं। इनमें से 152 सक्रिय रूप से सट्टेबाजी करते पाए गए।'' इस सूची में सात शीर्ष–श्रेणी के रेफरी, 15 शीर्ष–श्रेणी के सहायक रेफरी, 36 उच्च–श्रेणी के रेफरी और 94 उच्च–श्रेणी के सहायक रेफरी शामिल हैं। हसिओसमानोग्लू ने कहा कि 10 रेफरी ने 10,000 से ज़्यादा दांव लगाए, एक रेफरी ने अकेले 18,227 दांव लगाए, और 42 रेफरी ने 1,000 से ज़्यादा फ़ुटबॉल मैचों पर दांव लगाया। हालाँकि, कुछ रेफरी केवल एक बार ही दांव लगाते पाए गए। उन्होंने कहा, ''आज से, हमारा अनुशासन बोर्ड आवश्यक कार्रवाई करेगा। उन्हें जल्द ही बोर्ड के पास भेजा जाएगा और हमारे नियमों के अनुसार दंडित किया जाएगा।'' उन्होंने बताया कि महासंघ ने अपने निष्कर्षों को फीफा और यूईएफए के साथ साझा किया है। टीएफएफ अध्यक्ष ने बताया कि समीक्षा में रेफरी से आगे बढ़कर महासंघ के सदस्यों को भी शामिल किया गया। उन्होंने कहा, ''हमने रेफरी से शुरुआत की, जिनमें मैं और मेरे बोर्ड के सदस्य शामिल हैं।'' उन्होंने फुटबॉल क्लबों से भी ऐसा ही करने का आग्रह किया। उन्होंने आगे कहा, ''जैसे हम अपने घर की सफाई कर रहे हैं, वैसे ही क्लब अध्यक्षों को भी खुद से, अपने बोर्ड और अपने खिलाड़ियों से शुरुआत करनी चाहिए और परिणामों को पारदर्शी तरीके से जनता के साथ साझा करना चाहिए।'' उन्होंने आगे कहा, ''अगर ऐसा नहीं होता है, तो हम संबंधित राज्य निकायों के साथ काम करना जारी रखेंगे और अपने निष्कर्षों को सार्वजनिक करेंगे। हालांकि तुर्की में एक ही राज्य द्वारा संचालित प्रणाली के तहत खेलों पर सट्टा लगाना कानूनी है, लेकिन रेफरी, खिलाड़ियों और अधिकारियों को किसी भी फुटबॉल मैच पर सट्टा लगाने की सख्त मनाही है।

### स्पाइसजेट के बेड़े में शामिल हुआ एक और बोइंग 737 विमान, एक ग्राउंडेड विमान सेवा में वापस

**नयी दिल्ली।** किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट के बेड़े में एक और बोइंग 737 विमान शामिल हो गया है। एयरलाइंस ने मंगलवार को बताया कि इसके अलावा उसका एक बोइंग 737 मैक्स जो परिचालन से बाहर था, फिर से उड़ान भरने के लिए तैयार हो गया है। इन दो विमानों के साथ इस महीने एयरलाइन के बेड़े में कुल पांच विमान शामिल हो गये हैं, जो विंटर शेड्यूल में उड़ानों की संख्या बढ़ाने की कंपनी की रणनीति में महत्वपूर्ण है।दोनों विमानों ने अब वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया है। स्पाइसजेट ने इससे पहले इसी महीने दो बोइंग 737 और एक वाइड–बॉडी एयरबस ए340 विमान को शामिल कर अपने बेड़े का विस्तार किया था। यह विस्तार त्योहारी और छुट्टियों के मौसम में बढ़ती यात्रा की मांग को पूरा करने की उसकी रणनीति के अनुरूप है।एयरलाइंस ने कुल मिलाकर अक्टूबर और नवंबर के बीच 20 विमानों को अपने बेड़े में शामिल करने की योजना बनायी है। स्पाइसजेट के मुख्य व्यवसाय अधिकारी देबोजो महर्षि ने कहा, '' हमारे नवीनतम विमानों का आगमन तथा एक और 737 मैक्स का सक्रिय सेवा में वापस आना स्पाइसजेट की विकास यात्रा में एक और मजबूत कदम है। यह हमारे अब तक के सबसे बड़े विस्तार चरणों में से एक है, जो यात्रा की बढ़ती मांग पूरी करने और अपने यात्रियों को अधिक गंतव्य, बेहतर कनेक्टिविटी और बेहतर सुविधा प्रदान करने पर हमारे स्पष्ट फोकस से प्रेरित है।

# मेसी की नजर 2026 फीफा वर्ल्ड कप पर, उम्र और फिटनेस के बावजूद खेलने की जताई उम्मीद

एजेंसी



नई दिल्ली। अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने एक बार फिर अपने प्रशंसकों में उम्मीद जताई है कि वे फीफा वर्ल्ड कप 2026 में खेलते नजर आ सकते हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी उम्र और फिटनेस ही यह तय करेगी कि वह अर्जेंटीना के लिए 2022 का खिताब बचाने उतरेंगे या नहीं। मेसी अगले साल जून में 39 वर्ष के हो जाएंगे, लेकिन उन्होंने हाल ही में इंटर मियामी के साथ अपना अनुबंध 2028 तक बढ़ाया है। यह इस बात का संकेत है कि वह अभी संन्यास के बारे में नहीं सोच रहे। मीडिया से बातचीत में आठ बार के बैलों डी' ओर विजेता मेसी ने कहा, ह्लवर्ल्ड कप में खेलना कुछ असाधारण होता है और मैं उसमें शामिल होना पसंद करूंगा। मैं चाहता हूं कि मैं वहां रहूं, फिट रहूं और टीम के लिए उपयोगी साबित हो सकूं। लेकिन मैं अगले साल प्री-सीज़न शुरू होने पर अपनी स्थिति का आकलन करूंगा और तभी अंतिम फैसला लूंगा। मेसी ने आगे कहा, हम पिछला वर्ल्ड कप जीत चुके हैं और अब उसे मैदान पर बचाने का मौका मिलना शानदार होगा। हर खिलाड़ी का सपना होता है कि वह अपने देश के लिए वर्ल्ड कप खेले और मेरे लिए भी यह हमेशा एक सपना रहा है। मेसी ने अपने 20 से अधिक वर्षों के पेशेवर करियर में बार्सिलोना, पेरिस सेंट-जर्मेन और अब इंटर मियामी के लिए खेला है। 2023 में एमएलएस में शामिल होकर उन्होंने अमेरिकी फुटबॉल लीग में नई जान फूंक दी – खासतौर पर तब, जब उत्तर अमेरिका अगले साल वर्ल्ड कप की मेज़बानी करने जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लंबे समय तक खिताब से वंचित रहने के बाद मेसी ने 2021 कोपा अमेरिका और फिर 2022 कतर विश्व कप जीतकर अपने करियर को नई ऊंचाई दी। उन्होंने फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट (4-2) से हराकर अर्जेंटीना को विश्व चैंपियन बनाया। मेसी ने कहा, वह मेरे जीवन का सपना था। पेशेवर स्तर पर वही एक चीज़ थी जो बाकी रह गई थी, क्योंकि मैंने क्लब और व्यक्तिगत स्तर पर लगभग सब कुछ हासिल कर लिया था। अब तक 195 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 114 गोल दाग चुके मेसी अगर 2026 में खेलते हैं, तो यह उनका छठा फीफा विश्व कप होगा, जो फुटबॉल इतिहास में एक और अनोखी उपलब्धि होगी।

## तुर्की की फुटबॉल लीग के सैकड़ों रेफरी सट्टेबाजी की जांच के घेरे में


अंकारा। तुर्की फुटबॉल महासंघ (टीएफएफ) के अध्यक्ष इब्राहिम हासियोसमानोग्लू ने सोमवार को कहा कि तुर्की की पेशेवर फ़ुटबॉल लीग में काम करने वाले सैकड़ों रेफरी सट्टेबाजी की गतिविधियों में लिप्त पाए गए हैं। इस्तांबुल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, हासियोसमानोग्लू ने कहा कि उन्हें दंड के लिए अनुशासन समिति के पास भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी एजेंसियों के आंकड़ों से समर्थित एक आंतरिक जांच से पता चला है कि 571 सक्रिय रेफरियों में से 371 के पास सट्टेबाजी के खाते थे। उन्होंने आगे कहा, ''राज्य संस्थानों से प्राप्त आंकड़ों और हमारी पेशेवर टीम के काम के अनुसार, यह पाया गया कि पेशेवर लीगों में 571 सक्रिय रेफरी में से 371 के पास सट्टेबाजी खाते हैं। इनमें से 152 सक्रिय रूप से सट्टेबाजी करते पाए गए।'' इस सूची में सात शीर्ष-श्रेणी के रेफरी, 15 शीर्ष-श्रेणी के सहायक रेफरी, 36 उच्च-श्रेणी के रेफरी और 94 उच्च-श्रेणी के सहायक रेफरी शामिल हैं।


# भारत 257 गीगावाट के साथ चौथा सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्ज़ा उत्पादक: प्रह्लाद जोशी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार को कहा कि भारत, नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षमता के मामले में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश है और इसकी क्षमता 257 गीगावाट है जो 2014 के 81 गीगावाट से तीन गुना अधिक है। अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन सभा के 8वें सत्र को संबोधित करते हुए केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा मंत्री ने कहा कि भारत की सौर क्षमता 2014 में 2.8 गीगावाट से बढ़कर आज 128 गीगावाट हो गई है। उन्होंने कहा, '' भारत अब नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षमता के मामले में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा देश है। नवीकरणीय ऊर्ज़ा 2014 की 81 गीगावाट से बढ़कर आज 257 गीगावाट है। जोशी ने बताया कि सौर मॉड्यूल निर्माण क्षमता 2014 में दो गीगावाट से बढ़कर वर्तमान में 110 गीगावाट हो गई है। इसी तरह सौर सेल निर्माण भी शून्य से बढ़कर 27 गीगावाट हो गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने गैर-जीवाश्म स्रोतों से 50 प्रतिशत क्षमता के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान लक्ष्य को समय सीमा से पांच वर्ष पहले ही हासिल कर लिया। मंत्री ने कहा कि भारत के नवीकरणीय ऊर्ज़ा शुल्क, चाहे वह सौर ऊर्ज़ा हो, 'सोलर-प्लस-बैटरी' हो या हरित अमोनिया हो, विश्व स्तर पर सबसे कम हैं। ''यह स्वच्छ ऊर्ज़ा को किफायती बनाने के लिए गति और कौशल को संयोजित करने की देश की क्षमता को दर्शाता है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्ज़ा एजेंसी ने भारत के दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्ज़ा बाजार बनने का अनुमान लगाया है। जोशी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्ज़ा एजेंसी भारत को ऊर्ज़ा परिवर्तन की एक महाशक्ति मानती है। जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में भी भारत शीर्ष प्रदर्शन करने वाले देशों में बना हुआ है। उन्होंने कहा कि वास्तव में जी-20 देशों में भारत एकमात्र ऐसा देश है, जिसने 2030 के नवीकरणीय ऊर्ज़ा लक्ष्यों को 2021 में ही हासिल कर लिया है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा मंत्री ने कहा, '' हम जलवायु परिवर्तन को कम करने के वैश्विक प्रयासों में लगातार अग्रणी बने रहे हैं। बिजली उत्पादन क्षमता में वृद्धि के मामले में भारत पिछले पांच वर्ष में विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे कम प्रति व्यक्ति उत्सर्जन और सबसे कम प्रति व्यक्ति ऊर्ज़ा खपत वाले देशों में से एक होने के नाते स्वच्छ ऊर्ज़ा परिवर्तन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता वास्तव में उल्लेखनीय है। मंत्री ने उल्लेख किया कि वैश्विक सौर ऊर्ज़ा अब 1,600 गीगावाट से अधिक हो गई है और कुल नवीकरणीय उत्पादन का करीब 40 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, '' फिर भी प्रगति असमान बनी हुई है। उप-सहारा अफ्रीका और छोटे द्वीपीय देशों में लाखों लोग अब भी निरंतर बिजली आपूर्ति के बिना जी रहे हैं। इस खाई को पाटने के लिए सामूहिक महत्वाकांक्षा एवं समान वित्त की आवश्यकता है।

# एआईसीएफ की वार्षिक आम बैठक में 2030 ओलंपियाड की बोली लगाने और विवादास्पद मुद्दों पर चर्चा होगी

एजेंसी

चेन्नई। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) की गोवा में होने वाली बहुप्रतीक्षित वार्षिक आम बैठक में कुछ विवादास्पद मुद्दों के अलावा, 2030 शतरंज ओलंपियाड की भारत द्वारा मेजबानी और अन्य अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों सहित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। आमतौर पर, एआईसीएफ की वार्षिक आम बैठक जून में होती है, लेकिन इस बार यह 30 अक्टूबर को गोवा में होगी, जहां फिडे विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। पता चला है कि लेखापरीक्षित खातों को वार्षिक आम बैठक की सूचना और कार्यसूची के साथ सदस्यों को वितरित नहीं किया गया है। कार्यसूची के विषयों में से एक 2030 शतरंज ओलंपियाड और अन्य अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी के लिए रुचि पत्र आमंत्रित करना है। 44वां शतरंज ओलंपियाड 2022 में चेन्नई में आयोजित किया गया था, और अब विश्व कप गोवा में आयोजित किया जा रहा है। भारत ने इस वर्ष नई दिल्ली में एक अन्य अंतर्राष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट, फिडे महिला ग्रां प्री सीरीज - पांचवें चरण की भी मेजबानी की। यह अलग बात है कि एआईसीएफ ने हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप की दयनीय परिस्थितियों पर आँखें मूंद लीं। हालाँकि, वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के एजेंडे में प्रमुख घरेलू टूर्नामेंटों के लिए खेल की स्थिति में सुधार की बात नहीं की गई है। एजीएम के एजेंडे में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के मामलों पर भी चर्चा की गई है। कुछ साल पहले, सीसीआई ने एआईसीएफ के खिलाफ फैसला सुनाया था। सीसीआई ने शतरंज खिलाड़ियों पर लगाई गई कुछ शर्तों को अवैध माना था। सीसीआई ने एआईसीएफ पर वित्तीय जुर्माना भी लगाया था। एआईसीएफ ने सीसीआई के आदेश के खिलाफ अपील की थी। यह ज्ञात नहीं है कि एआईसीएफ ने 6.92 लाख रुपये का जुर्माना चुकाया या नहीं।

# नोएल टाटा, दो अन्य ने मेहली मिस्त्री की ट्रस्टी के रूप में पुनर्नियुक्ति के खिलाफ किया मतदान

एजेंसी

नयी दिल्ली। टाटा ट्रस्ट्स के चेयरमैन नोएल टाटा और उनके करीबी माने जाने वाले दो अन्य प्रभावशाली न्यासियों ने मेहली मिस्त्री की ट्रस्टी के रूप में पुनर्नियुक्ति के खिलाफ मतदान किया है। मामले से अवगत लोगों ने यह जानकारी दी। इससे टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी को नियंत्रित करने वाली परोपकारी इकाई में दरार और गहरी हो गई। टाटा समूह के संरक्षक रतन टाटा का पिछले साल निधन होने के बाद नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट्स का प्रमुख नियुक्त किया गया था। मेहली मिस्त्री को दिवंगत रतन टाटा के करीबी माना जाता है। मामले से अवगत लोगों ने बताया कि टीवीएस मोटर कंपनी के मानद चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन और पूर्व रक्षा सचिव विजय सिंह ने मंगलवार को मिस्त्री की न्यासी (ट्रस्टी) के रूप में पुनः नियुक्त किए जाने के खिलाफ मतदान किया। मिस्त्री का तीन साल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद यह मतदान हो रहा था। उन्होंने बताया कि हालांकि मिस्त्री के करीबी तीन अन्य न्यासी.. सिटीबैंक इंडिया के पूर्व सीईओ प्रमित झावेरी, मुंबई के वकील डेरियस खंबाटा और पुणे के समाजसेवी जहांगीर एच. सी. जहांगीर ने उनकी पुनर्नियुक्ति का समर्थन किया। यह विभाजन हाल ही में आम सहमति से संचालित दृष्टिकोण से एक स्पष्ट बदलाव का प्रतीक है। टाटा ट्रस्ट्स में नोएल टाटा और मेहली मिस्त्री दो प्रमुख केंद्र हैं। टाटा ट्रस्ट्स की टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी में बहुलांश हिस्सेदारी है। नोएल टाटा को श्रीनिवासन और पूर्व रक्षा सचिव विजय सिंह का समर्थन प्राप्त है जबकि अन्य तीन मिस्त्री के साथ हैं। दोनों समूहों के बीच मतभेद सितंबर में तब सामने आए जब मिस्त्री और तीन अन्य न्यासियों झावेरी, खंबाटा और जहांगीर ने टाटा संस के निदेशक मंडल में टाटा ट्रस्ट्स के प्रतिनिधि पद से सिंह को हटाने के लिए मतदान किया।

# भारतीय दवा एवं स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सितंबर तिमाही में 3.5 अरब डॉलर के सौदे हुए: रिपोर्ट

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय दवा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में इस साल जुलाई-सितंबर तिमाही में 3.5 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के कुल 72 सौदे हुए। ग्रांट थॉर्नटन भारत के डीलट्रैकर के अनुसार, इसमें 42.8 करोड़ डॉलर मूल्य के तीन आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) और 8.8 करोड़ डॉलर मूल्य का एक पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) शामिल है। ग्रांट थॉर्नटन भारत ने बयान में कहा कि सार्वजनिक बाजार गतिविधियों को छोड़कर 68 लेनदेन में निजी सौदों का मूल्य तीन अरब डॉलर रहा। यह उछाल 2.6 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के सात उच्च मूल्य सौदों के कारण हुआ। इसमें कहा गया कि इस तिमाही का सबसे उल्लेखनीय सौदा टोरेंट फार्मा द्वारा जेबी केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स में 46 प्रतिशत हिस्सेदारी का 1.4 अरब डॉलर में अधिग्रहण रहा। इससे उच्च वृद्धि वाले चिकित्सीय खंडों और 'क्रोनिक केयर' बाजारों में इसकी स्थिति मजबूत हुई। ग्रांट थॉर्नटन भारत के साझेदार भानु प्रकाश कलमथ एस. जे. ने कहा, '' तीसरी तिमाही में सौदों ने जोर पकड़ा जो क्षमता और नवाचार-आधारित निवेश के स्वस्थ मिश्रण से प्रेरित रहे। उन्होंने कहा कि रणनीतिक समेकन द्वारा समर्थित औषधि एवं जैव प्रौद्योगिकी में गति, भारत की जीवन विज्ञान क्षमता में बढ़ते विश्वास का संकेत है। विलय एवं अधिग्रहण (एमएंडए) परिदृश्य में 2025 की तीसरी (जुलाई-सितंबर) तिमाही में गतिविधियां बढ़ीं। इसमें 2.5 अरब डॉलर मूल्य के 36 सौदे हुए जो पिछली तिमाही की तुलना में 57 प्रतिशत अधिक है। निजी इक्विटी (पीई) के मोर्चे पर स्वास्थ्य सेवा एवं औषधि क्षेत्र ने 2025 की तीसरी तिमाही में 42.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर मूल्य के 32 सौदे देखे। यह पिछली तिमाही की तुलना में मात्रा के लिहाज से तीन प्रतिशत की गिरावट और मूल्य के हिसाब से 27 प्रतिशत की कमी है। ग्रांट थॉर्नटन भारत ने कहा कि गतिविधियां स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी, कल्याण और औषधि सेवाओं पर केंद्रित रही जिसमें प्रारंभिक एवं मध्य-चरण के निवेश को स्पष्ट प्राथमिकता दी गई।

# सौर ऊर्ज़ा केवल बिजली उत्पादन ही नहीं बल्कि सशक्तिकरण और समावेशी विकास का माध्यम: मुर्मु

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सौर ऊर्ज़ा को केवल बिजली उत्पादन ही नहीं बल्कि सशक्तिकरण और समावेशी विकास का माध्यम बताते हुए कहा है कि इसका बड़े पैमाने पर इस्तेमाल करते हुए पारिस्थितिक संतुलन पर ध्यान दिये जाने की भी जरूरत है। श्रीमती मुर्मु ने मंगलवार को यहां अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन सभा (आईएसए) के आठवें सत्र के उद्घाटन सत्र का उद्घाटन करते हुए कहा कि आईएसए मानवता की साझा आकांक्षा - समावेशिता, सम्मान और सामूहिक समृद्धि के स्रोत के रूप में सौर ऊर्ज़ा का उपयोग करने का प्रतीक है। राष्ट्रपति ने जलवायु परिवर्तन के खतरे से निपटने के लिए तत्काल और ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता बताई और कहा कि भारत इस संकट से निपटने के लिए प्रतिबद्ध है तथा इस दिशा में ठोस कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि आईएसए सौर ऊर्ज़ा को अपनाने और इसके इस्तेमाल को प्रोत्साहित करके इस वैश्विक चुनौती से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। श्रीमती मुर्मु ने समावेशिता की भारत की अवधारणा का उल्लेख करते हुए कहा कि सुदूर क्षेत्रों में घरों को रोशन कर सरकार ने सामाजिक समानता के अनुरूप कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सस्ती और स्वच्छ ऊर्ज़ा तक पहुंच समुदायों को सशक्त बनाती है, स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देती है, और ऐसे अवसरों के द्वार खोलती है जिनका प्रभाव बिजली की आपूर्ति से कहीं आगे तक है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्ज़ा केवल बिजली उत्पादन ही नहीं, बल्कि सशक्तिकरण और समावेशी विकास का भी प्रतीक है। राष्ट्रपति ने सभी सदस्य देशों से बुनियादी ढांचे से आगे बढ़कर लोगों के जीवन पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया और कहा कि इस सभा को सामूहिक कार्य योजना विकसित करनी चाहिए जो सौर ऊर्ज़ा को रोज़गार सृजन, महिला नेतृत्व, ग्रामीण आजीविका और डिजिटल समावेशन से जोड़े। उन्होंने कहा,'' हमारी प्रगति केवल मेगावाट से नहीं, बल्कि जीवन में रोशनी, मज़बूत परिवारों और समुदायों के जीवन में बदलाव से मापी जानी चाहिए। प्रौद्योगिकी विकास और नवीनतम एवं उन्नत तकनीकों को सभी के साथ साझा करने पर भी ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए ताकि अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके।'' उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि हमें बड़े पैमाने पर सौर ऊर्ज़ा संयंत्रों का विस्तार करते समय यह सुनिश्चित करना चाहिए कि क्षेत्र का पारिस्थितिक संतुलन बना रहे क्योंकि पर्यावरण संरक्षण ही हरित ऊर्ज़ा की ओर रुख़ का मूल कारण है।



श्रीमती मुर्मु ने कहा, '' हमें न केवल अपने देशों के लिए, बल्कि पूरे विश्व के लिए, न केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी अधिक समर्पण के साथ काम करना चाहिए।'' उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस सभा के विचार-विमर्श और निर्णय सौर ऊर्ज़ा के उत्पादन में मील का पत्थर साबित होंगे जो एक समावेशी और समतामूलक विश्व के निर्माण में योगदान देगा।

# आरसीआई ने पुनर्वास शिक्षा में परिवर्तन के लिए की सुधारों की घोषणा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआई) ने पुनर्वास शिक्षा और व्यावसायिक प्रशासन में पुनर्वास के अनुकूल परिवेश में पारदर्शिता, दक्षता और समावेशिता लाने के लिए डिज़ाइन किये गये व्यापक सुधारों की घोषणा की है।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार यह पहल केन्द्र सरकार के जन विश्वास, विश्वास-आधारित शासन और व्यवसाय करने में आसानी के दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिससे नवाचार और डिजिटल परिवर्तन के माध्यम से विद्यार्थियों, पेशेवरों और संस्थानों को सशक्त बनाने के लिए आरसीआई की प्रतिबद्धता की पुष्टि होती है।

आरसीआई ने पहली बार केंद्रीय पुनर्वास पंजीकरण (सीआरआर) जारी करने, नवीनीकरण और योग्यता में वृद्धि के लिए फीस पूरी तरह से समाप्त कर दी है, जिससे विद्यार्थियों और पेशेवरों के लिए यह संपूर्ण प्रक्रिया निःशुल्क हो गयी है। सीआरआर पंजीकरण की वैधता पांच वर्ष से बढ़ाकर सात वर्ष कर दी गयी है और 100 या अधिक सतत पुनर्वास शिक्षा (सीआरई) अंक अर्जित करने वाले उम्मीदवारों के लिए स्वचालित नवीनीकरण प्रणाली शुरू की गयी है। पेशेवर अब नये लॉन्च किये गये डिजिटल डैशबोर्ड के माध्यम से बिना किसी शुल्क के प्रविष्टियों में ऑनलाइन सुधार कर सकते हैं, जबकि संस्थानों को अब सीआरई से जुड़े कार्यक्रमों के लिए प्रोसेसिंग फीस भी नहीं देनी होगी। इसके साथ ही उत्कृष्टता केंद्रों (सीओई) को राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के सीआरई कार्यक्रम संचालित करने के लिए पूर्ण स्वायत्तता प्रदान की गयी है।

आरसीआई ने विनियमन हटाने और गुणवत्ता संवर्धन की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बेहतर प्रदर्शन करने वाले 144 संस्थानों और विश्वविद्यालयों को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में नामित किया है। पहली बार संस्थानों को अपनी तरह की यह विशिष्ट मान्यता दी गयी है, जिसका उद्देश्य शैक्षणिक मानकों का उन्नयन और पुनर्वास शिक्षा में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। इन उत्कृष्टता केंद्रों में राष्ट्रीय संस्थान, समग्र क्षेत्रीय केंद्र, केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालय और आरसीआई के उत्कृष्टता मानकों को पूरा करने वाले अन्य अग्रणी संगठन शामिल हैं। उत्कृष्टता केंद्रों को सात वर्षों की विस्तारित स्वीकृति अवधि, मौजूदा अनुमोदनों के लिए स्वतः विस्तार, और विशेषज्ञ मान्यता पैनल तथा परीक्षा संबंधी भूमिकाओं में विशेष भागीदारी का लाभ मिलेगा, जिससे वे शैक्षणिक मापदण्डों पर खरे उतरेंगे और उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित होगी। आरसीआई ने नियामक प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए अनुमोदन शुल्क में उल्लेखनीय रूप से कमी की है और सामान्य अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) प्रणाली शुरू की है, जिससे अनावश्यक प्रक्रियायें समाप्त हो गयी हैं। एक प्रगतिशील सुधार सूचना तंत्र संस्थानों को पुनः निरीक्षण से पहले छोटी-मोटी खामियों को दूर करने में सक्षम बनायेगा, जबकि वीडियो-आधारित निरीक्षणों की शुरुआत से यह प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और कुशल हो जायेगी। परीक्षा संबंधी सुधारों से एक अधिक निष्पक्ष और छात्र-हितैषी प्रणाली के संबंध में विश्वास की भावना पैदा होगी। प्रश्न पत्र तैयार करने वाले लोगों, मॉडरेटर और परीक्षकों का चयन विशेष रूप से उत्कृष्टता केंद्रों से होगा।

# कुआलालंपुर घोषणा पत्र में पूर्वी एशिया में शांति, स्थिरता और आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता

एजेंसी

कुआलालंपुर। पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के सदस्य देशों ने क्षेत्र में मतभेदों और विवादों का निपटारा अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के अनुसार शांतिपूर्ण तरीकों से करने तथा शांति, स्थिरता और आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने के प्रति वचनबद्धता व्यक्त करते हुए मंगलवार को यहां कुआलालंपुर घोषणा पत्र को आम सहमति से मंजूरी दी। घोषणा पत्र में अंतर्राष्ट्रीय कानूनों पर आधारित बहुपक्षवाद को शांतिपूर्ण और समृद्ध विश्व का आधार बताया गया है।

विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर ने 20 वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया। घोषणा पत्र में कहा गया है कि पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय कानून और उसे बढ़ावा देने में संवाद तथा सम्मेलन की भूमिका बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें कहा गया है, '' हम आपसी समझ, सम्मान, विश्वास और मित्रता को बढ़ाने के महत्व को रेखांकित करते हैं साथ ही अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार शांतिपूर्ण तरीकों से मतभेदों और विवादों का निपटारा करने और क्षेत्र में शांति, स्थिरता और समृद्धि को बनाए रखने, बढ़ावा देने और बनाए रखने के साझा हित को भी रेखांकित करते हैं। '' सदस्य देशों ने कहा है , '' हम संयुक्त राष्ट्र चार्टर सहित अंतर्राष्ट्रीय कानून पर आधारित बहुपक्षवाद के प्रति पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि करते हैं जो शांतिपूर्ण और समृद्ध विश्व का अनिवार्य आधार है। घोषणा पत्र में यह भी कहा गया है कि पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन अंतर्राष्ट्रीय कानून को बढ़ावा देने और उसे कायम रखने के साथ-साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंधों के सिद्धांतों (बाली सिद्धांत) पर 2011 के पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन घोषणापत्र में निर्धारित सिद्धांतों को भी बढ़ावा देता रहेगा। सदस्य देशों ने कहा है कि पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन रचनात्मक, स्पष्ट तथा स्वतंत्र संवाद और विचार-विमर्श के साथ-साथ व्यावहारिक सहयोग के माध्यम के रूप में अपनी भूमिका को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बिहार सरकार दो दशक से घोंट रही है युवाओं का गला : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भाजपा-जद-यू सरकार में बिहार ने सिर्फ दुर्दशा देखी है और पिछले दो दशक के दौरान नीतीश सरकार ने युवाओं की आंकांक्षाओं का सिर्फ गला घोंटा है।

उन्होंने मंगलवार को कहा कि बिहार प्रतिभाओं की खान है और यदि अवसर मिले तो वहां के युवा अपनी काबिलियत और मेहनत के बल पर हर जगह चमक सकते हैं ।लेकिन बिहार में दो दशक से जो सरकार चल रही है उसने वहां के युवाओं को अवसरों की जगह सिर्फ बेरोज़गारी और निराशा दी है। उनका कहना था कि इस वक्त बिहार में बदलाव की बयार चल रही है और बिहार के लोगों का स्वाभिमान जागने लगा है। बदलाव की बयार के इसी हिसाब से इस बार महागठबंधन अपना न्याय संकल्प दोहरा रहा है।

श्री गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में बिहार के युवाओं के साथ हाल ही में हुई अपनी वार्ता का जिक्र करते हुए ''कुछ दिनों पहले बिहार के युवाओं से बहुत दिलचस्प बातचीत हुई जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोज़गार जैसे हर मुद्दे पर चर्चा हुई और इन सब क्षेत्रों की दुर्दशा के लिए सिर्फ एक गुनहगार है, भाजपा-जनता दल-यू सरकार। बिहार के युवा बखूबी जानते हैं कि पिछले 20 सालों में किस तरह इस मोदी-नीतीश सरकार ने उनकी आकांक्षाओं का गला घोंटा है, प्रदेश को लावारिस बनाकर छोड़ दिया है और हर पैमाने पर गर्त में धकेल दिया है। उन्होंने इस संदर्भ में बिहार में शिक्षा की स्थिति का जिक्र करते हुये कहा कि कक्षा 9ऽ10 में ड्रॉपआउट दर में बिहार का देश के 29 राज्यों में 27वां स्थान है जबकि कक्षा 11ऽ12 में नामांकन दर में 28वां स्थान है। इसी तरह से महिला साक्षरता में 28वां स्थान है। सेवा क्षेत्र में रोजगार में 21वां तथा उद्योग/उत्पादन क्षेत्र में रोजगार में 23वां स्थान है। शिशु मृत्यु दर में बिहार 29 राज्यों में 27वें स्थान पर है। बीमा योजना से स्वास्थ्य सुरक्षा में 29 राज्यों में बिहार का 29वां स्थान है जबकि घर में शौचालय की सुविधा में 29वां स्थान है। मानव विकास सूचकांक में 27 राज्यों में 27वां और प्रति व्यक्ति आय में 25 राज्यों में 25वां स्थान है। कांग्रेस नेता ने कहा ''ये सिर्फ आंकड़े नहीं, आईना हैं-वो रियर व्यू मिरर जो दिखा रहा है कि ये 'डबल इंजन' बिहार को प्रगति से कितना पीछे खींच लाई है। जितने भी बिहारी युवाओं से मिला हूं, सभी बेहद होनहार हैं, समझदार हैं। अपनी काबिलियत और मेहनत के बल पर हर जगह चमक सकते हैं। लेकिन सरकार ने उन्हें अवसरों की जगह सिर्फ बेरोज़गारी और निराशा दी है।

# सरकार ने अग्निवीरों के साथ किया धोखा : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने सरकार पर अग्निवीरों के साथ धोखा करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि पहले सेवानिवृत्ति के बाद उन्हें सरकारी नौकरी देने का वादा किया गया था लेकिन अब गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर बताया है कि रिटायर अग्निवीरों को देश की टॉप दस प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसियों में रखा जाएगा।

कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल रोहित चौधरी ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में अधिसूचना को अग्निवीरों के साथ धोखा बताया और कहा कि यह योजना देश की सुरक्षा और युवाओं के लिए घातक है इसलिए इस योजना को खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार हमारे जवानों के साथ सही नहीं कर रही है। ये साफ तौर पर देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ हो रहा है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव से पहले ही 'जय जवान अभियान' चलाया था और अब 'जय जवान अभियान' का दूसरा भाग चल रहा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार कह रहे हैं कि देश को कम प्रशिक्षित सैनिक दिए जा रहे हैं और मोदी सरकार सैनिकों की पेंशन काटकर अपने पूंजीपति मित्रों की तिजोरी भर रही है। कर्नल चौधरी ने कहा ''हम सभी वचनबद्ध हैं कि अग्निवीर योजना देश की सुरक्षा और युवाओं के लिए घातक है, ये खत्म होनी चाहिए। मोदी सरकार अगर ऑपरेशन सिंदूर में अच्छा काम करने वाले सैनिकों को प्रोत्साहन नहीं दे सकती थी तो उन्हें धोखा भी नहीं दिया जाना चाहिए था। मोदी सरकार ने वादा किया था कि हम अग्निवीरों को सेवानिवृत्त होने के बाद सरकारी नौकरी देंगे लेकिन अब गृह मंत्रालय ने अधिसूचना जारी की है- जिसमें बताया गया है कि रिटायर होने वाले अग्निवीरों को देश की टॉप 10 प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी में रखा जाएगा।

# पेज एक का शेष

## उगते सूर्य को अर्घ्य ...

सरयू स्नान कर सूर्यदेव की उपासना में लीन रहे। पारंपरिक गीतों और पूजा-सामग्री से सजे घाटों पर आस्था का ऐसा दृश्य देखने को मिला जिसने पूरे वातावरण को भक्ति से सराबोर कर दिया। बहराइच के झिंगहा घाट, गोलवा घाट, चित्तौरा झील सहित विभिन्न घाटों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। छठव्रती महिलाएँ नए वस्त्रों में सिर पर पूजा सामग्री लिए घाटों पर पहुँचीं और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। देर रात्रि से ही मौसम ख़राब रहा। हल्की बूंदा बांदी के बीच व्रती महिलाओं नें सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर अपना व्रत पूर्ण किया। लखनऊ में गोमती नदी के विभिन्न घाटों पर हजारों की संख्या में व्रतधारी महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की वहीं कानपुर में पनकी और सीटीआई नहर समेत गंगा तट पर बसे विभिन्न घाटों पर चार दिवसीय छठ पर्व धूमधाम से मनाया गया।

## रबी फसलों के लिए फॉस्फ़ेटिक...

आवश्यकता व्यक्त की यह उससे 736 करोड़ रुपए अधिक है। सरकार का मकसद इन घोषणाओं के जरिए किसानों को रियायती, किफायती और उचित मूल्य पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा फॉस्फ़ेटिक और पोटाश उर्वरकों की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में हालिया रुझानों को देखते हुए उर्वरकों पर सब्सिडी को तर्कसंगत बनाना है।

## ईपीएफओ ने सहारा...

रूप में कुल 11,79,11,37,739.70 की देनदारी है। यह वसूली प्रमाणपत्र संख्या UPLKO1412/0013539/06/04/2021/501/35/124302 के तहत दर्ज की गई थी, जिस पर अब ब्याज समेत वसूली की कार्रवाई शुरू हो गई है। ईपीएफओ ने इस बकाया को लेकर अचल संपत्ति की कुर्की का आदेश जारी किया है। संपत्तियों पर लेनदेन पूरी तरह प्रतिबंधित ईपीएफओ ने अपने आदेश में यह भी कहा है कि अब सहारा इंडिया और इसके निदेशक किसी भी अचल संपत्ति को न तो बेच सकते हैं, न गिरवी रख सकते हैं और न ही किसी तीसरे पक्ष को हस्तांतरित कर सकते हैं। बकाया चुकाने का दबाव बढ़ा लखनऊ स्थित सहारा इंडिया भवन को लेकर यह आदेश आने के बाद उन हजारों कर्मचारियों में राहत की उम्मीद जगी है, जो वर्षों से अपनी पीएफ रकम पाने के लिए भटक रहे हैं। ईपीएफओ की इस कार्रवाई को कर्मचारियों के हित में बड़ी राहत माना जा रहा है। अब रिकवरी की प्रक्रिया शुरू होते ही संपत्तियों की नीलामी या मूल्यांकन के जरिए बकाया वसूला जा सकेगा।

## सांप्रदायिक नफरत ...

को अपने हाथ में लेकर साम्प्रदायिक और जातीय द्वेष फैलाने वाले तत्वों की हरकतें ल्लअति-निंदनीयङ्क हैं। ऐसे असामाजिक व आपराधिक कृत्य संवैधानिक सरकार के लिए ल्लखुली चुनौती और खतराङ्क हैं।ङ्क

उन्होंने राज्य सरकारों से अपील की कि वे राज्य की करोड़ों जनता के हित में कानून का राज स्थापित करें और सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों को संरक्षण देने के बजाय उनके खिलाफ तत्काल और कड़ी कार्रवाई ही व्यापक जन व देशहित में है। गौरतलब है कि सिद्धार्थनगर के बीते 16 अक्टूबर को सिद्धार्थनगर जिले के भवानीगंज थाना क्षेत्र के धनखरपुर गांव में एक जनसभा का आयोजन किया गया था। जिसमें भाजपा के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने एक विवादित बयान दे डाला। उन्होंने कहा, ''हमारे समाज की दो लड़कियां वो ले गए, तुम मुसलमानों की 10 लड़कियां लाओ। दो पर 10 से कम मंजूर नहीं हैं और ये घोषित करते हैं जो यह लेकर आएगा, उसके खाने-पीने, नौकरी का इंतजाम हम करेंगे। लेकिन जो यह दो गई हैं, वह हमें पच नहीं रही हैं। मुसलमानों सुन लो, यह हमें पच नहीं रहा है और इसका बदला कुछ भारी होना ही होना है।'' जिसके बाद बयान का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## 46 आईएएस अफसरों का...

मंडलायुक्त होंगे। उ0प्र0 राज्य मानवाधिकार आयोग की सचिव श्रीमती धनलक्ष्मी के0 को महानिदेशक, मत्स्य, उत्तर प्रदेश बनाया गया है। महानिदेशक, सार्वजनिक उद्यम, उत्तर प्रदेश संजय कुमार को वर्तमान पद के साथ सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम तथा प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड डा0 रूपेश कुमार को अब मंडलायुक्त, सहारनपुर बनाया गया है। मंडलायुक्त, सहारनपुर अटल कुमार राय को सचिव, गृह विभाग, उत्तर प्रदेश शासन बनाया गया है। सचिव, राजस्व विभाग, उ0प्र0 शासन, राहत आयुक्त तथा चकबंदी आयुक्त भानु चन्द्र गोस्वामी अब मंडलायुक्त, मेरठ होंगे। मंडलायुक्त, मेरठ डा0 हृषिकेश भास्कर याशोद को सचिव, राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, राहत आयुक्त, उत्तर प्रदेश एवं चकबंदी आयुक्त, उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी दी गई है। मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उ0प्र0 राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण मयूर माहेश्वरी को प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम तथा प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड बनाया गया है। सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग विजय किरन आनंद को वर्तमान पद के साथ मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण, प्रभारी एनआरआई सेल एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, लीडा के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जिलाधिकारी, हाथरस राहुल पाण्डेय को विशेष सचिव, राज्य कर विभाग, उत्तर प्रदेश शासन बनाया गया है। उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण अतुल वत्स को जिलाधिकारी, हाथरस बनाया गया है। जिलाधिकारी, ललितपुर अमनदीप डुली को अपर आयुक्त, मनरेगा, उत्तर प्रदेश बनाया गया है। मुख्य विकास अधिकारी, वाराणसी हिमांशु नागपाल को नगर आयुक्त, वाराणसी बनाया गया है। मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ एवं संभागीय खाद्य नियंत्रक, अलीगढ प्रखर कुमार सिंह को मुख्य विकास अधिकारी, वाराणसी बनाया गया है। उपनिदेशक, मंडी परिषद, लखनऊ योगेन्द्र कुमार को मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ एवं संभागीय खाद्य नियंत्रक, अलीगढ़ बनाया गया है। जिलाधिकारी, सीतापुर अभिषेक आनंद को विशेष सचिव, आबकारी विभाग, उत्तर प्रदेश शासन बनाया गया है। जिलाधिकारी, सिद्धार्थ नगर राजागणपति आर0 को जिलाधिकारी सीतापुर बनाया गया है। विशेष सचिव, राज्य कर विभाग, उत्तर प्रदेश शासन श्रीमती कृत्तिका ज्योत्सना को जिलाधिकारी, बस्ती बनाया गया है। जिलाधिकारी, बस्ती रवीश गुप्ता को प्रबंध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम, मेरठ बनाया गया है। प्रबंध निदेशक पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम, मेरठ श्रीमती ईशा दुहन को प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेड बनाया गया है। प्रबंध निदेशक, उ0प्र0 सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेड कुमार विनीत को विशेष सचिव, युवा कल्याण एवं खेल विभाग, उत्तर प्रदेश शासन बनाया गया है। जिलाधिकारी, चित्रकूट शिवशरणप्पा जीएन को जिलाधिकारी, सिद्धार्थ नगर बनाया गया है। उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण पुलकित गर्ग को जिलाधिकारी, चित्रकूट बनाया गया है। मुख्य विकास अधिकारी, बिजनौर पूर्ण वोहरा को उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण बनाया गया है। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), गाजियाबाद रणविजय सिंह को मुख्य विकास अधिकारी, बिजनौर बनाया गया है। नगर आयुक्त, वाराणसी अक्षत वर्मा को विशेष सचिव, नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन बनाया गया है। नगर आयुक्त, फिरोजाबाद एवं उपाध्यक्ष, फिरोजाबाद शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण ऋषि राज को उपाध्यक्ष, प्रयागराज विकास प्राधिकरण बनाया गया है। मुख्य विकास अधिकारी, कुशीनगर श्रीमती गुंजन द्विवेदी को नगर आयुक्त, फिरोजाबाद तथा उपाध्यक्ष, फिरोजाबाद-शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण बनाया गया है। अपर जिलाधिकारी (फाइनेंस), वाराणसी सुश्री वंदिता श्रीवास्तव को मुख्य विकास अधिकारी, कुशीनगर बनाया गया है। जिलाधिकारी, कौशाम्बी मधुसूदन हुल्गी को विशेष सचिव, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन बनाया गया है। उपाध्यक्ष, प्रयागराज विकास प्राधिकरण अमित पाल को जिलाधिकारी, कौशाम्बी बनाया गया है। मुख्य विकास अधिकारी, रामपुर नन्द किशोर कलाल को उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण बनाया गया है। अपर जिलाधिकारी (वि/रा), अयोध्या महेन्द्र कुमार सिंह को मुख्य विकास अधिकारी, रामपुर बनाया गया है। जिलाधिकारी, बलरामपुर पवन अग्रवाल को विशेष सचिव, गृह विभाग, उत्तर प्रदेश शासन बनाया गया है। विशेष सचिव, मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन विपिन कुमार जैन को जिलाधिकारी, बलरामपुर बनाया गया है। विशेष कार्याधिकारी, कुम्भ मेला प्राधिकरण सुश्री आकांक्षा राणा को नगर आयुक्त, नगर निगम, झांसी बनाया गया है। नगर आयुक्त, नगर निगम, झांसी सत्य प्रकाश को जिलाधिकारी, ललितपुर बनाया गया है। विशेष सचिव, आबकारी विभाग देवेन्द्र कुमार सिंह कुशवाहा को विशेष सचिव, रेशम विभाग, उत्तर प्रदेश शासन बनाया गया है। उपाध्यक्ष, अयोध्या विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पाण्डेय को जिलाधिकारी, श्रावस्ती बनाया गया है। जिलाधिकारी, श्रावस्ती अजय कुमार द्विवेदी को जिलाधिकारी, रामपुर बनाया गया है। जिलाधिकारी, रामपुर जोगिंदर सिंह को विशेष सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन बनाया गया है। मुख्य विकास अधिकारी, महाराजगंज अनुराज जैन को उपाध्यक्ष, अयोध्या विकास प्राधिकरण बनाया गया है। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), मुरादाबाद श्री गुलाब चन्द्र को मुख्य विकास अधिकारी, महाराजगंज बनाया गया है। मुख्य विकास अधिकारी, अमेठी सूरज पटेल को मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद बनाया गया है। संयुक्त निदेशक, मंडी परिषद, लखनऊ सचिन कुमार सिंह को मुख्य विकास अधिकारी, अमेठी बनाया गया है।

## अयोध्या को...

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खुलेंगे और क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या का सड़क, रेल और वायु मार्ग से उत्कृष्ट संपर्क है। यातायात और आतिथ्य क्षेत्र (हॉस्पिटैलिटी सेक्टर) के आधुनिकीकरण से तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को विश्वस्तरीय सुविधा मिलेगी। आवश्यकता है कि लखनऊ, प्रयागराज, गोण्डा और अम्बेडकर नगर मार्ग की ओर बस और ट्रक अड्डों सहित पार्किंग का विकास किया जाए। मुख्यमंत्री ने महायोजना अंतर्गत सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए भी भूमि आरक्षित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीवरेज ट्रीटमेंट और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए नवाचारों को बढ़ावा दें और यथासंभव देसी मॉडल को अपनाया जाए। उन्होने कहा कि अयोध्या का विकास न केवल धार्मिक पर्यटन बल्कि आर्थिक, सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से भी प्रेरक उदाहरण बने। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर परियोजना पर्यावरणीय दृष्टि से सस्टेनेबल हो तथा नदी सरयू के तटों और हरित पट्टियों का संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या आज केवल एक शहर नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का प्रतीक है। इसे ऐसे विकसित किया जाए कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए आस्था, सौंदर्य और समृद्धि का संगम बने। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल के समय में अयोध्या में हो रहे बहुमुखी विकास को देखते हुए अनियोजित प्लाटिंग, बसावट भी देखने को मिल रही हैं। इसे रोका जाना चाहिए। जो कुछ भी हो योजना के अनुरूप और नियमों के अनुकूल होना चाहिए।

## गुरु परंपरा ने भारत...

यात्रा नहीं, बल्कि त्याग, बलिदान और राष्ट्र समर्पण की प्रेरणा देने वाली यात्रा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख गुरुओं का भारत की सनातन परंपरा में योगदान अविस्मरणीय है। गुरु नानक देव जी से लेकर गुरु गोविंद सिंह जी महाराज और उनके चार साहिबजादों ने जिस प्रकार धर्म, देश और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया, वह भारत के इतिहास को नई प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग ढाई सौ वर्षों से गुरु महाराज के पावन चरण पादुकाएं, जो पहले अखंड भारत के हिस्से पाकिस्तान में थीं, अब पटना साहिब में स्थापित की जा रही हैं। दिल्ली से शुरू हुई यह यात्रा पूरे देश में गुरु परंपरा के प्रति सम्मान और गौरव का भाव जगाती जा रही है। उन्होंने कहा कि लखनऊ का यहियागंज गुरुद्वारा इसलिए भी विशेष है क्योंकि गुरु तेग बहादुर जी और गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की स्मृतियां इस स्थान से जुड़ी हैं। यह गुरुद्वारा हमारी साझा आस्था और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। योगी ने सिख समुदाय के प्रति आदर व्यक्त करते हुए कहा कि गुरु परंपरा ने भारत को केवल आस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा, सेवा और बलिदान का आदर्श भी दिया है। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस विरासत को अक्षुण्ण रखें और आने वाली पीढ़ियों तक इसकी प्रेरणा पहुंचाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख समाज की यह यात्रा केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए मार्गदर्शन है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे इस ल्लगुरु चरण यात्राङ्क को राष्ट्रीय एकता और आध्यात्मिक जागरण के संदेश के रूप में आगे बढ़ाएं। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, यूपी कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परबिंदर सिंह के अलावा गुरुद्वारा कमेटी के पदाधिकारी व कई जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

## समुद्री क्षेत्र की चुनौतियों ...

पर अपने विचार रखे। इस सत्र में यह बात सामने आई कि जलवायु परिवर्तन के संयुक्त प्रभाव मूल्यांकन और इसके प्रभावों को कम करने के लिए एक अखिल-क्षेत्रीय कार्य योजना तैयार करने की जरूरत है। इससे पहले नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने भारत के आर्थिक विकास और सुरक्षा के लिए समुद्री क्षेत्रों, विशेष रूप से हिन्द प्रशांत के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत की 'महासागर' की समुद्री नीति क्षेत्र में सभी के लिए समृद्धि और सुरक्षा की परिकल्पना करती है। उन्होंने इस लक्ष्य को हांसिल करने के लिए सहयोग और समन्वय को मुख्य साधन बताया। नौसेना प्रमुख ने कैप्टन के एस विक्रमादित्य द्वारा लिखित और नेशनल मैरीटाइम फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित 'फ्यूचर मैरीटाइम वॉरफ़ेयर' नामक पुस्तक का भी विमोचन किया। इस संवाद कार्यक्रम में 19 देशों के 40 जाने-माने विशेषज्ञ हिस्से ले रहे हैं। इस कार्यक्रम का आयोजन नौसेना और नेशनल मैरीटाइम फाउंडेशन ने मिलकर किया है।

# उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ महापर्व छठ का समापन

## पटना में एख्र नीतीश ने दिया 'उषा अर्घ्य'

कैनविज टाइम्स संवाददाता







पटना। बिहार की राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में चार दिवसीय छठ महापर्व का मंगलवार सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ अनुष्ठान संपन्न हो गया। एक अणे मार्ग में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी अपने परिवार के सदस्यों के साथ उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित किया। राजधानी पटना सहित मुजफ्फरपुर, दरभंगा, पूर्णिया,भागलपुर तथा अन्य जिलों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने नदियों के तटों और गंगा घाटों पर सूर्य देव और छठी मैया को अर्घ्य दिया। इससे पहले छठ महापर्व के अवसर पर सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा तट पर एकत्र हुए और डूबते सूर्य को शाम का अर्घ्य अर्पित किया। पूरा वातावरण भजन-कीर्तन से गूंज उठा। पटना के काली घाट, कदम घाट, पटना कॉलेज घाट और कृष्णा घाट पर जल में तैरती दीपमालाओं की चमक और पूजा-अर्चना की गूंज ने मनमोहक दृश्य उत्पन्न किया। सूर्य भगवान की स्तुति में भजन भी गाए गए। जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पटना के घाटों पर कपड़े बदलने की व्यवस्था समेत सुरक्षा के विभिन्न उपाय किए गए। आज (मंगलवार) उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में उदयीमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के लिए पटना में 78 घाटों पर व्रती ने अर्घ्य दिया। 60 कृत्रिम तालाब भी बनाए गए । चार दिवसीय छठ महापर्व के मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए। राजधानी के 35 गंगा घाटों पर कुल 187 कैमरे लगाए गए। साथ ही, पटना जिले में गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के 550 घाटों पर छठ व्रत किया गया। इन घाटों पर 444 गोताखोर तैनात किए गए। जिले के सभी शहरी और ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में नोडल चिकित्सा पदाधिकारियों की तैनाती की गई। उल्लेखनीय है कि सोमवार को राजनीतिक गतिविधियों में छठ पर्व की वजह से कुछ ठहराव रहा। विपक्षी महागठबंधन मंगलवार को अपना घोषणा पत्र जारी करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान सहित अधिकतर राजनेता सोमवार को अपने-अपने घरों में रहकर परिवार के साथ राज्य के इस लोकप्रिय त्योहार श्रद्धा पूर्वक मनाते नजर आए।

## संक्षिप्त समाचार

### मोहाली के उपायुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने की नशा मुक्ति यात्रा की समीक्षा

**मोहाली।** पंजाब सरकार के 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान के तहत उपायुक्त कोमल मित्तल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरमनदीप सिंह हांस ने मंगलवार को एक संयुक्त बैठक में जिले में चल रही नशा मुक्ति यात्रा और सामाजिक लामबंदी से जुड़ी पहल की प्रगति की समीक्षा की। बैठक को संबोधित करते हुए सुश्री मित्तल ने बताया कि नशा मुक्ति यात्रा अब तक जिले के लगभग सभी गांवों और वार्डों में पहुंच चुकी है। इससे लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया है और युवाओं को नशे की लत से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में ग्राम एवं वार्ड रक्षा समितियों का गठन पूरा कर लिया गया है। सुश्री मित्तल ने कहा कि अगले चरण में इन समिति सदस्यों के लिए छह और सात नवंबर को प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये जायेंगे। प्रत्येक दिन दो सत्र होंगे, एक सुबह और एक दोपहर में। इन सत्रों में सदस्यों को उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी जायेगी। उन्होंने कहा कि अब सदस्यों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होगी। उन्हें नशे से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान करनी होगी और 'युद्ध नशों विरुद्ध' मोबाइल ऐप के माध्यम से नशे की तस्करी से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना देनी होगी। उपायुक्त ने सिविल और पुलिस अधिकारियों को इन समितियों के साथ निकट समन्वय बनाये रखने के निर्देश दिये, ताकि किसी भी क्षेत्र में अवैध नशा गतिविधियों को रोका जा सके। श्री हांस ने कहा कि पुलिस विभाग नशा विरोधी मिशन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि कई नशा पीड़ितों का इलाज सरकारी नशा मुक्ति केंद्र, सेक्टर-66 में चल रहा है, जबकि अन्य ओपियोइड असिस्टेड ट्रीटमेंट केंद्रों के माध्यम से उपचार प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि नशे की आपूर्ति कड़ी तोड़ने के लिए तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने सभी उपाधीक्षकों को निर्देश दिया कि वे मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार, स्थानीय समितियों के सहयोग से 'नशा मुक्त पंजाब' के सपने को साकार करने के लिए सक्रियता से काम करें।

### जालंधर में जग्गू भगवानपुरिया गिरोह के सदस्यों से छह और पिस्तौल बरामद

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर आयुक्तालय पुलिस ने जग्गू भगवानपुरिया गिरोह के गिरफ्तार बदमाशों, मनकरन सिंह देओल, सिमरनजीत सिंह और जयवीर सिंह से छह और पिस्तौल (.32 बोर) बरामद किए हैं। इस मामले में कुल बरामद किये गये पिस्तौलों की संख्या आठ हो गई है। इससे पहले 2 पिस्तौलें बरामद की गई थीं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने मंगलवार को बताया कि प्रारंभिक जाँच से पता चलता है कि आरोपी जग्गू भगवानपुरिया गिरोह के करीबी सहयोगी हैं और उन्हें यह खेप मध्य प्रदेश से मिली थी। वे आपराधिक गिरोहों को हथियार आपूर्ति करने में शामिल थे। आरोपियों के खिलाफ थाना रामा मंडी में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और इनके किस किस से संबंध है इसकी जाँच जारी है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस संगठित अपराध पर अंकुश लगाने, अवैध हथियारों की आपूर्ति श्रृंखला को रोकने और पंजाब की सुरक्षा और शांति सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है।

### युवक की चाकू घोंपकर हत्या, मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के सीमापुरी इलाके में सोमवार देर रात झगड़े के दौरान युवक की चाकू से घोंपकर हत्या कर दी गई। जांच में मृतक की पहचान अकबर अली मिर्ज़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने उक्त मामले में दो आरोपितों को हिरासत में लिया है। जिनस पुलिस पूछताछ कर रही है। शाहदरा जिले के पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने मंगलवार को ताया किब सोमवार रात करीब 11:56 बजे सीमापुरी थाना पुलिस को पीसीआर कॉल के जरिए झगड़े की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शिकायतकर्ता फरीन, जो मृतक अकबर अली की पत्नी हैं, ने बताया कि मोहल्ले का ही एक युवक मुस्लिम (18) उस पर अशोभनीय टिप्पणी कर रहा था। जब उसने विरोध किया तो युवक ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट भी की। इसी दौरान उसका पति अकबर अली बीच-बचाव के लिए पहुंचा। तभी मुस्लिम का मामा भी वहां आ गया और दोनों ने मिलकर अकबर अली पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में अकबर अली को कई गंभीर चोटें आईं और अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच में पता चला है कि मृतक अकबर अली सीमापुरी थाने का बीसी था। फिलहाल क्राइम ब्रांच और एफएसएल की टीमों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। मामला छेड़छाड़ और हत्या के तहत दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

### नगर निगम के 12 वार्डों में उपचुनाव की घोषणा

**नई दिल्ली।** दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निगम के 12 वार्डों में रिक्त पड़ी पार्षद सीटों को भरने के लिए उपचुनाव की घोषणा की है। मतदान 30 नवंबर (रविवार) को होगा और 3 दिसंबर (बुधवार) को नतीजे आयेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार उपचुनाव इन वार्डों में होंगे- मुंडका, शालीमार बाग-बी (महिला), अशोक विहार (महिला), चांदनी चौक, चांदनी महल, द्वारका-बी (महिला), दिचाऊं कलां (महिला), नारायणा, संगम विहार-ए, दक्षिण पुरी (एससी), ग्रेटर कैलाश (महिला) और विनोद नगर। नामांकन प्रक्रिया 3 नवंबर से शुरू होगी और 10 नवंबर तक नाम दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन की जांच 12 नवंबर को होगी तथा 15 नवंबर तक नाम वापिस लिए जा सकते हैं। वहीं मतदान सुबह 7:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक होगा।

### मोरी मटेना बस्ती में आजादी के 78 साल बाद नहीं भी पहुंची बिजली

**उत्तरकाशी।** 21 वीं सदी के भारत में उत्तरकाशी जिले के गोविंद वन्य जीव विहार राष्ट्रीय पार्क क्षेत्र के अंतर्गत सीमांत सटुड़ी गांव के मटेना नामी तोक में बिजली का बल्ब नहीं जला। मटेना में अनुसूचित जाति के लोग स्वतंत्र भारत के 78 वर्ष में अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर है। एक ओर जहां देश के लोग 5जी ओर सिक्स जी की चकाचौंध में है वही ऐसे भी क्षेत्र है जहां बिलजी का बल्ब तक नहीं जला। ग्रामीणों का कहना है कि शासन प्रशासन से लेकर विभाग के उच्च अधिकारियों तक तमाम गुहार लगाने के बाद भी यहां बिजली नहीं पहुंच पायी हैं । उनकी उपेक्षा से स्थानीय लोगों में काफी नाराजगी है। सटूडी गांव के मटेना बस्ती मैं अनुसूचित जाति के 35 परिवार निवास करते हैं जो सदियों से अंधेरे में जीवन यापन करने को मजबूर हैं । ग्राम प्रधान ज्ञान सिंह ने बताया कि लोग बहुत परेशान हैं।

## उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पूजा की विदाई, जल ग्रहण कर व्रत का किया पारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। लोक आस्था के महापर्व छठ का मंगलवार को समापन हो गया। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ पिछले तीन दिनों से मनाया जा रहा छठ पर्व सम्पन्न हो गया। ऊषा अर्घ्य प्रदान करने के साथ ही छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास भी खत्म हो गया।

गौरतलब है कि लोक आस्था के महापर्व छठ के चौथे एवं अंतिम दिन तड़के ही घाटों पर छठ व्रतियों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया। ऊषा अर्घ्य प्रदान करने के लिए व्रती महिलाओं ने घंटों जल में खड़े होकर भगवान सूर्य नारायण के उगने का इंतजार किया। जैसे ही सूर्य नारायण प्रकट हुए सभी व्रतियों ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु और जीवन में ऊर्जा की कामना की। इसी के साथ छठ पर्व का समापन हो गया। बताते चलें कि चार दिवसीय यह पर्व 25 अक्टूबर को नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ था। मंगलवार को 28 अक्टूबर को संपन्न हो गया। सूर्य देव को अर्घ्य देने के बाद व्रती घर लौटकर श्रद्धापूर्वक व्रत का पारण किया। वरिष्ठ समाजसेवी रंजीता झा ने कहा कि 36 घंटे के निर्जला उपवास के बाद यह क्षण भक्ति और संतोष से भरा होता है। परंपरा के अनुसार, व्रत का पारण कच्चे दूध का शरबत, ठेकुआ या गुड़-चावल की खीर खाकर करती है। वहीं कुछ महिलाएं पूजा स्थल पर दीप जलाकर छठी मईया का आभार प्रकट करती हैं और फिर परिवार सहित प्रसाद ग्रहण करती हैं। पारण के दौरान ठेकुआ, कसरी, खीर, फलाहार और तुलसी जल का विशेष महत्व होता है। सबसे पहले व्रती तुलसी के पत्ते से जल ग्रहण करते हैं और फिर छठी मईया को प्रणाम कर प्रसाद खाकर व्रत तोड़ती हैं। धर्मनगरी के सभी घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। छठ गीतों की मधुर धुन को सुनकर लोग प्रफुल्लित दिखाई दिए। घाटों पर जमकर आतिशबाजी की गई। पूर्वांचल उत्थान संस्था, पूर्वांचल महासभा, पूर्वांचल उत्थान सेवा समिति, पूर्वांचल भोजपुरी महासभा, छठ पूजा समिति हरिपुर कलां, बिहारी महासभा, पूर्वांचल जनजागृति संस्था के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों सासंद त्रिवेन्द्र सिंह रावत, नगर विधायक मदन कौशिक, रानीपुर विधायक आदेश चौहान, ज्वालापुर विधायक इं रवि बहादुर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

## छठ घाटों पर मतदाता जागरूकता अभियान, मतदान में शामिल होने की अपील

पटना। निर्वाचन आयोग की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा छठ महापर्व के अवसर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न छठ पूजा घाटों पर मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से बैनर, पोस्टर और फ्लेक्स लगाए गए। इन पर नागरिकों से आगामी मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की गई है। लोक आस्था के इस महापर्व को देखते हुए प्रशासन ने छठ पूजा जैसे जनसंपर्क के व्यापक अवसर को मतदाता जागरूकता से जोड़ते हुए विशेष पहल की है। इस दौरान घाटों पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को यह संदेश दिया गया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में भी वे उसी श्रद्धा और जिम्मेदारी से भाग लें, जैसे छठ पर्व में करते हैं। मतदान केवल अधिकार नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का दायित्व भी है। इसलिए हर मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को सशक्त बनाना चाहिए।

## छठ घाट पर अर्घ्य के समय युवक को मारी गोली, घायल अवस्था में किया गया रेफर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अररिया। जिले के नरपतगंज प्रखंड के सोनापुर में सुबह के अर्घ्य देने के समय सूरज यादव नामक युवक को अज्ञात बदमाशों ने घाट पर गोली मार दी। जिससे वह घाट पर गिर गया और घाट पर मौजूद लोग उसे उठाकर फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल लाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद युवक को रेफर कर दिया गया है। युवक के बाएं जांघ के पास गोली लगी है। बदमाश पांच से छह की संख्या में बताए जा रहे हैं, जो घटना को अंजाम देने के बाद घटनास्थल से निकल भागे। युवक सूरज यादव मूल रूप से नरपतगंज के पलासी का रहने वाला है और सोनापुर अपने बहनोई विजय यादव के घर बीते शाम को छठ पूजा में शामिल होने के लिए गया था। घटना की जानकारी मिलने के बाद नरपतगंज थानाध्यक्ष संजय कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे और घटना को लेकर पीड़ित युवक से जानकारी ली। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है और आरोपितों की शिनाख्त कर उसकी गिरफ्तारी के लिए विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। घायल सूरज यादव ने बताया कि वह सोमवार की शाम को छठ पूजा में शामिल और अर्घ्य देने को लेकर सोनापुर वार्ड संख्या 12 में रहने वाले विजय यादव के घर पर गया हुआ था। अहले सुबह में घाट पर दौरा लेकर बुढ़ी नदी घाट पर गया हुआ था और वही खड़ा था। अचानक अर्घ्य देने के समय उसे पीछे से गोली मार दी गईवौर वह वहीं नीचे गिर गया।

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हाथी घाट पर उगते सूर्य को दिया अर्घ्य छठ मैया से दिल्लीवासियों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को आईटीओ स्थित हाथी घाट पर उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान के साथ दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और लक्ष्मी नगर विधायक मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने दिल्ली के ढाई करोड़ लोगों के लिए छठ मैया से सुख समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने यहां छठव्रतियों को संबोधित किया। रेखा गुप्ता ने कहा कि इस बार लोगों को यमुना स्थित घाटों पर पूजा करने का मौका मिला, पहले उन्हें मजबूरी में इधर-उधर छठ मैया की पूजा करनी पड़ी थी। दिल्ली सरकार ने इस बार 17 मॉडल घाटों के साथ-साथ 1300 से ज्यादा घाटों पर सारी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार दिल्ली पूरी तरह से छठ में हो गई है। देश भर में दिल्ली की छठ की चर्चा है। उन्होंने कहा कि छठ पूजा का प्रातः अर्घ्य हमें स्मरण कराता है कि प्रत्येक नया दिन एक नई शुरुआत का अवसर लेकर आता है। सूर्यदेव को अर्पित यह अर्घ्य जीवन में ऊर्जा भरता है, विश्वास जगाता है और अनुशासन की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज छठ पूजा के पावन अवसर पर दिल्ली की यमुना भी उसी दिव्य ऊर्जा से आलोकित हो रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के साथ विकसित विकसित दिल्ली का सपना भी पूरा होगा।


## राज्य निर्माण रजत जयंती पर जनपद में होंगे कई कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती और सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर पूरे जिले में कई कार्यक्रम होंगे। इन कार्यक्रमों को प्रशासन अंतिम रूप देने में जुटा है। इस संबंध में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने मंगलवार को एक बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की।

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी मूयर दीक्षित ने कहा कि जनपद में भव्य कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। 2 से 9 नवंबर के बीच विशेष स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य कैम्प व सिंगल यूज पॉलीथीन के विरूद्ध अभियान चलाया जाए। सभी अधिशाषी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में हैल्प डेस्क स्थापित कर जनता की समस्याओं का निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्तराखण्ड की कला और संस्कृति का संगम देखने को मिले तथा राष्ट्रभक्ति पर आधारित सांस्कृति कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र ने बताया कि 25वें राज्य स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर जनपद हरिद्वार में विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। 2 से 9 नवंबर तक रजत जयंती सप्ताह के रूप में मनाए जाएगा। जिसमें 2 नवंबर को योग महोत्सव एवं स्वच्छता सप्ताह चलाया जाएगा, 3 नवंबर को स्वदेशी से आत्मनिर्भरता विषय पर निबंध प्रतियोगिता कराई जानी है, जिसमें बड़े स्तर पर स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगी। 4 नवंबर झिलमिल झील, वर्ल्ड वाचिंग, मेरे बुर्जुग मेरे तीर्थ कार्यक्रम तथा रुड़की में कयाकिंग आयोजित की जाएगी तथा रुड़की में उद्योग विभाग द्वारा उद्योग कैंप, स्किल इंडिया, रोजगार मेला कैंप आयोजित किए जाएंगे। 5 नवंबर को युवा महोत्सव जनपद स्तर पर कराया जायेगा एवं हॉकी मैच रोशनाबाद स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। साथ ही साइकिल रैली सीसीआर से चीला तक आयोजित की जाएगी तथा फिट इंडिया कैंप, क्रॉस कंट्री रेस प्रत्येक ब्लॉक में कराई जानी है। सीडीओ मिश्र ने बताया कि 6 नवंबर को संत सम्मेलन होगा। राज्य के विकासखंडों एवं निकायों में गीतापाठ, गीता एवं मानस प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। 7 नवंबर को किसान सम्मेलन, कृषि गोष्ठी, क्रेडिट कैंप तथा मुख्य कार्यकम में गोष्ठी हरिद्वार में एवं समस्त विकासखंडों में आयोजित की जाएगी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063